सुप्रभात
रांची, शनिवार
07.09.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

गणेश चतुर्थी
की शुभकामनाएं

khabarmantra.net भादो, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 59

06 मोदी सरकार के खिलाफ फर्जी आर्थिक आख्यानों का जवाब



ऊर्जा विभाग अंतर्गत

मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना

हर माह 200 यूनिट बिजली मुफ्त

जे.बी.वी.एन.एल से व्हाट्सएप नंबर पर जुड़ें
9431135503

200 यूनिट तक बिजली उपभोग करने वाले उपभोक्ताओं का बकाया बिजली बिल माफ

मुख्य बिन्दु

- **आर्थिक रूप से कमजोर घरेलू उपभोक्ताओं** को इस योजना का लाभ मिलेगा।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना के तहत सभी तरह के शुल्क यथा **Energy Charge, Fixed Charge, Electric Duty, FPPPA Charge** आदि की छूट 200 यूनिट तक मासिक खपत करने वाले घरेलू उपभोक्ताओं को प्रदान की जाएगी।
- यह योजना **जुलाई 2024** के बिलिंग माह से लागू की जाएगी।
- **33,07,294** ग्रामीण घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।
- **6,37,095** शहरी घरेलू उपभोक्ता लाभान्वित होंगे।
- 200 यूनिट प्रति माह मुफ्त बिजली योजना हेतु झारखण्ड सरकार प्रतिमाह लगभग **₹350 करोड़ सब्सिडी** के रूप में झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड को उपलब्ध करायेगी।
- करीब **40 लाख** घरेलू उपभोक्ता को लाभान्वित करने का लक्ष्य।

टॉल फ्री हेल्पलाइन नंबर:
1912/1800-123-8745/1800-345-6570

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PRNO 335079 (Energy) IPRD 24-25

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

एसएलबीसी की हाउसिंग फाइनेंस उप समिति की बैठक में खुलासा

एसबीआई और बीओआई ने राज्य में एक भी पीएमएवाई लोन नहीं किया स्वीकृत

- सचिव ने गरीबों के आवास ऋण में अग्रणी बैंकों की रूचि नहीं लेने पर जतायी नाराजगी
- एक मात्र केनरा बैंक ने 1200 लाभुकों को गृह ऋण प्रदान किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभुकों को प्रमुख अग्रणी बैंकों द्वारा ऋण नहीं दिये जाने को लेकर नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होने बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि अगली बैठक तक लक्ष्य हर हाल मे पूरा कर लिया जाये। श्री कुमार शुक्रवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार राज्य सतरीय बैंकर्स आवासीय उप समिति की बैठक में बोल रहे थे। बैठक में राज्य के सभी बैंकों द्वारा गृह ऋण स्वीकृति की प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा में बैंकों के द्वारा हाउसिंग फाइनेंस विशेष कर प्राथमिकता क्षेत्र में किये जा रहे निम्न स्तरीय प्रदर्शन पर प्रधान सचिव ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश दिया कि अगली बैठक में लक्ष्य एवं उपलब्धि विषय पर समीक्षा की जायेगी। प्रदर्शन में सुधार नहीं होने पर वित्त विभाग को सूचित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लाभुकों विशेषकर 5 लाख से नीचे के गृह ऋण स्वीकृत करने में बैंक रुचि नहीं ले रहे हैं।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के किफायती आवास परियोजनाओं के इच्छुक लाभुकों के निकायवार गृह ऋण आवेदन की स्वीकृति एवं लंबित आवेदनों की समीक्षा विशेष तौर पर की गयी। उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ इंडिया एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा द्वारा अभी तक योजनांतर्गत एक भी गृह ऋण की स्वीकृति प्रदान नहीं किया गया है, जो अत्यंत खेदजनक है। एक मात्र केनरा बैंक द्वारा 1200 लाभुकों को राज्य में गृह ऋण प्रदान किया गया है। उन्होंने राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति एवं नगरीय प्रशासन निदेशालय बैंकों के लिए अलग से लक्ष्य निर्धारित करने का निर्देश दिया। सभी निकाय बैंकों से समन्वय कर आवास मेला का आयोजन करें। इसके अलावा दीनदयाल योजना, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं पीएम स्वानिधि योजना के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों एवं फुटपाथ विक्रेताओं को ऋण स्वीकृति में बैंकों के प्रदर्शन एवं सम्बंधित समस्याओं पर चर्चा की गई।

बैठक में विशेष रूप से नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक सत्येंद्र कुमार एवं जमशेदपुर अक्षेस, धनबाद नगर निगम, देवघर नगर निगम, मधुपुर नगर परिषद एवं सरायकेला नगर पंचायत के नगर प्रशासक सहित राज्य के सभी प्रमुख बैंकों के राज्य स्तरीय पदाधिकारी सम्मिलित थे। संचालन स्टेट बैंक आफ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक कमलेश मंडल ने किया।

झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर कसी कमर, 9 को जदयू कार्यसमिति की बैठक

झारखंड में जदयू लड़ रहा अस्तित्व की लड़ाई

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा रहेंगे मौजूद

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर इस बार जेडीयू ने भी कमर कस रखी है। पार्टी की ओर से लगातार मंथन का दौर जारी है। इसको लेकर 9 सितंबर को जदयू ने रांची में एक बड़ी बैठक बुलाई है। बैठक में जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी समेत कई बड़े नेता के शामिल होने की संभावना है।

मालूम हो कि झारखंड में जदयू अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। हालत यह है कि पार्टी के पास ना तो अपना चुनाव चिन्ह है और ना ही संगठनात्मक मजबूती। ऐसे में आगामी विधानसभा चुनाव पार्टी के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। एनडीए फोल्डर में रहकर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे झारखंड जदयू ने विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखकर प्रदेश कार्यसमिति की आवश्यक बैठक 9 सितंबर को बुलाई है।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद खीरु महतो के अनुसार यह बैठक सामान्य से अलग होगी जिसमें पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा, प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी, श्रवण कुमार जैसे नेताओं की मौजूदगी में विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनेगी। आगामी 9 सितंबर रविवार को पुराना विधानसभा सभागार में यह बैठक बुलाई गई है जिसमें प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो के अलावे हाल ही में पार्टी में शामिल होने वाले विधायक सरयू राय आदि नेता मौजूद रहेंगे।

कई नेता बनाये गये कार्यसमिति सदस्य

प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो ने संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए कई नेताओं को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नियुक्त किया है। जिन्हें विधानसभा चुनाव में जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

नियुक्त कार्यसमिति सदस्यों में अशोक निगम, जेपी सिंह, विजय सिंह कुशवाहा, गीता देवी, केदार भुइयाँ, मुबारक अंसारी, नेपाल महतो, कार्तिक कुमार कम्हे, मुन्ना सिन्हा, प्रफुल माँझी, रत्ना शर्मा, अल्पना बोस, महेश्वर चौधरी, अशोक शर्मा, सुशील कुमार मंगलम, यशवंत सिंह, सीताराम रवानी प्रमुख है। इसके आलावा खीरू महतो ने पूर्व मंत्री सुधा चौधरी को विशेष आमंत्रित सदस्य एवं आमंत्रित सदस्य में हाजी हसीब खान, केबी सहाय, शैलेंद्र महतो, आशा शर्मा, ब्रम्हदेव प्रसाद, उचित महतो, योगेश शर्मा, अक्षय सिंह एवं धनंजय सिन्हा को मनोनीत किया है।

खबर एक नजर में

मुख्यमंत्री ने सुनी जनसमस्यायें

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में पहुंचे आमजनों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। मौके पर मुख्यमंत्री ने लोगों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण करने का निर्देश पदाधिकारियों को दिया।

सीएम से मिले रांची विवि के कुलपति

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

उत्पाद सिपाही बहाली : केंद्रों पर तीन-तीन एम्बुलेंस, बीपी मशीन और ऑक्सीमीटर होंगे

रांची। झारखंड उत्पाद सिपाही बहाली के लिए विभिन्न केंद्रों में अब प्रत्येक केंद्रों पर कम से कम तीन-तीन एंबुलेंस, प्रयाप्त मात्रा में ऑक्सीमीटर और बीपी मापने की मशीन उपलब्ध करायी जायेगी। इसके अलावा सभी केन्द्रों पर पानी और ओआरएस की व्यवस्था की जायेगी। यह दौड़ 10 सितंबर से शुरू होगी और 21 सितंबर तक चलेगी।

झारखंड डीजीपी की पहल

अब आमजन की शिकायत सुनेंगे डीएसपी, आदेश जारी

फोन नंबर, वाट्सएप नंबर और ई-मेल एड्रेस भी किया जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। पुलिस से आम लोगों की शिकायत रहती है कि थाने में उनकी बातों को कोई सुनता ही नहीं। अगर थाना स्तर पर कार्रवाई नहीं होती है, तो किससे शिकायत करें। इन दिक्कतों को दूर करने के लिए डीजीपी अनुराग गुप्ता ने जन शिकायत कार्यक्रम की शुरूआत करने का फैसला लिया है। डीजीपी की इस पहल के बाद रांची के सीनियर एसपी ने एक आदेश जारी कर सभी डीएसपी के बीच थाने का बंटवारा किया है। संबंधित थाना क्षेत्र के लोग डीएसपी के पास पहुंच कर अपनी शिकायत बतायेंगे, जिस पर कार्रवाई की जायेगी। साथ ही एसएसपी ने शिकायत दर्ज कराने के लिए फोन नंबर, वाट्सएप नंबर और ई-मेल एड्रेस भी जारी की है। लोग अपनी शिकायत 8987790619 नंबर पर कॉल करके या वाट्सएप पर मैसेज भेजकर अपनी बात रख सकते हैं। इसके अलावा ई-मेल के जरिये भी शिकायत कर सकते हैं। जन शिकायत कार्यक्रम 10 सितंबर को दिन के 11 बजे से होगा।

मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

पूर्व आइपीएस की पीआइएल पर राज्य सरकार देगी जवाब

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय नेता और पूर्व आइपीएस अधिकारी अरुण उरांव की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से देश के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस की। उन्होंने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह करते हुए जनहित याचिका की मेंटब्लिटी पर सवाल उठाया। वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अभय मिश्रा ने कहा कि याचिका दायर करने वाला व्यक्ति एक रिटायर्ड आइपीएस अधिकारी है, इसलिए मेंटब्लिटी का सवाल नहीं उठता। अरुण उरांव ने अपनी जनहित याचिका में कहा है कि झारखंड में पिछले कुछ समय से केंद्रीय एजेंसी इडी ने कई बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में मनी लॉन्ड्रिंग के कई मामले सामने आए हैं। इडी ने अपनी जांच के दौरान राज्य सरकार के कई अफसरों पर कार्रवाई की भी अनुसंशा की, लेकिन सरकार की ओर से कोई कठोर कार्रवाई नहीं की गई इसलिए मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों के खिलाफ राज्य सरकार को भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। एक्टिंग चीफ जस्टिस और जस्टिस अरूण कुमार राय की बेंच में सुनवाई हुई।

मंत्री से वार्ता के बाद मुखिया संघ का धरना समाप्त

मानदेय की वृद्धि में केरल का फार्मूला अपनाने पर सहमति

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी के साथ झारखंड मुखिया संघ के प्रतिनिधिमंडल की वार्ता शुक्रवार की सुबह उनके आवास पर हुई। बैठक में विभागीय मंत्री ने उनकी अधिकांश मांगों को मानने पर अपनी सहमति दी। मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव ने कहा कि मंत्री ने मुख्यमंत्री से जल्द मुलाकात कराने का भी आश्वासन दिया है। वार्ता में मानदेय वृद्धि में केरल का फार्मूला अपनाने की बात कही गयी है। इस आश्वासन के बाद मुखिया संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल वापस ले लिया है। बता दें कि, राज्य वित्त आयोग की राशि जल्द रिलिज करने, जनप्रतिनिधियों को 30 लाख तक बीमा, 30 हजार रुपये मानदेय करने सहित अन्य प्रमुख मांग है।

एक हफ्ते में 14.82 लाख आवेदन मिले आधे से अधिक अबुआ आवास के लिए

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

फाइल फोटो

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। राज्य में 30 अगस्त से शुरू हुई आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अब तक 2847 शिविर लगाए जा चुके हैं और इनमें कुल 1482343 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मौके पर 187659 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है और 1293469 आवेदन निष्पादन की प्रक्रिया में हैं। सबसे अधिक 792218 आवेदन अबुआ आवास के लिए आए हैं, जो कुल आवेदनों की तुलना में आधे से भी अधिक हैं। सरकार आपके द्वार का यह चौथा चरण है और पिछली बार भी सर्वाधिक आवेदन अबुआ आवास के लिए ही आए थे। इनमें 20 लाख स्वीकृत आवेदनों को पहली किश्त दी जा चुकी है। दूसरी किश्त भी दी जा रही है। कार्यक्रम 15 सितंबर तक आहूत है।

योजना में कुल प्राप्त आवेदन	
1. अबुआ आवास योजना	792218
2. अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना	31429
3. आय प्रमाण पत्र (सिर्फ विद्यार्थियों के लिए)	15684
4. आवासीय प्रमाण पत्र (सिर्फ विद्यार्थियों के लिए)	16083
5. जाति प्रमाण पत्र (सिर्फ विद्यार्थियों के लिए)	22785
6. सर्वजन पेंशन योजना	78085
7. सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना	37047

गिरिडीह के उप नगर आयुक्त विशाल खलखो को हटाया जाये : भाजपा

रांची। भाजपा ने गिरिडीह के उप नगर आयुक्त विशाल खलखो को पद से हटाने की मांग की है। भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में शुक्रवार को चुनाव आयोग पहुंचकर शिकायत दर्ज करायी है। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि विशाल दीप खलखो 10 जुलाई 2021 से गिरिडीह जिले में पदस्थापित हैं। अभी से विशाल दीप राजनीतिक पार्टी का कार्यकर्ता जैसा व्यवहार कर रहे हैं । मुख्य चुनाव आयुक्त नयी दिल्ली ने 1 अगस्त 24 की झारखंड के मुख्य सचिव को निर्देशित किया है की तीन वर्ष से ज्यादा एक स्थान मे टिके अधिकारी-पदाधिकारी हैं, उनको तत्काल प्रभाव से हटाया जाये। उस आदेश के 37 दिन बाद भी आज तक विशाल दीप खलखो को नहीं हटाया गया है। प्रतिनिधिमंडल मे पीयूष सरकार भी शामिल थे।

सामाजिक संगठनों की जांच में बड़ा खुलासा संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ नहीं

झारखंड जनाधिकार महासभा और लोकतंत्र बचाओ अभियान ने हकीकत जानी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में खासकर संथाल परगना के जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठ के मामले इन दिनों सुर्खियों में हैं। इससे जुड़े मामले की झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हो रही है और इस पर खूब राजनीति भी हो रही है। इन सबके बीच झारखंड के दो गैर सरकारी संगठनों झारखंड जनाधिकार महासभा और लोकतंत्र बचाओ अभियान ने बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण संथाल में आ रहे डेमोग्राफी चेंज और हाल में उस इलाके में हुई घटनाओं की सच्चाई जानने की कोशिश की। दोनों गैर सरकारी संगठनों का दावा है कि उनकी फैक्ट फाइंडिंग टीम के सदस्यों ने 22 और 23 अगस्त को संथाल के कई इलाकों का दौरा कर हकीकत जानने की कोशिश की और जो रिपोर्ट तैयार की गई है, उसे मीडिया में राज्य की जनता के सामने पेश किया जा रहा है।

बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण चेंज नहीं हुई डेमोग्राफी : टीम ने पाकुड़ और साहिबगंज जिले के हाल के दिनों में हुई बड़ी घटनाओं वाले इलाकों जैसे गायबथान, गोपीनाथपुर, तारानगर इलामी, केकेएम कॉलेज आदि का दौरा कर छात्रों, पीड़ितों, आरोपियों, दोनों पक्षों के ग्रामीणों, ग्राम प्रधानों, सामाजिक कार्यकताओं से विस्तृत चर्चा की। साथ ही मामलों में दर्ज प्राथमिकी और संबंधित दस्तावेजों के साथ-साथ वर्ष 1901 से अब तक की जनगणना के आंकड़ों, उससे संबंधित जनगणना रिपोर्ट, गजेटियर और क्षेत्र की डेमोग्राफी से संबंधित शोध पत्रों का अध्ययन करने के बाद पाया कि जमीनी हकीकत में बांग्लादेशी मुस्लिम घुसपैठियों के कारण इन इलाकों में कोई डेमोग्राफी चेंज नहीं हुआ है। इस इलाके में रहने वाले मुसलमान भारतीय और बांग्लादेशी मुसलमान हैं। इन इलाकों में मिले तथ्य भाजपा के सांप्रदायिकता फैलाने के दावों से कोसों दूर हैं।

सरकार से कार्रवाई की मांग : झारखंड जन अधिकार महासभा और लोकतंत्र बचाओ अभियान ने तथ्यान्वेषण के बाद राज्य सरकार से मांग की है कि संथाल में सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ सरकार न्यायोचित कार्रवाई करे। दोषी पुलिस की पहचान कर कार्रवाई करे। संथाल परगना में एसपीटी एक्ट का सख्ती से पालन हो, साहिबगंज और पाकुड़ में बांग्लादेशी घुसपैठियों की सूचना देने के लिए लोगों के लिए फोन व्यवस्था को रद्द किया जाए और संथाल समेत पूरे राज्य में आदिवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार कदम उठाए।

घटना में शामिल व्यक्ति की जानकारी देने वाले को ₹5 लाख इनाम देगी सीबीआई

छात्र विनय हत्याकांड

सफायर इंटरनेशनल स्कूल का छात्र था विनय महतो

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। रांची के सफायर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र विनय महतो हत्याकांड की जांच सीबीआई कर रही है। सीबीआई ने इस घटना में शामिल व्यक्ति की जानकारी देने वाले को इनाम देने की घोषणा की है। सीबीआई ने कहा है कि जो हत्या में शामिल व्यक्ति के बारे में जानकारी देगा, उसे पांच लाख का इनाम दिया जायेगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जायेगा। सीबीआई ने 9958756905 पर जानकारी देने को कहा है।

हाईकोर्ट में दायर की थी क्रिमिनल रिट याचिका : छात्र विनय महतो के पिता मनबहाल महतो ने अक्टूबर 2017 में विनय महतो को न्याय दिलाने के लिए सुप्रीम कोर्ट गये थे। वहां सुनवाई के बाद हाईकोर्ट में अपील करने का आदेश दिया गया था। आदेश के बाद उन्होंने आठ मार्च 2018 को झारखंड हाइकोर्ट में पुलिस की जांच पर संदेह व्यक्त करते हुए सीबीआई जांच के लिए क्रिमिनल रिट दाखिल की थी। जिसके बाद अदालत ने सात जुलाई 2022 को सीबीआई जांच का आदेश दिया था। सीबीआइ की रांची स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 20 जुलाई 2022 को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की थी।

सातवीं का छात्र था विनय महतो

विनय महतो सफायर इंटरनेशनल स्कूल के सातवीं कक्षा का छात्र था। उसकी हत्या पांच फरवरी 2016 को स्कूल परिसर में ही कर दी गयी थी। पुलिस ने इस मामले में नाजिया हुसैन, उनके पति आरिफ अंसारी, पुत्र व पुत्री सहित अन्य को आरोपी बनाया था। पुलिस ने जांच में पाया था कि विनय महतो का संबंध नाजिया की पुत्री से था। इसे लेकर नाजिया का पुत्र गुस्से में रहता था। घटना के दिन भी नाजिया के पुत्र ने विनय को घर में सोया-चिल्ली खाने के बुलाया था। नाजिया के पुत्र ने पहले विनय से कहा कि तुम मेरी बहन के रास्ते से हट जाओ। उसका पीछा छोड़ दो। विनय जब वहां से निकलने लगा। इसी बीच नाजिया के पुत्र ने विनय का सिर दीवार में पटक दिया, जिस कारण वह घायल हो गया। बाद में बेहोशी की अवस्था में विनय को स्टॉफ क्वार्टर के कॉरिडोर से नीचे फेंक दिया गया। इससे विनय की मौत हो गयी थी।

भाजपा का आजसू के अलावा लोजपा और हम पार्टी से भी बनेगा चुनावी तालमेल

झारखंड में फिर मजबूत होगा भाजपा-जदयू का गठबंधन

उदय चौहान

रांची। झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर नया राजनीतिक समीकरण तेजी से बनने लगा है। इसी के तहत जदयू ने भाजपा के साथ मिलकर गठबंधन को मजबूती देने का प्लान तैयार किया है। भाजपा ने भी बिहार के सीएम नीतीश कुमार के बढ़ते प्रभाव को लेकर गठबंधन धर्म निभाने को तैयार है। झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव में जदयू को सीटें मिलना तय है। इस पर सैद्धांतिक सहमति बन चुकी है। इससे पहले 2005 और 2009 के चुनाव में भी दोनों दलों ने साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। उस समय भी जदयू के पक्ष में सुखद परिणाम आया था। दोनों पार्टियां इस बार भी बेहतर चुनाव परिणाम को लेकर आशान्वित हैं। सरयू राय के जदयू का दामन थामने के बाद पार्टी ने विस्तार की रणनीति भी बनायी है। इसे लेकर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व झारखंड में प्रवास का कार्यक्रम तय किया है।

जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा झारखंड के दौरे पर आने वाले हैं। इस दौरान भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के साथ समन्वय बैठक होगी। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के तहत आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर आजसू, लोजपा (रामविलावस) और हम पार्टी के बीच भी चुनावी गठबंधन मजबूत किया जाना है। राजग के भीतर सीट बंटवारे को लेकर शीघ्र ही बैठक होने वाली है।

जानकार बताते हैं कि जदयू ने दर्जन भर सीटों पर चुनावी तैयारी शुरू कर दी है। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो संगठन को धार देने की कवायद कर रहे हैं। श्री महतो लगातार भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के साथ संवाद कायम भी कर रहे हैं। पहले भी प्रदेश में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकारों में जदयू के विधायक मंत्री भी रहे हैं। कुछ दिन पूर्व ही निर्दलीय विधायक और पूर्व मंत्री सरयू राय जदयू में शामिल हुये हैं। भाजपा इनके लिये भी जमशेदपुर पूर्वी का सीट छोड़ सकती है। उल्लेखनीय है कि पिछले विधानसभा चुनाव में सरयू राय ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी इस सीट से तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास को पराजित किया था।

इधर, भाजपा के रणनीतिकारों ने स्पष्ट किया है कि आजसू पार्टी और जदयू के साथ चुनावी तालमेल को लेकर विमर्श जारी है। पिछले विधानसभा चुनाव में आजसू पार्टी और जदयू के साथ भाजपा का समझौता नहीं हो पाया था। आजसू पार्टी ने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ा था। इसका नुकसान भाजपा को उठाना पड़ा था। आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए के अन्य घटक दलों लोजपा (रामविलास) और हिन्दुस्तानी आवामी मोर्चा (हम) की भी दावेदारी है। लोजपा (रामविलास) की यहां हुई राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में अध्यक्ष चिराग पासवान ने इस ओर इशारा किया था। उन्होंने तालमेल कर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी। जीतनराम मांझी ने भी बैठक में सीटों की दावेदारी की थी। हालांकि अभी तक इन दलों को लेकर बातचीत आगे नहीं बढ़ी है। पार्टी नेताओं के मुताबिक इसपर निर्णय लेना आलाकमान ही लेगी।

खैर! विधानसभा चुनाव को लेकर सत्ता पक्ष व विपक्ष की ओर से राजनीति सरगर्मी तेज हो गयी है। सभी दल अपने-अपने ढंग से दावे व घोषणायें कर रहे हैं। देखना है कि भाजपा व जदयू के बीच कितना मजबूत चुनाव तालमेल हो पाता है।

सुप्रभात
रांची, शनिवार
07.09.2024
नगर संस्करण। पेज : 12
khabarmantralive.com

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं

khabarmantra.net
भादो, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी, संवत् 2081
मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 59

12 रांची समेत नौ हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा सुविधा शुरू

2019 का वादा था
किसानों के लिए
हर प्रखंड
में
कोल्ड
स्टोरेज
खोलने का
2024 तक आप में से
किसी
को
मिला
क्या?
भारतीय जनता पार्टी, झारखण्ड प्रदेश

न्यूज डायरी

शेयर बाजार में कोहराम सेंसेक्स 1017 अंक गिरा

मुंबई । वैश्विक स्तर पर नकात्मक रुख की वजह से कारोबारी सप्ताह के आखिरी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन जोरदार गिरावट दर्ज की गयी। बीएसई का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1017.23 या 1.24% का गोता लगाकर 81,183.93 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी 292.95 अंक या 1.17% फीसदी फिसल कर 24,852.15 अंक पर पहुंच गया। सबसे अधिक नुकसान एसबीआइ को हुआ। (पेज 12 भी देखें)

जेएसएससी मामले की अगली सुनवाई 26 को

रांची। हाइकोर्ट के आदेश पर शुक्रवार को जेएसएससी अध्यक्ष प्रशांत कुमार शुक्रवार को एकल पीठ में उपस्थित हुए। उनकी ओर से बताया गया की जेएसएससी ने कोर्ट के आदेश का अनुपालन कर लिया है। गुरुवार शाम ही स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा का स्टेट मेरिट लिस्ट जारी कर दिया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई 26 को सुनवाई तय की है। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पैरवी की। वहीं जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल ने पैरवी की।

पहलवान फोगाट और पूनिया कांग्रेस में शामिल

नयी दिल्ली। पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया ने शुक्रवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। अखाड़े से निकलकर दोनों पहलवानों ने उस समय कांग्रेस का दामन थामा है जब हरियाणा चुनाव सिर पर है। चर्चा है कि विनेश फोगाट जींद के जुलाना पार्टी प्रत्याशी हो सकते हैं।

आरक्षण मामले में बिहार को शीर्ष कोर्ट से नोटिस

नयी दिल्ली। बिहार में आरक्षण के बढ़ाये हुए दायरे को पटना हाइकोर्ट ने रद्द कर दिया था। राजद फैसले के खिलाफ राजद सुप्रीम कोर्ट चला गया था। राजद ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने की याचिका दायर की थी। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी किया है।

अब कभी इधर-उधर नहीं करेंगे : नीतीश

पटना । सीएम नीतीश कुमार ने हाल में ही नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव से हुई भेंट के बाद छिड़ी चर्चा को विराम दे दिया है। शुक्रवार को उन्होंने फिर साफ कहा कि एनडीए के साथ ही मजबूती से रहेंगे। अब इधर-उधर जाने का सवाल ही नही है।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	67000 रु./10 ग्राम
चांदी	:	85000 रु./प्रति किलो


डेंगू से डरे ग्रामीण
जब तक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सो रहा है हमें डरने की जरूरत नहीं है।
मलेरिया
Vyas..

रांची में अत्याधुनिक सैन्य हथियारों की प्रदर्शनी



वकीलों को पेंशन समेत कैबिनेट में 63 प्रस्तावों को मंजूरी

सहायक पुलिसकमियों को 13 हजार मानेदय मिलेगा

- मंइयां सम्मान योजना का लाभ अब 18 साल से ही
- निजी स्कूल की बच्चियों को भी सावित्रीबाई योजना का लाभ

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। सहायक पुलिसकर्मियों का मानदेय बढ़कर 13 हजार करने, वकीलों को 14 हजार पेशन, 18 वर्ष से ही मंईयां सम्मान योजना का मिलेगा लाभ देने, जल सहिया को मानदेय दो हजार प्रतिमाह करने समेत 63 प्रस्तावों को झारखंड कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। शुक्रवार को सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई बैठक में ये फैसले लिये गये। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव बंदना डाडेल ने इन फैसलों की जानकारी दी। कैबिनेट सचिव ने बताया कि सहायक पुलिसकमियों को अब दस हजार की जगह 13 हजार रुपये मानेदय मिलेगा। इसके अलावा

मेडिकल एक लाख दुर्घटना बीमा के जगह पर 4 लाख रुपए देने की स्वीकृति दी गयी। महिलाओं सहायक पुलिस को मातृत्व अवकाश भी दिया जायेगा। सभी संविदा कर्मियों की तरह इन्हें भी अवकाश मिलेगा। सहायक पुलिसकर्मियों को एक साल का अवधि विस्तार दिया गया। उन्होंन कहा कि रांची में अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए 520 बेड के छात्रावास और एससी के लिए 528 बेड के छात्रावास निर्माण की मंजूरी दी गयी। यह छात्रावास करम टोली स्थित जी 6 बनेगा और छात्राओं के लिए जी 7 फ्लोर का विमेंस कॉलेज में बनेगा।

मंइयां सम्मान योजना की उम्र घटी

वंदना दादेल ने बताया कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना से 18 वर्ष पर से अधिक उम्र की महिलाओं को भी लाभ मिलेगा। इससे करीब 8 लाख महिलाओं को लाभ मिलेगा। उन्हें प्रतिमाह 1000 दिया जायेगा। राज्य में इस योजना से कुल 67 अरब 20 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

(शेष पेज 11 पर)

दिउड़ी मंदिर तालाबंदी का विरोध, बुंडू-तमाड़ बंद रहा

शीघ्र गिरफ्तारी नहीं हुई तो आज झारखंड बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

तमाड़, रांची। तमाड़ स्थित ऐतिहासक दिउड़ी मंदिर में तालाबंदी के विरोध में विभिन्न हिंदू संगठनों की ओर से शुक्रवार को आहूत बुंडू-तमाड़ बंद असरदार रहा। बंद का व्यापक असर देखने को मिला। बाजार की सभी दुकानें बंद रहीं। भगवा सेना के बैनर तले बंद समर्थकों ने जुलूस भी निकाला। बंद समर्थक तालाबंदी करने वाले लोगों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने की मांग कर रहे थे। साथ ही उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उचित कार्रवाई की करने की भी मांग की।

शीघ्र गिरफ्तारी नहीं, तो झारखंड बंद : दिउड़ी मंदिर में तालाबंदी के विरोध में शुक्रवार की बंद को ले कर सड़कों पर उतरे लोगों की मांग है कि ताला लगाने वालों की गिरफ्तारी हो नहीं तो कल पूरा

झारखंड बंद रहेगा। मंदिर में तालाबमदी के विरोध में विभिन्न संगठनों ने शुक्रवार को तमाड़ और बुंडू बंद का आह्वान किया था। शुक्रवार को बंद के आह्वान की घोषणा के बाद से बुंडू और तमाड़ में बंद का असर देखने को मिला। बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की ज्यादातर दुकान बंद है जबकि तमाड़ क्षेत्र भी पूरी तरह बंद रहा। बंद समर्थक सड़कों पर उतरे और जो दुकानें बंद नहीं थीं, उनसे बंद का समर्थन करने को कहा गया।

क्या है मामला : दिउड़ी मंदिर में गुरुवार की सुबह मंदिर के बाहर के दुकानों और मुख्य मंदिर में ताला जड़ दिया गया था। इसके कारण पुजारी और पाहन बाहर ही रह गये और मंदिर में पूजा नहीं हुई। इस घटना के बाद वहां का माहौल तनावपूर्ण हो गया। ताला लगाने की घटना के करीब छह घंटे के बाद जिला प्रशासन, पंडा समाज, बजरंग दल, आरएसएस व भगवा सेना और प्रशासन के लोगों ने मंदिर पहुंचकर ताला तोड़ा और दोबारा पूजा शुरू हुई। इस मामले पर बुंडू एसडीओ मनोहर लाल मरांडी ने गुरुवार को कहा था कि कुछ असामाजिक तत्वों ने मंदिर में ताला जड़ दिया गया था। असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल बिगाड़ने की साजिश नाकाम कर दी।

प्रभारी डीजीपी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने भेजा नोटिस

रांची। वरीय आइपीएस ऑफिसर अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी बनाए जाने का मामला विवादों में आ गया है। नियुक्ति को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दायर अवमानना ??याचिका पर कोर्ट ने झारखंड के मुख्य सचिव एल खांग्याते और प्रभारी डीजीपी से जवाब मांगा है। याचिका में दावा किया गया है कि अनुराग गुप्ता को प्रभारी डीजीपी बनाये जाने में सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय अनिवार्य दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया है।

सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में दलील दी गयी है कि डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति अस्थायी तौर पर की गयी है, जो सुप्रीम कोर्ट के पिछले फैसले के खिलाफ है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक किसी भी राज्य में डीजीपी की नियुक्ति कम से कम 2 साल के लिए होती है। डीजीपी को हटाने की प्रक्रिया तभी शुरू होती है, जब सेवा नियमों का उल्लंघन हो या किसी आपराधिक मामले में कोर्ट का फैसला हो, भ्रष्टाचार साबित हो या डीजीपी अपने कर्तव्यों का पालन करने में असमर्थ हों, तब उन्हें हटाया जा सकता है।

राज्य में छह की अप्राकृतिक मौत

बालूमाथ में 3 बच्चे गढ्ढे में डूबे, गढ़वा में सर्पदंश से 3 की मौत

खबर मन्त्र टीम

बालूमाथ, चतरा। झारखंड में लातेहार के बालूमाथ और गढ़वा जिले में चिनिया में छह बच्चों की अप्राकृति मौत से इलाके में मातम पसर गया है। बालूमाथ थाना से मात्र तीन किलोमीटर दूर टोरी शिवपुरी रेल लाइन निर्माण कार्य के दौरान संवेदक द्वारा खोदा गया गड्ढे में डूबने से सूरज कुमार (6) रिशु कुमार (6) और गोलू कुमार (7) की मौत हो गयी। तीनों बालूमाथ थाने के ग्राम नगड़ा निवासी थे। वहीं गढ़वा में चिनिया थाना क्षेत्र के एक घर में घर में सो रहे चार बच्चे-बच्चियों को सांप ने डंस लिया। इससे तीन की मौत हो गयी। एक बच्ची का इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार बालूमाथ के नगड़ा गांव के पास रेलवे लाइन के निकट मिट्टी भराव के लिए रेलवे ने मिट्टी कायी थी।

इससे वहां गहरा गड्ढा बन गया था। बारिश के कारण उसमें पानी भी भर गया था। नगड़ा गांव के तीन बच्चे गड्ढे के पास ही खेल रहे थे। अचानक तीनों बच्चे गड्ढे में जा गिरे। जानकारी मिलते ही आसपास के लोग बच्चों को बचाने में लग गये। बालूमाथ पुलिस भी पहुंची।

(शेष पेज 11 पर)

चार को संप ने डंसा था

गढ़वा के चिनिया थाना के चपकली गांव के नावानगर टोले में सांप के डंसने से गुरुवार की रात घर में सो रहे चार बच्चे-बच्चियों में तीन की मौत हो गयी। एक बच्ची गंभीर रूप से घायल है, उसका इलाज चल रहा है। सभी बच्चे जमीन पर सोये थे। सूचना मिलते ही बीडीओ, सीओ समेत अन्य अधिकारी पीड़ित परिवार से मिले और आर्थिक मदद की। उन्होंने सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजे का भी आश्वासन दिया। मृतकों की पहचान 15 वर्षीय पन्नालाल कोरवा (पिता-बंधु कोरवा), 8 साल की कंचन कुमारी (पिता-रामलाल कोरवा) और 10 साल की बेगी कुमारी (पिता-सुरजदेव कोरवा) के रूप में की गयी। वहीं 6 वर्षीय बच्ची रखिया कुमारी (पिता-रामलाल कोरवा) घायल है। हाथियों के डर से आस-पास के लोग भी इकट्ठा होकर रामलाल कोरवा के मिट्टी के घर में सोते हैं। इसी दौरान यह हादसा हुआ। मृतकों में नानी और नाती हैं। दोनों शवों का शुक्रवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया।

शाह ने जारी किया जम्मू-कश्मीर चुनाव का घोषणा पत्र, कहा

आर्टिकल 370 अब कभी नहीं लौट सकता

एजेंसी

जम्मू। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का घोषणा पत्र (संकल्प पत्र)जारी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा, मैं आज पूरे देश को स्पष्ट करना चाहता हूं कि धारा 370 इतिहास बन चुकी है ये कभी नहीं लौट कर आ सकती। यदि कोई चाहे तो भी इसे हम आने भी नहीं देंगे क्योंकि आर्टिकल 370 ही वो कड़ी थी जो कश्मीर में युवाओं को हाथ में हथियार और पत्थर पकड़ाती थी। अलगाववाद की विचारधारा ही युवाओं को विकास की जगह आतंकवाद के रास्ते पर शिफ्ट करती थी

विकास की राह पर प्रदेश : उन्होंने कहा कि 2014 तक जम्मू-कश्मीर पर हमेशा

आतंकवाद और अलगाववाद की परछाईं रही। ये हमेशा जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करते रहे और सभी सरकारों ने एक प्रकार से तुष्टिकरण की पॉलिस्टिक्स से जम्मू-कश्मीर को डील किया। 2014 से 2024 का ये कालखंड, जब जम्मू-कश्मीर और भारत का इतिहास लिखा जायेगा। जम्मू-कश्मीर को स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया जायेगा।

(शेष पेज 11 पर)

भाजपा के संकल्प पत्र की प्रमुख बातें

आतंकवाद का पूरा सफाया करके जम्मू कश्मीर को विकास और प्रगति में अग्रणी बनायेंगे। हर घर की सबसे वरिष्ठ महिला को मां सम्मान योजना के तहत हर साल 18000 रुपये देंगे। महिला स्वयं सहायता समूहों के बैंक ऋण पर ब्याज के विषय पर सहायता। उज्जवला लाभार्थियों को हर वर्ष 2 मुफ्त एलपीजी सिलेंडर। पीपीएनडीआरवाई के तहत 5 लाख रोजगार। जम्मू में क्षेत्रीय विकास बोर्ड का गठन। जम्मू, डल झील, और कश्मीर में टूरिज्म को बढ़ावा।

पीएम मोदी ने की 'जल संचय जनभागीदारी पहल' की शुरूआत

जल संचय एक नीति ही नहीं, पुण्य का भी काम

जागरूकता इसकी सबसे बड़ी ताकत

नयी दिल्ली(एजेंसी)। पीएम मोदी ने ने कहा कि जल संचय केवल एक नीति नहीं है बल्कि एक पुण्य भी है। इसमें उदारता और उत्तरदायित्व दोनों हैं। जागरूकता, जनभागीदारी और जन आंदोलन जल संचय की सबसे बड़ी ताकत है। पीएम मोदी ने शुक्रवार को जल संचय जनभागीदारी पहल' की शुरूआत की और कहा कि जल-संरक्षण केवल नीतियों का नहीं बल्कि सामाजिक निष्ठा का भी विषय है। सूरत में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम मोदी ने यह भी कहा कि पिछले दिनों अप्रत्याशित बारिश का जो तांडव' हुआ, उससे देश का शायद ही कोई ऐसा इलाका होगा, जिसको संकट का सामना न करना पड़ा हो।

जल संचय पुण्य का काम : उन्होंने कहा,

आने वाली पीढ़ियां जब हमारा आंकलन करेंगी तो पानी के प्रति हमारा रवैया, शायद उनका पहला मानदंड होगा। उन्होंने कहा, जल संरक्षण, प्रकृति संरक्षण.. ये हमारे लिए कोई नये शब्द नहीं हैं। यह हालात के कारण हमारे हिस्से आया काम है। यह भारत की सांस्कृतिक चेतना का हिस्सा है। जल-संरक्षण केवल नीतियों का नहीं, बल्कि सामाजिक निष्ठा का भी विषय है। जागरूक जनमानस, जनभागीदारी और जन आंदोलन है। ये इस अभियान की सबसे बड़ी ताकत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में साफ पानी के मात्र चार प्रतिशत संसाधन हैं और देश के कई हिस्से जल संकट का सामना कर रहे हैं।

एक पेड़ मां के नाम

इस अभियान का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि जब वृक्ष लगते हैं तो जमीन में पानी का स्तर तेजी से बढ़ता है। उन्होंने कहा, बीते कुछ सप्ताह में ही मां के नाम पर देश में करोड़ों पेड़ लगाये जा चुके हैं। ऐसे कितने ही अभियान और संकल्प हैं, जो 140 करोड़ देशवासियों की भागीदारी से आज जनांदोलन बनते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण में सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाना है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, कई केन्द्रीय मंत्री भी मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

पांकी विधायक की धर्मपत्नी किरण मेहता ने हरितालिका तिज पर की पूजा अर्चना

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ग्राम मुंदरिया स्थित शिव मंदिर में हरितालिका तिज पर्व को लेकर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता की धर्मपत्नी सह ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल की सेक्रेटरी किरण मेहता ने बिधिवत पूजन अर्चना किया। साथ ही उन्होंने अपने नये बोलेरो गाड़ी का पुजा भी किया। उन्होंने भगवान शिव से पति के दीर्घायू होने समेत उज्वल भविष्य की कामना की।

पाटन के शिक्षा पदाधिकारी को बधाई

पाटन पलामू। प्रखंड के सहायक अध्यापक संघ के प्रखंड अध्यक्ष हरेंद्र कुमार सिंह ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हरि प्रसाद ठाकुर, बीपीएम जरीना परवीन, लेखपाल रंजन कुमार सिंह को बधाई दी है। सिंह ने कहा कि पाटन प्रखंड के अधिकारियों के द्वारा जनवरी माह से 4% एक्रीमेंट जनवरी 2024 से एरियर के साथ भुगतान करने हेतु पीएफएमएस के लिए जिला को भेज दिया गया। इसके लिए पाटन प्रखंड के सभी सहायक अध्यापकों में खुशी का माहौल है।

पांच सड़कों को मिली स्वीकृति

पाटन पलामू। छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुष्पा देवी, पलामू लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद मनोज कुमार के प्रयास से छतरपुर विधानसभा में पांच सड़कों की स्वीकृत मिल गई है। जिस पर बहुत ही जल्द शेष प्रक्रिया को पूर्ण करते हुये निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। जिन सड़कों की स्वीकृति मिली है छतरपुर प्रखंड अंतर्गत कुहकुह पुलिस पिकेट से लीलाडीह होते हुए रिसियापा मुख्य पथ तक सड़क निर्माण, छतरपुर प्रखंड अंतर्गत धीरू यादव टोला धंगरवाडीह से शिव स्थान तक निर्माण कार्य,पड़वा प्रखंड अंतर्गत मेन रोड एनएच 75 से पड़वा प्रखंड कार्यालय तक पथ निर्माण कार्य,पाटन प्रखंड अंतर्गत हिसरा बरवाडीह से शोले तक पथ निर्माण कार्य व पाटन प्रखंड अंतर्गत बिजरा आरईओ मेन रोड से पाल्हे खुर्द तक पथ निर्माण कार्य शामिल है। इसकी जानकारी विधायक प्रतिनिधि (जिला परिषद) पाटन छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के उमेश सिंह ने दी।

पाटन के सेमरी पंचायत भवन में पाटन भाजपा मंडल की बैठक

पाटन पलामू। पाटन के सेमरी पंचायत भवन में पाटन भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह ने की व संचालन युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह ने किया। बैठक में पाटन छतरपुर विधानसभा के चुनाव प्रभारी रामधनी यादव, पूर्व सांसद मनोज कुमार, पूर्व सांसद घुरन राम, विधायक पुष्पा देवी, प्रभात कुमार भुईयां, पाटन के प्रभारी प्रिय रंजन कुमार शर्मा, भोला सिंह, मधुलता कुमारी, पूनम देवी, कामता सिंह, अंजय सिंह, अखिलेश सिंह, जितेंद्र सोनी, गोपाल पासवान, वशिष्ठ पांडे, निरंजन पासवान, बबलू सिंह, रोशन कुशवाहा, सत्येंद्र कुमार सिंह, गौतम सिंह, पारस सिंह, मिथिलेश सिंह, विजय सिंह, जलेंद्र यादव, विनोद पांडे, उमाशंकर सिंह, उदय सिंह, गुड्डू सिंह, आनंद सिंह, प्रदीप चंद्रवंशी, पशुपति शर्मा, धीरेंद्र सिंह, आनंद सिंह, प्रमोद सिंह, ओम प्रकाश पांडे, जमुना प्रसाद, शिव शंकर प्रसाद, रिकी प्रसाद, रामनरेश सिंह, श्रवण भुइयां, प्रिंस कुमार, रविनाथ साव, मयंक सिंह, छोटू सिंह, गणेश सिंह, बबलू सिंह, ललन भुईयां, भोला भुईयां समेत कई कायकर्ता शामिल थे। बैठक में संगठन की मजबूती, पंचायत स्तर पर बूथ मजबूत करने, कार्यकर्ताओं को आगामी विस चुनाव को लेकर क्षेत्र में लगने समेत कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में चुनाव प्रभारी रामधनी यादव ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर कार्यकर्ता अपने क्षेत्र के गांवों में जायें।

हेमंत सरकार ने युवाओं को नहीं दी नौकरी : पूर्व विधायक

हरिहरगंज पलामू। आजसू पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने शुक्रवार को हरिहरगंज स्थित पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता में कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने लोक लुभावने वादा कर सत्ता तो हासिल कर लिया, लेकिन युवाओं को नौकरी आज तक नहीं मिली है। नौकरी नहीं मिलने पर प्रत्येक वर्ष बेरोजगारी भत्ता 5 हजार से 7 हजार रूपया देने की बात कही थी। जो छलावा साबित हुआ है। वही जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओ को ठगा है। आठ सितंबर को धुर्वा रांची में होने वाला युवा आजसू के तत्वाधान में झारखंड नवनिर्माण संकल्प सभा में हरिहरगंज–हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से दो हजार कार्यकर्ता कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रेस वार्ता में केंद्रीय समिति सदस्य रामजी पासवान, नगर प्रभारी सोनू जायसवाल, युवा नेता मुकेश मेहता व नीरज आदि शामिल थें।

चैनपुर के विभिन्न पंचायत में चालान के अनुसार नहीं मिल रहा टीएचआर बैग

चैनपुर(पलामू)। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी पंचायतों में टीएचआर बैग में भारी अनियमितता संवेदको द्वारा बरती जा रहीं हैं। जानकारी के अनुसार सरकार गर्भवती महिला व दुधमुहो बच्चों के लिए आंगनबाड़ी में टीएचआर का व्यवस्था की हैं जिससे की किसी प्रकार की प्रशानी बच्चों व गर्भवती महिलाओं को नहीं हो लेकिन सरकार द्वारा चलाई गई टीएचआर बैग जैसा व्यवस्था संवेदक के मनमानी के कारण बच्चों व धात्री महिलाओं तक टीएचआर बैग का लाभ नहीं पहुंच पा रहा हैं। वहीं ओडनार पंचायत के टोला हरिनामाड़ आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 4 का सेविका माया देवी ने कहा कि संवेदक चालान के अनुसार केंद्र को टीएचआर बैग नहीं देते है जिसके कारण धात्री महिलाओं व बच्चों को टीएचआर बैग का लाभ नहीं मिल पा रहा हैं जिसकी जानकारी अधिकारी व संवेदक को दिया गया लेकिन सेविका की शिकायत को संवेदक व अधिकारी ताक पर रखते हुए मनमानी ढंग से टीएचआर बैग का वितरण करने में लगे हैं वहीं साथ ही दूसरी ओर महुगांवा पंचायत के टोला फूलचंदनगरी का आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 3 का सेविका संगीता देवी ने टीएचआर बैग के संवेदक पर आरोप लगाया की एक वर्ष से चालान के अनुसार टीएचआर बैग दिया नहीं जा रहा हैं।

कंचनपुर पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन, आवेदन को किया गया पंजीकृत

छतरपुर पलामू। प्रखंड मुख्यालय में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कंचनपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार के कई योजनाओं का लाभ लेने हेतु ग्रामीणों ने आवेदन दिया। वहीं प्राप्त आवेदन को संबंधित विभाग के द्वारा लेकर उनका पंजीकरण किया जा रहा है कई लोगों शिविर स्थल पर ही उनके शिकायतों का निष्पादन भी किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिला से नोडल पदाधिकारी के रूप में नियुक्त संजय कुमार 20 सूत्री के अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह छतरपुर प्रखंड के प्रधान लिपिक नवाब खान प्रखंड के कोऑर्डिनेटर विवेक कुमार सहित संबंधित विभाग के कर्मी स्टॉल लगाकर शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज करते दिखे।

शिक्षकों के परिश्रम से विद्यालय प्रगति की ओर हो रहा है उन्मुख : सचिव किरण मेहता

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

शिक्षक राष्ट्र निर्माता के साथ वह दीपक भी है जो स्वयं जल कर दूसरों को करता है प्रकाशित : प्रिंसिपल डॉ एके सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्रांगण में गुरुवार को शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर पर विद्यालय के सचिव ऑक्सफोर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस किरण मेहता, विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह एवं अन्य अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। विद्यालय सचिव किरण मेहता ने केक काटकर विद्यालय प्रबंधन एवं निदेशक सह पॉकी विधायक डॉ एस बी पी मेहता की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की। तत्पश्चात मेहता ने भी स्वयं की ओर से सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देकर कहा कि शिक्षकों के परिश्रम से हमारा विद्यालय प्रगति की ओर उन्मुख हो रहा है। इस हेतु हमारे शिक्षक बधाई के पात्र हैं। शिक्षकों को अपने कर्त्तव्यों के प्रति सजग रहना चाहिए। शिक्षक समाज सेवक भी हैं। बच्चों के शिक्षित होने से पूरा समाज शिक्षित होता है, इसलिए हमें शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। प्राचार्य डॉ ए के सिंह के नेतृत्व में विद्यालय विकासोन्मुख है। इस हेतु प्राचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को उन्होंने धन्यवाद दिया। विद्यालय के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्राचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं कटिबद्ध है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ ए के सिंह ने सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षक राष्ट्र निमार्ता है ही साथ ही वह दीपक भी है जो स्वयं जल कर दूसरों को प्रकाशित करता है। डॉ राधाकृष्णन के आदर्शों का अनुकरण कर शिक्षक आदर्श व्यवहार का उदाहरण प्रस्तुत कर सकता है। शिक्षक की नौकरी उत्तरदायित्व की नौकरी है, क्योंकि बच्चों के विकास पर उनका प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए उन्नति के शिखर पर ले जाना हमारा मुख्य ध्येय है। हम अपने विद्यालय को सर्वोच्च एवं उत्कृष्ट विद्यालय के रूप में स्थापित करेंगे। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से हम अपने राष्ट्र का भविष्य बेहतर बना सकते हैं। शिक्षक सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करता है, जो कि राष्ट्र की मानसिकता को आकार देने में मदद करते हैं। हम अपने दूरदर्शी निदेशक महोदय के आभारी हैं जिन्होने समाज सेवा के रुप में शिक्षण मंच दिया। शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता का प्रदर्शन हमारा ध्येय है, जिसमें निरंतरता कायम रहेगी। इस अवसर पर बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें छात्रों के द्वारा स्वागत नृत्य, शिक्षिका नबोनिता चक्रवर्ती, खुशबू एवं रितिका के द्वारा नृत्य। शिल्पी गुप्ता, दिलीप मिश्रा, मैनाक मुखर्जी, आशीष सेनापति एवं राजीव मिश्रा द्वारा संबोधन। कीर्ति निशा, गौरव कुमार एवं राकेश कुमार के द्वारा गीत प्रस्तुत किए गए। नर्सरी, प्रेप एवं प्रथम से तृतीय तक की शिक्षिकाओं ने विभिन्न विषय आधारित गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा सचिव सह प्राचार्य को स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ से सम्मानित किया गया। साथ ही विद्यालय प्रबंधन के द्वारा शिक्षकों तथा विद्यालय के समस्त कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन शिवांगी आनन्द एवं मीनू सिंह के द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन शिल्पी कुमारी के द्वारा दिया गया।

दो छात्र का अपहरण, चौबीस घंटे के अंदर चार अपहरणकर्ता गिरफ्तार

पारिवारिक विवाद के कारण अपहरण को दिया अंजाम : एसपी रमेसन

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र से अपहरणकर्ताओं ने दो नाबालिक स्कूली छात्र को अपहरण किया। इसकी सूचना पुलिस अधीक्षक को जैसे ही मिली इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी ने शहर थाना प्रभारी के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी करने का निर्देश दिया। विशेष छापेमारी दल ने 24 घंटे के अंदर ही अपहत नाबालिक को सकुशल बरामद करते हुए चार अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में प्रेस वार्ता कर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन ने बताया कि अपहरणकर्ता प्रशांत तिवारी पिता कौशल तिवारी ग्राम बड़कागांव सदर थाना का पारिवारिक विवाद सुभम पांडेय के परिवार से चल रहा था। इस बदले की भावना से प्रशांत तिवारी ने अपहरण का षडयंत्र रचा। जिसने पांच सितंबर को अपराह्न लगभग तीन बजे संजेवियर स्कूल बारालोटा से एक बच्चे का अपहरण किया। अपहत नीतिन राज से सुभम के बारे में पता पूछा तो उसने सुभम को फोन किया। बताया कि कचहरी चौक पर हैं। जिसे वहीं रूकने को कहा। इतने पर अपहरणकर्ताओं ने कचहरी चौक से सुभम पांडेय का भी अपहरण कर लिया। नितिन राज को जीएलए कॉलेज के पास से जबकि सुभम को बारालोटा गुरियाही से बरामद किया गया। एसपी ने बताया कि परिवारिक विवाद के कारण अपहरण किया गया था। अपहरणकर्ता ने प्रशांत तिवारी, नीरज कुमार चंद्रवंशी पिता राज किशोर चंद्रवंशी बारालोटा जनकपुरी, कुंदन कुमार पांडेय पिता नवलकिशोर पांडेय जीएलए कॉलेज बारालोटा, बैभव भास्कर सभी शहर थाना के निवासी हैं। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपहरणकर्ताओं में से किसी का भी अपराधिक इतिहास नहीं है। घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल व पांच मोबाईल पुलिस ने बरामद किया है। छापेमारी दल में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, पुअनि अनिल कुमार सिंह, विरेंद्र कुमार मेहता, गुलशन बिरूआ, सअनि इंद्रदेव पासवान, रोहित कुमार, नंदलाल पटेल व अन्य शामिल थे।

जनोपयोगी होगा जन शिकायत समाधान : डीआईजी वाइएस रमेश

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू प्रक्षेत्र के डीआइजी वाइएस रमेश ने पलामू एसपी सभागार में प्रेस वार्ता किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के निर्देश पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम राज्य स्तर पर चलाया जा रहा है। इसके तहत पलामू प्रमंडल के सभी अनुमंडल मुख्यालय में दस सितंबर को व्यापक रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जिसमें एसडीपीओ के अलावे कई पुलिस अधिकारी मौजूद रहेंगे जो शिकायतकर्ता से प्राप्त आवेदन पर विचार करते हुए त्वरित समाधान का प्रयास करेंगे। डीआईजी रमेश ने बताया कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम काफी जनोपयोगी होगा। इसका लोग लाभ उठायें। उन्होंने पलामू प्रमंडल वासियों से अपील करते हुए कहा कि अपनी समस्याओं के समाधान हेतू लोग संबंधित थाना या पुलिस पदाधिकारी के समक्ष आवेदन दें या ई मेल व्हाटस अप एवं टियूटर फेसबुक इस्टाग्राम के माध्यम से भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पलामू के गांव मुहल्लों व टोलों के लोग अपनी किसी भी प्रकार की समस्या को लेकर पुलिस के पास शिकायत दर्ज करायें जिसका समाधान दस सितंबर को पलामू प्रमंडल के सभी अनुमंडल क्षेत्रों में निर्धारित कार्यक्रम में पहुंचकर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिसका समाधान त्वरित होगा। इसकी सूचना शिकायतकर्ता को दी जायेगी। प्रेस वार्ता में एसपी रीष्मा रमेसन मौजूद थे।

कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। कामेश्वर अवध इंटरनेशनल स्कूल में डॉ एस राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। मौके पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की विरासत को सम्मानित किया। इस विशेष अवसर पर स्कूल के निदेशक संजीव कुमार तिवारी, प्रशासन विभाग के विजय कुमार दुबे, प्रधानाचार्य डॉ संगीता पांडे, अकादमिक हेड एसकेएल दास, मुकेश कुमार सिंह और सभी शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके की गई। मौके पर निदेशक ने कहा कि डॉ राधाकृष्णन एक प्रसिद्ध दार्शनिक और शिक्षक थे जिन्होंने भारतीय शिक्षा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका जन्मदिन भारत में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो शिक्षकों के योगदान को मान्यता देने और सम्मानित करने का अवसर है। कहा गया कि स्कूल डॉ राधाकृष्णन के दृष्टिकोण और आदर्शों से प्रेरित होकर एक समृद्ध शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

संत मरियम के 12 छात्र रांची रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सीबीएसई क्लस्टर 3, पटना प्रमंडल द्वारा रांची में आयोजित खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए संत मरियम विद्यालय से 12 छात्रों का चयन किया गया है। शारीरिक प्रशिक्षक आशुतोष पांडेय के निर्देशन में खेल प्रतियोगिता में चयनित बच्चों को रांची के लिए रवाना किया गया। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश एवं प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने समस्त बच्चों को जीत की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी सिर्फ अपने माता-पिता का भविष्य नहीं बल्कि इस विद्यालय सहित जिले का भी भविष्य है, और हमें भरोसा है कि निश्चित रूप से ये खिलाडी विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। खेल प्रतियोगिता के लिए चयनित छात्रों में रौशन कुमार, सतीश कुमार, रौशन कुमार, ओम प्रकाश सिंह, अर्षित राज, राज मेहता, पिंटू मुंडा, मोहित कुमार, विवेक प्रभात सिंह, नितेश कुमार सिंह, रौशन राज, प्रत्यूष गुप्ता का नाम शामिल है। यह खेल प्रतियोगिता रांची स्थित कैराली स्कूल, सेक्टर-2, एचईसी धुर्वा मे आयोजित की गई है।

उमवि लोहरा पोखरी हरिजन टोला में मना शिक्षक दिवस

सतबरवा। सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन का जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में उमवि लोहरा पोखरी हरिजन टोला में छात्र छात्राओं ने केक काटा कर धुमधाम से मनाया। इस दौरान सभी वर्ग कक्ष को आकर्षक ढंग से सजाया गया। वहीं छात्र छात्राओं ने अपने अपने गुरुजनों को उपहार देकर शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापिका बिमला कुमारी ने कहा कि गुरु का स्थान सर्वश्रेष्ठ होता है। भगवान से पहले गुरु की पूजा की जाती है। गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती है। गुरुओं का हमेशा सम्मान करना चाहिए। मौके पर विद्यालय के बच्चे उपस्थित थे।

डीआई पाइप चोरी में बड़ी कार्रवाई, टाटा अल्ट्रा ट्रक सहित दो अभियुक्त गिरफ्तार

चैनपुर पलामू। चैनपुर थाना क्षेत्र के रबदा नेनुआं ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत उपयोग किए जाने वाले पाइपों की चोरी का एक बड़ा मामला सामने आया है। गत 4 सितंबर को ग्राम अयोध्या कोल्हुआ, थाना चैनपुर के पास रखे गए 150 एमएम के–7 के डीआई पाइप कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक टाटा अल्ट्रा ट्रक (बीआर 26जीए 8829) में लोड कर चोरी किए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चैनपुर थाना द्वारा कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया गया। इस टीम ने त्वरित छापामारी कर चोरी में इस्तेमाल किए गए टाटा अल्ट्रा ट्रक को जब्त किया। ट्रक में कुल 48 पीस डीआई पाइप लोड पाए गए, जिनका उपयोग जलापूर्ति योजना में किया जाना था। चोरी के इस मामले में छह अभियुक्तों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। ट्रक के चालक राम इकबाल प्रजापति और उपचालक छोटू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

सुआ पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सदर प्रखंड अंतर्गत सुआ पंचायत सचिवालय में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभाग के स्टॉल लगाये गये थे। सरकारीकर्मी स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों के समस्या संबंधित आवेदन जमा लिये। इसके पूर्व शिविर का उदघाटन सदर प्रखंड उप प्रमुख शीतल सिंह निराला, सुआ उप मुखिया रामप्रवेश विश्वकर्मा, कौड़िया पंसस अजीत सिंह, ब्लॉक नाजीर सह एमओ सुनील कुमार, संजय कुमार चौरसिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में काफी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिये। शिविर में सबसे अधिक आवेदन अबुआ आवास व मईया सम्मान योजना संबंधित आये। शिविर में कुल नौ सौ लोगों ने समस्या संबंधित आवेदन जमा किये। सभी आवेदनों को रजिस्ट्रेशन कर ऑन किया जा रहा था। शिविर में पशुपालन विभाग, कृषि विभाग, पेंशन, आवास, स्वास्थ्य विभाग, आयुष्मान समेत कई विभाग के स्टॉल लगाये गये थे। मौके पर सदर उप प्रमुख ने कहा कि सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ लोग शिविर में आकर उठायें। रामप्रवेश विश्वकर्मा ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए संकल्पित हैं। मौके पर क्रांति मिंज, पंकज कुमार, जितेंद्र कुमार, कंचन कुमारी, संदीप, अरमान व ग्रामीण शामिल थे।

सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा : डॉ प्रवीण

मेदिनीनगर। लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के प्रस्तावित सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम को ले कर आम लोगों में बहुत ही उत्साह देखा जा रहा है। क्लब के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि आज होने वाले गोल्डन ऑवर इन ट्रॉमा एवं सीपीआर कैंप के लिए सभी विभाग, बहुत सारे स्कूलों और समाज के विभिन्न तबकों की ओर से जानकारी मांगी जा रही है। डॉ प्रवीण सिद्धार्थ ने बताया कि इस गोल्डन ऑवर ट्रॉमा एवं सीपीआर कैंप में जिला प्रशासन और पुलिसबल के अधिकारियों कर्मचारियों के अलावा स्कूलों के वार्डन और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े लोग भाग लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीसी शशि रंजन एवं विशिष्ट अतिथि एसपी पलामू रीष्मा रमेसन, भोर सिंह यादव, मो फैज अहमद डायरेक्टर हॉर्टिकल्चर एवं सिविल सर्जन पलामू रहेंगे। कैंप में कई चिकित्सक भी शामिल होंगे।

संपूर्ण प्रकृति ही हमारा गुरु : प्राचार्य

हुसैनाबाद पलामू। एके सिंह कॉलेज, जपला में डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन 5 सितंबर के अवसर पर प्राचार्य सूर्य मणि सिंह की अध्यक्षता में छात्र सेमिनार का आयोजन किया गया। मंच का संचालन भूगोल विभाग की छात्रा रिंकी कुमारी ने किया। विद्यार्थियों ने अपने वक्तव्य दिये, जिसमें निम्न थे–दिव्या कुमारी, किरण कुमारी, सोनम मेहता, शशि रंजन, रिंकी कुमारी और स्नेहा रानी। दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ राम सुभग सिंह ने कहा कि गुरु का व्यक्तित्व एवं व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि छात्र के सम्मान को आकृष्ट करे। शिक्षक प्रतिनिधि डॉ आनंद कुमार, एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो राजेश कुमार सिंह, डॉ अजय सिंह, डॉ आलोक रंजन ने भी अपने विचार पेश किये। प्राचार्य सूर्य मणि सिंह ने कहा कि पूरी प्रकृति ही हमारी गुरु है। प्रकृति के अवलोकन से ही हमारे ज्ञान संसार में वृद्धि होती है। धन्यवाद ज्ञापन प्रो राहुल कुमार सिंह ने किया।

रूचिकर पठन और पाठन देकर निशुल्क डिजिटल क्लास पा रहा मुकाम : दुर्गा तिवारी

इंडियन रोटी बैंक की उड़ान एजुकेशन स्क्वाड बना रहा है शिक्षा को रूचिकर, नि:शुल्क डिजिटल क्लास ले रहा गुरूकूल का स्वरूप

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालयों में पसंदीदा शिक्षक को सम्मान देने के लिए विद्यार्थी लालायित रहते हैं। ऐसी ही लालसा इंडियन रोटी बैंक द्वारा संचालित निशुल्क डिजिटल क्लास में देखने को मिली। जहां कमजोर वर्ग के बच्चों को प्रतिस्पर्धा के दौर में अव्वल बनाने में जुटे प्रबंधक को छात्रों का भरपूर सम्मान मिला। सेवादारी में अपने पति का साथ निभाने वाली उड़ान एजुकेशन स्क्वाड की कर्ताधर्ता दुर्गा तिवारी से बच्चे लिपटे नजर आए। उनका प्रयास शिक्षा के साथ संस्कृति एवं संस्कार की परिपाटी को स्वरूप प्रदान कर रहा है। वहीं गुरूवर की गरिमा देखने को मिली सेक्रेड हर्ट स्कूल के अध्यापक विनोद सिंह में, जिनसे बच्चे मार्गदर्शन पाकर अपने जीवन लक्ष्य को पाने के लिए प्रयासरत दिखे। इस दौरान निशुल्क डिजिटल क्लास में शिक्षा ग्रहण कर रहे आम परिवार के बच्चों ने क्लास सजाया, गुब्बारा लगाया, शिक्षक-शिक्षिका को तोहफा दिया, जमकर मस्ती की एवं शिक्षक दिवस पर आनंद उठाया। मौके पर संचालिका दुर्गा तिवारी ने कहा कि शिक्षा जीवन, जीवन चरित्र एवं जीवनशैली का आधार है। चरित्र निर्माण के साथ निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए नौनिहालों को मार्गदर्शक की आवश्यकता है। वर्तमान परिवेश में इंडियन रोटी बैंक द्वारा संचालित निशुल्क डिजिटल क्लास के माध्यम से गुरूकूल की परिकल्पना पूर्ण करने का प्रयास जारी है। जरूरतमंद बच्चों को कर्मक्षेत्र का चयन एवं लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग करने के लिए उड़ान एजुकेशन स्क्वाड कार्यरत है। शिक्षक विनोद सिंह ने शिक्षक दिवस के बारे में बच्चों को बताया। कहा कि छात्रों की सफलता में ही हमारी सफलता है। उड़ान एजुकेशन स्क्वाड में छात्रों की संख्या बढ़ना बता रहा है कि ऐसे क्लासेज की समाज में आवश्यकता है।

कटुअल हाई स्कूल में 15 को मेडिकल कैंप होगा आयोजित : अध्यक्ष अजीत दूबे



खबर मन्त्र संवाददाता

चैनपुर पलामू। प्रखंड ग्राम पंचायत पथरिया खुर्द के स्थानीय कटुवल कला के वर्तमान मुखिया रानी सिंह एवं पूर्व मुखिया सह युवा समाजसेवी विवेक सिंह से जनकल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे के नेतृत्व में जनकल्याण ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मुलाकात किया। मौके पर केंद्रीय संगठन सचिव नंदलाल दुबे, केंद्रीय कमेटी के सदस्य संतोष दुबे, अखिलेश पाठक, रविंद्र पांडे, सुदीप सिंह पलामू जिला संयोजक भूपेंद्र सिंह भी शिष्टाचार मुलाकात के दौरान शामिल थे। मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दूबे ने मुखिया व मुखिया प्रतिनिधि से कहा कि कटुअल कला हाई स्कूल में 15 सितंबर को मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया है। इसमें आपसभी की सहयोग व भागीदारी की आवश्यकता है। मेडिकल कैंप में चिकित्सक लोगों का स्वास्थ्य जांच कर इलाज करेंगे। विवेक सिंह ने बताया कि जनकल्याण ट्रस्ट सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहा है। सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाके में मेडिकल कैंप लगाना सराहनीय पहल है। मेडिकल कैंप से उन गरीबों को इलाज में सहायता मिलेगा जो पैसे के अभाव में स्वास्थ्य सुविधा से वंचित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हर संभव ट्रस्ट परिवार को मदद किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया है कि ट्रस्ट द्वारा 15 सितंबर को मेडिकल कैंप लगाया जा रहा है इसमें शामिल होकर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ उठायें।

मुखिया रानी सिंह ने बताया कि जनकल्याण ट्रस्ट का यह कार्य काफी सराहनीय है। यह उक्त जानकारी जनकल्याण ट्रस्ट उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पांडे ने दी।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में उत्साह के साथ भारी संख्या में शिविर तक पहुंच रहे है आम लोग

शिविर में ऑन द स्पॉट विभिन्न मामलों का किया गया निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

शिविर में लाभुकों को योजना का लाभ प्रदान करते उपायुक्त

गुमला। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के चौथे चरण के तहत चैनपुर प्रखंड के छीछवानी पंचायत में आयोजित शिविर का शुक्रवार को उपायुक्त श्री कर्ण सत्यार्थी के द्वारा निरीक्षण कर गया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने शिविर में आये आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के चौथे चरण के तहत गुमला जिला के सभी प्रखंडों अंतर्गत चयनित पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ताकि आमजन सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सके। इस कार्यक्रम के माध्यम से आमजन अपनी अपनी समस्या को सीधा रख सकते हैं। जिसका समाधान त्वरित गति से किया जाता है। उन्होंने कहा कि आपलोग अपनी-अपनी समस्या आवेदन के माध्यम से करें ताकि आपकी समस्याओं को त्वरित गति से समाधान किया जा सके और पात्र लाभुकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने सभी जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में शिविर में शामिल हों और राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं का लाभ लें तथा दूसरों को भी प्रेरित करें। आगे उन्होने कहा कि राज्य सरकार के द्वारा कई तरह की महत्वकांक्षी योजनाएं संचालित की जा रही है। अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना समेत अन्य योजनाओं का लाभ उठायें। शिविर में अलग-अलग विभाग के स्टॉल लगाये जा रहे हैं, जहां योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्राप्त किये जा रहे हैं। सभी आमजन योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करें। इस दौरान मौके पर अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ चैनपुर, प्रखंड विकास पदाधिकारी, चैनपुर, अंचलाधिकारी, चैनपुर समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने स्टॉल का किया निरीक्षण

शिविर में राज्य सरकार की योजनाओं यथा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड समेत योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये। उपायुक्त द्वारा स्टॉल का निरीक्षण किया गया। वहीं उपायुक्त ने आमजनों को योजना का लाभ देने के लिए अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त द्वारा वहां उपस्थित लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया एवं कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निस्पादन भी दिया गया।

खबर एक नजर में

कार्यक्रम का उद्देश्य कोई भी ग्रामीण सरकारी लाभ से न रहे वंचित : श्रीराम उरांव

कैरो। प्रखंड क्षेत्र के हनहट बुनियादी विद्यालय मैदान में शुक्रवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका बिधिवत उद्घाटन प्रखण्ड प्रमुख श्रीराम उरांव, प्रखंड सह अंचल अधिकारी छंदा भट्टाचार्जी व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उरांव ने करते हुए उपस्थित पंचायत के ग्रामीणों को वृद्ध-विधुवा, पेंसन, जात्ति आय, आवसीय प्रमाण पत्र, अबुवा आवास, स्वास्थ्य, जेएसएलपीएस, प्रखंड, अंचल सहित अलग अलग विभाग के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को अपने समस्या को लेकर आवेदन जमा करने के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि श्रीराम उरांव ने कहा की झारखंड सरकार द्वारा आम नागरिक की हित को ध्यान में रखते हुए यह कार्यक्रम हर पंचायत में आयोजित किया गया है ताकि कोई भी ग्रामीण सरकारी लाभ से वंचित न रह जाए, और हर तरह के जानकारी सभी विभाग के कर्मचारी द्वारा ग्रामीणों को दिया जाए। कार्यक्रम में उपस्थित होकर प्रखंड विकास पदाधिकारी छंदा भट्टाचार्जी ने खुद से एक एक ग्रामीणों की समस्या को सुना व कहा कि किसी भी हाल में कोई भी वृद्ध जो योग्य हैं उनका आवेदन न रह जाये और सरकार द्वारा जो भी योजनाएं संचालित है जिसमें मुख्यमंत्री मईया योजना, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, पशुपालन , आजीविका मिशन सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए सम्बन्धी विभाग से संपर्क करें और संबंधित कर्मचारी हर हाल में योजनाओं का लाभ देने के लिए आवस्यक कार्यवाही करें।

हमले में योगी सेना के जिलाध्यक्ष हुए घायल

लोहरदगा। जिले में एक बार फिर असमाजिक तत्वों द्वारा माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की गई। शहरी क्षेत्र स्थित वाल्मीकिनगर में गणेश पूजा स्थल को लेकर गुरुवार रात हिंदू संगठन के लोगो पर हुए हमला के बाद हिंदू संगठन ने थाने में आवेदन देकर करवाई का मांग किया है। विशेष समुदाय के लोगो द्वारा किए गए हमला में योगी सेना के जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर सहित कई लोग घायल हुए है। इसे लेकर प्रवीण ठाकुर ने लोहरदगा थाने में आवेदन देकर हमला करने वाले विशेष समुदाय के लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में आधा दर्जन से अधिक लोगों के नाम का भी जिक्र है। जानकारी के अनुसार वाल्मीकि नगर में पिछले 35 वर्षो से गणेश पूजा होते आ रही है गुरुवार देर शाम हिंदू संगठन के लोग और गणेश पूजा के आयोजक सदर थाना प्रभारी रत्नेश ठाकुर और अंचलाधिकारी आशुतोष कुमार के साथ पूजा स्थल चयन के लिए वाल्मीकिनगर पहुंचे थे। जब दोनों अधिकारी पूजा स्थल के चयन के बाद लौट गए तब विशेष समुदाय के कुछ लोगों ने उक्त स्थल पर पूजा नहीं होने देने की चेतावनी देते हुए गालीगलौज शुरू कर दी। साथ ही करीब 50 से अधिक लोगों ने हिंदू संगठन योगी सेना के जिला अध्यक्ष प्रवीण ठाकुर और उसके साथियों पर हमला कर दिया। हमलावरों ने बेल्ट खोलकर पूजा आयोजन समिति के लोगों पर भी हमला कर दिया।

स्पीड न्यूज

मुख्यमंत्री के समक्ष होने वाली कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक 8 को

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल व ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच गुमला के तत्वाधान में गुमला कचहरी में सहारा इंडिया, एपीलाईन, साईं प्रकाश, बेसिल, विश्वामित्र, वेलफेयर इत्यादि दर्जनों ननबैंकिंग कंपनियों में लोगों के खून पसीने की जमा पैसे की जल्द भुगतान की मांग को लेकर 11 सितंबर को रांची में मुख्यमंत्री के समक्ष होने वाली जन प्रदर्शन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर 8 सितंबर को बैठक होगी। बैठक में जमाकर्ता जो सरकार को भेजने वाली विवरणी पर्ची नहीं भर कर जमा कर पाए हैं। उनकी विवरणी पर्ची जमा ली जाएगी तथा रांची जन प्रदर्शन कार्यक्रम में जाने वालों की सूची भी मांगी गई है। गुमला जिले के जिनका पैसा डूब गया है वैसे सभी जमाकताओं से ननबैंकिंग कंपनी पीड़ित मंच द्वारा कहा गया है कि 11 सितंबर को रांची चलने की तैयारी जल्द पूरा कर लें ताकि विवरणी पर्ची एक अच्छा जन प्रदर्शन कार्यक्रम के जरिए सरकार के पास जमा की जा सके।

शिक्षक दिवस पर इनर व्हील ने किया पांच शिक्षिकाओं को सम्मानित

गुमला। शिक्षक दिवस के अवसर पर इनर व्हील क्लब गुमला के द्वारा समारोह आयोजित कर पांच शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। इनर व्हील क्लब अपने प्रोजेक्ट आई आई एलएम के तहत संपूर्ण साक्षरता व शिक्षा को लेकर उक्त कार्यक्रम का आयोजन निर्मला अग्रवाल की अध्यक्षता में की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया गया। वहीं सर्वपल्ली डाक्टर राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर क्लब के सदस्यों ने उन्हें नमन किया। जिसके बाद शिक्षिका नीता हरितिमा, दिव्य सरिता मिंज, मिलरेड टोप्पो व नीलम प्रतिमा मिंज को शॉल ओढ़कार सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इनर व्हील के आईएसओ अकांक्षा पंकज ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की भी जांच की गयी। कार्यक्रम मेंमंच का संचालन फ्लोरा मिंज व धन्यवाद ज्ञापन उषा देवी ने की।

संवेदक से लेवी मांगने व पुल निर्माण कार्य में तोड़ फोड करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

- विनोद जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी सड़क निर्माण का करा रही है काम, 40 लाख संवेदक से मांगी थी लेवी
- पुल निर्माण में लगे वाहनों में किया था तोडफोड, गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक देशी कट्टा, छः जिंदा गोली, घटना में प्रयुक्त बाईक बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता

गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ एसपी, एसडीपीओ व अन्य

गुमला। बसिया पुलिस ने बसिया से सिसई तक रोड निर्माण करा रहे छतीसगढ़ के विनोद जैन कंस्ट्रक्शन कंपनी के संवेदक धर्मेंद्र जैन से 40 लाख लेवी मांगने व पोकटा स्थित पुल निर्माण कार्य में लगे वाहनों में तोड़फोड व कर्मियों के साथ मारपीट करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में 21 वर्षीय शंकर प्रधान, 20 वर्षीय आजाद साहु व 21 वर्षीय गणेश हजाम के नाम शामिल है।

सभी बसिया थाना क्षेत्र के कुम्हारी गांव के रहने वाले हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से पुलिस ने एक लोडेड देशी कट्टा, छः जिंदा गोली, अभियुक्तों का मोबाईल व घटना में प्रयुक्त बाईक पुलिस ने बरामद किया है। इस संबंध में शुक्रवार को एसपी शंभू कुमार सिंह ने प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि घटना के उदभेदन के लिए एसडीपीओ बसिया के नेतृत्व में एक एसआईटी टीम का गठन किया गया था। गठित टीम अनुसंधान व छापामारी के क्रम में शंकर प्रधान की तलाशी ली तो उसके पास से एक देशी कट्टा गोली व उसके घर से उसके सहयोगी गणेश हजाम के पास से पांच जिंदा गोली बरामद किया गया। वहीं पुलिस ने शंकर प्रधान के घर से ही आजाद साहु को गिरफ्तार किया।

पूछताछ के क्रम में अभियुक्तों ने घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की और बताया कि घटना को अंजाम देने में सतीश, संतोष गोप, संजय व एक अन्य व्यक्ति का नाम बताया। जिसे भाटु के नाम से जाना जाता है। वहीं पुलिस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चला रही है। एसपी ने कहा कि ब्लैक टाईग्र नाम का गिरोह बनाकर इन अभियुक्तों के द्वारा कांड को अंजाम दिया गया था। एसपी ने कहा कि सड़क व पुल निर्माण के लिए कंस्ट्रक्शन कंपनी को सुरक्षा प्रदान की गयी है।

कंपनी काम तेजी से करके हर संभव सुरक्षा प्रदान की जाएगी। छापामारी अभियान में थाना प्रभारी बसिया सुनिल रविदास, थाना प्रभारी पालकोट मो. जहांगीर, थाना प्रभारी कामडारा शशि प्रकाश, पुनि जितेंद्र कुमार राम आदि शामिल थे।

पति के दीर्घायु जीवन के लिए सुहागिनों ने किया तीज व्रत

तीज व्रत पर भगवान शिव की पूजा करती सुहागिन महिलाएं

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। गुमला के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को हरितालिका तीज व्रत श्रद्धा भक्ति और विश्वास के साथ संपन्न हो गया। पति के दीर्घायु जीवन के लिए सुहागिनों ने दिन भर निर्जला उपवास रखकर और भगवान शिव की पूजा कर तीज व्रत की विधि पूरा की। कहा जाता है कि पर्वत राज हिमालय अपनी पुत्री पार्वती को भगवान विष्णु से विवाह करना चाहते थे। लेकिन पार्वती अपना शादी भगवान शिव से करना चाहती थी। पार्वती की जिद को देखते हुए उनकी सहेलियों पार्वती को जंगल ले गए। जंगल में पार्वती ने भगवान शिव के लिए कड़ी तपस्या की और भगवान शिव को पति के रूप में हासिल की। पति के प्रति पार्वती का स्नेह की प्रेरणा से सनातन धर्मावलम्बियों ने भाद्र मास शुक्ल पक्ष के तृतीया तिथि को तीज व्रत के रूप में भगवान शिव की पूजा करते हैं।

शुक्रवार को सुहागिनों ने दिन भर उपवास रखा और सुविधा के अनुरूप देवालयों, घरों एवं आंगन आदि स्थानों में पुरोहित के वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना की। धूप दीप अच्छत चंदन से पूजा के बाद प्रसाद के रूप में फल नैवेद्य पेड़ोकिया एवं श्रृंगार भगवान शिव को चढ़ाया गया। तीज पर्व में पेड़ोकिया का विशेष महत्व होता है। जिस कारण घर में लोग पवित्रता के साथ परिवार के सदस्य सामुहिक रूप से पेड़ोकिया बनाते हैं और पूजा के बाद प्रसाद के रूप में बांटते हैं। पूजा के बाद सुहागिनों ने पुरोहित से हरितालिका व्रत कथा का श्रवण किया और पति की दीर्घायु जीवन, परविार के सुख शांति व समृद्धि की कामना की।

अंधकार रुपी जीवन में शिक्षा देकर शिक्षक प्रकाश की ओर ले जाते हैं: रविंद्र

कार्यक्रम में छात्रा को पुश्रसकृत करते अतिथि

खबर मन्त्र सांवददाता

घाघरा। कार्तिक उरांव आदिवासी बाल विकास विद्यालय पुटो में शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया। वहीं विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। नृत्य गीत व नाटक का मंचन किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि सीआरपीएफ डीआईजी को अंग वस्त्र और उपहार देकर स्वागत किया। मौके पर डीआईजी रविंद्र भगत ने कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन के याद में गुरु के सम्मान को लेकर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। आप सभी बच्चे शिक्षकों और बड़े बुजुर्गो का आदर करें सम्मान दे। क्योंकि अंधकार रुपी जीवन में हमे शिक्षा देकर शिक्षक प्रकाश की ओर ले जाते है। माता-पिता के रूप में शिक्षक हमें शिक्षा देकर हमें बेहतर मुकाम तक पहुंचाते है। शिक्षा ही एक ऐसी चीज है जिसे कभी चुराया नहीं जा सकता। शिक्षा प्राप्त कर हम खुद को एक बेहतर जगह पर स्थापित करते हैं। जिसमें शिक्षकों का योगदान देव तुल्य है। वहीं अन्य अतिथियों ने भी संबोधन किया।

सड़क सुरक्षा वअपराध नियंत्रण को लेकर चैनपुर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

वाहनों की जांच करते चैनपुर पुलिस के जवान

चैनपुर। चैनपुर थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी के नेतृत्व में शुक्रवार को चैनपुर पुलिस ने मुख्यालय क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप सड़क सुरक्षा को लेकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो पहिया वाहन के हेलमेट, ड्राइविंग लाइसेंस, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन तथा कागजों का जांच की जा रही है। थाना प्रभारी कुन्दन चौधरी ने बताया की सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है और आगे भी नियमित रूप से वाहन जांच अभियान चलता रहेगा। सभी वाहन चालक जब अपने घरों से निकले तो हेलमेट का प्रयोग करें एवं गाड़ी से संबंधित सभी कागजात अपने साथ रखें नशापान कर गाड़ी नं चलाएं। वहीं थाना प्रभारी के द्वारा सभी अभिभावकों से अपील की गई की वे अपने नबालिक बच्चों को स्कूल जाने के लिए गाड़ी न दे क्योंकि आए दिन देखा जा रहा है कि कम उम्र के बच्चे सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं और हादसे में मौतें भी हो रही है। इसलिए सभी अभिभावक को इस पर जागरूक होने की जरूरत है। वहीं वाहन जांच के दौरान सभी वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर चलने की अपील की गई। इस मौके पर चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी सहित थाने के जवान मौजूद थे

भोजन की तलाश में जंगली हाथी जंगल छोड़ गांव की ओर पहुंच रहे हैं

खबर मन्त्र संवाददाता

जंगल छोड़कर बाहर निकलता हाथी

जारी। भोजन की तलाश में इन दिनों जंगली हाथी जंगल छोड़ गांव की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। गुमला जिले के जारी,चैनपुर डुमरी के कई गांव में जंगली हाथी प्रवेश कर उत्पात मचाना शुरू कर दिया है। हाथियों ने कई किसानों के धान की फसलों को बर्बाद कर दिया है। जंगली हाथी सालों भर चैनपुर,डुमरी,जारी घूमते फिरते हैं। जबकि रोजाना किसी न किसी किसान के धान को खाकर या रौंद कर बर्बाद कर देते है। जिसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। जबकि जारी के श्रीनगर, चटकपुर, रेंगारी, सिंघपुर सहित चैनपुर व डुमरी के कई किसानों को जंगली हाथियों के द्वारा फसल बर्बाद करने की मुआवजा अब तक नहीं मिली है। दूसरी तीसरी बार एक ही किसान के फसलों को जंगली हाथी के द्वारा बर्बाद किया गया है। जबकि किसानों का कहना है कि उन्हें हर समय नुकसान झेलना पड़ता है। कभी मानसून की मार से तो कभी जंगली हाथी के उत्पाद मचाने से। क्षेत्र में जंगली हाथी पिछले कई सालों से अपना अड्डा जमाये हुए हैं। जिसमें चैनपुर प्रखंड के बम्हनी, छतरपुर,किरतो,नातापोल,डुमरी प्रखंड के बरटोली,हथलदा,सिरमी, कुसुमटोली,जारी प्रखंड के श्रीनगर,कोड़ी,रेंगारी सिंहपुर इलाकों में जंगली हाथी सालों भर चक्कर लगाते रहते हैं। वहीं जंगली हाथी के तांडव से ग्रामीण काफी त्रस्त है। साथ ही ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि गांव में किसी प्रकार की कोई लाइट या हाथी भगाने के लिए बम और पटाखा नहीं दिया जाता है। यदि गांव में जंगली हाथी घुसते हैं तो मजबूरन ग्रामीणों को रतजगा करना पड़ता है। ग्रामीण अपने से मसाल बनाकर जंगली हाथी को खदेड़ते हैं।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, रॉंची

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0 / रॉंची–10 / 2024–25 दिनांक :–05.09.2024

1.	कार्य का नाम	डीबडीह ROB (हरमू बाईपास पर अवस्थित) के पास Railway Level Crossing से मेकॉन आर०यू०बी० तक पथ निर्माण कार्य वर्ष 2024–25.
2.	प्राक्कलित राशि (रू० लाख में)	रू० 694.54275 लाख (छः करोड़ चौरानबे लाख चौवन्न हजार दो सौ पचहत्तर) मात्र।
3.	अग्रधन की राशि (रू० लाख में)	रू० 6.95 लाख (रूपये छः लाख पनचानबे हजार) मात्र।
4.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	06 (छः) माह
5.	वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि	09.09.2024 02.30 बजे पूर्वाह्न
6.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि / समय	23.09.2024 12.00 बजे दोपहर तक
7.	निविदा खोलने तिथि / समय	24.09.2024 12.30 बजे
8.	निविदा प्रकाषित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल रॉंची, मोहराबादी, रॉंची–834008.
9.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	0651–2361018
10.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651–2403007

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे *Tender Online Upload* में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार में निबंधित संवेदकों के लिए *UCAN* निबंधन आवश्यक है।
- नियम एवं शर्तें के लिए वेबसाईट *http://jharkhandtenders.gov.in* पर देखें।

PR 334918 Road Construction Dept
Road Division Ranchi(24-25).D

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल,रॉंची

Annexure1
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 09/2024-25
Date :-06/09/2024

1.	Name of the work	Increasing The Height Of Boundary Wall, Installation Of Gate And Laying Of Paver Blocks At Government School, Nemra, Block-Gola, Dist- Ramgarh
2.	Estimated Cost (Rs. In Lakhs)	Rs. 18.606 Lakhs
3.	Time of Completion	6 Months
4.	Date of Publication of E-Tender on website	09/09/2024 (2:00 PM)
5.	Last date/Time for submission of E-Tender Bids	16/09/2024 (up to 5:00 PM)
6.	Online submission of Tender Fee and EMD	e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 16/09/2024 (up to 5:00 PM)
7.	Date of opening of e-tender	18/09/2024 (2:00 PM)
8.	Name & address of office in inviting tender	Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh
9.	Contact number & Email ID of e-procurement officer	06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com
10.	Helpline number of e-procurement cell	0651-2491232

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 335074 Minor Irrigation(24-25)#D

Annexure1
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
MINOR IRRIGATION DIVISION, RAMGARH

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

Tender Reference No. WRD/MID/RAMGARH F2 - 06/2024-25
Date :-06/09/2024

1.	Name of the work	Construction of PCC Road and Pucca Drain with cover from main road to Sarvendu Singh House including Kishore Singh House to Raju Singh House at Patratu, Block- Patratu, Dist- Ramgarh
2.	Estimated Cost (Rs. In Lakhs)	Rs. 74.039 Lakhs
3.	Time of Completion	6 Months
4.	Date of Publication of E-Tender on website	09/09/2024 (2:00 PM)
5.	Last date/Time for submission of E-Tender Bids	16/09/2024 (up to 5:00 PM)
6.	Online submission of Tender Fee and EMD	e-Procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) 16/09/2024 (up to 5:00 PM)
7.	Date of opening of e-tender	18/09/2024 (2:00 PM)
8.	Name & address of office in inviting tender	Executive Engineer Minor Irrigation Division, Ramgarh
9.	Contact number & Email ID of e-procurement officer	06553-231173/8292457160 eemidramgarh24408@gmail.com
10.	Helpline number of e-procurement cell	0651-2491232

Note :- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

कार्यपालक अभियन्ता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, रामगढ़

PR 335050 Minor Irrigation(24-25).D

मुफ्तखोरी का परिणाम

अब धीरे-धीरे ही सही पंजाब व हिमाचल सरकारों के मुखियाओं को अहसास होने लगा है कि वित्तीय संकट दरवाजे पर दस्तक दे रहा है। लगातार बढ़ते राजस्व घाटे व बड़ी होती देनदारियों से सत्ता में बैठे राजनेताओं को बखूबी पता चल रहा है कि सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये मुफ्त का जो चंदन घिसा जा रहा था, वह राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रहा है। यहां तक कि कर्मचारियों को वेतन व रिटायर कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किल आ रही है। गाल बजाकर बड़ी-बड़ी घोषणाएं करने वाले राजनेता तनख्वाह व पेंशन की तारीख आगे बढ़ाकर दावा कर रहे हैं कि इससे राज्य को आर्थिक बचत होने वाली है। संवेदनहीन राजनेताओं को इस बात का अहसास नहीं है कि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई समय पर चुकानी होती है। जिसको लेकर बैंक कोई रहम नहीं दिखाते हैं। विभिन्न दलों की शाहखर्ची ने राज्यों की आर्थिकी की हालत पहले ही पस्त कर रखी है। राजनेताओं ने कभी वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं किया। दिल्ली से लेकर पंजाब तक आप सरकारों ने तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांटी हैं। दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्टा बैठ जाता है। फिर उसकी आर्थिकी कभी नहीं संभल पाती। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। मुफ्त की राजनीति के चलते इन महकमों के विस्तार व विकास पर ब्रेक लग जाता है। बीते वित्तीय वर्ष की आर्थिक बदहाली को दशार्ती कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे राज्य सरकार की आय का बड़ा हिस्सा पुराने कर्ज चुकाने में चला जा रहा है। यह चिंताजनक है।

मजबूत संघवाद

इस बात के प्रचुर प्रमाण मौजूद हैं। राजनीति विज्ञानियों के शोध अध्ययन में भी यह तथ्य सामने आ चुका है। प्रश्न यह है कि हो क्या रहा है? इसका उत्तर यह है कि भाजपा का लक्ष्य केवल किसी क्षेत्रीय दल की ताकत को कम करना या कुल मिलाकर क्षेत्रीय दलों को कमजोर करना नहीं है। भाजपा अब संघीय स्तर पर अपनी शक्ति को एकजुट कर चुकी है और वह न केवल क्षेत्रीय दलों को कमजोर करना चाहती है बल्कि वह राज्य सरकारों के महत्त्व को ही कम करना चाहती है। कर के मामलों में राज्यों की आजादी कम करना, राजस्व में उनका हिस्सा कम करना और व्यय पर उनके नियंत्रण को सीमित करना इसी प्रक्रिया का हिस्सा हैं। इंदिरा गांधी के दौर की कांग्रेस की तरह मौजूदा भाजपा राज्यों को अस्थिर करने वाला और बांटने वाला मानती है। मोदी की चलताऊ टिप्पणियां भी बहुत सलीके से निशाना लगाकर की गई होती हैं। राज्य स्तरीय कल्याण व्यवस्था पर हमले करना दो वजहों से दिक्कत वाला है। इनमें से एक वजह नीतिगत है तो दूसरी राजनीतिक। नीतिगत स्तर पर देखें तो ऐसा इसलिए है कि राज्य सरकारें नीतिगत नवाचार और सेवा आपूर्ति की दृष्टि से प्रमुख हैं। उनके लिए यह आवश्यक है कि वे प्रयोग करने में सक्षम रहें तथा उनकी जवाबदेही हो। मध्याह्न भोजन से लेकर छात्राओं के लिए साइकल तक सबसे बेहतरीन विचारों को अक्सर अपनाया गया है। गरीब से गरीब भारतीयों के लिए भी यह अहम है कि ये प्रक्रिया चलती रहे। राजनीतिक कारण भी उतने ही महत्त्वपूर्ण हैं। देश के क्षेत्रीय दलों के लिए कल्याण योजनाओं की डिजाइन एक अहम अंतर पैदा करती है। ऐसा बना रहे और यही देश के हित में भी है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो क्षेत्रीय दल बहुत बड़े पैमाने पर उपराष्ट्रीय पहचान के सहारे स्वयं को अलग दिखाएंगे।

नामी कौन?

धर्म-प्रवाह

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

समझुत सरिस नाम अरु नामी,
प्रीति परस्पर प्रभु अनुगामी।

नामी नाम के सदृश है, दोनों में प्रेम पगट है। जैसे भारतीय नारी मन-बुद्धि अर्पित कर पति का काम करती है। बाहरी जगत में वह पति के नाम से ही व्यवहार करती है, पति के नाम से ही उसकी पहचान है एवं जानी जाती है। उसी प्रकार शिष्य जब सदगुरु को अपना एक मात्र ठिकाना बना लेता है। अपना तन, मन और बुद्धि सद्गुरु में अर्पण कर देता है। उसकी जिंदगी सदगुरु के आज्ञाधीन हो जाता है तब वह शिष्य अपने ह्दय में गुरु का नाम धारण करता है। उसे नामी कहते हैं। नाम धारण करते ही उसके सारे दुखदायी वासना का नाश हो जाता है। उसका मोह समाप्त हो जाता है। वह अपने अहंकार को भूलकर गुरु का नाम-रूप धारण कर लेता है। उसके ह्दय में स्थित अज्ञान तिमिर का नाश हो जाता है। वह ज्ञान प्राप्त कर परमशांति को प्राप्त होता है। उसे परमानंद की प्राप्ति होती है। उसका जन्म-मरण का चक्र छूट जाता है। वह निर्भय, निर्वाण और अगम पद को प्राप्त कर लेता है।

नाम महिमा का मतलब तुरंत है। वह अमृत तुल्य है। नाम छंद में पाने से चारो ओर मंगल ही मंगल है। उसकी वंदना सरस्वती और गणेश कर रहें हैं।

तीरथ अमित कोटि सम पावन,
नाम अखिल अघ पूग नसावन।

नाम हीय में घारण करने पर करोड़ों तीरथ से अथाह पावन करता है। सभी पाप जल जाते हैं। जीव के मालिक सौ करोड़ हिमालय से ज्यादा अचल हैं।

(ब्रम्ह विद्यालय एवं आश्रम, राजपुर)

कॉर्टून वर्ल्ड

खराब होता विश्व पर्यावरण



साभारः कॉर्टूनमूवमेंट डॉटकॉम

लेटर टू एडिटर

खेल-कूद जरूरी

मोहल्लों, हाउसिंग सोसायटियों में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन इस बात को लेकर रणनीति बनाएं कि किस तरह शारीरिक दूरी और अन्य रक्षात्मक उपायों को अपनाते हुए बच्चों के लिए घर से बाहर सक्रिय होने का इंतजाम किया जाए। अगर युवाओं में निराशा घर करेगा तो उसके दुष्परिणाम सामने अवश्य आयेंगे और आ भी रहें हैं। हमें इस बिंदु पर सर्तक रहना है।

-विक्की धान, रांची

बच्चों को बचायें

दुनिया भर के बाल मनोवैज्ञानिकों ने इस बात पर चिंता जताई है कि ज्यादातर घरों में बच्चों को इस बीमारी को लेकर ठीक से प्रशिक्षित नहीं किया। बच्चों को बाहर जाने से रोकने के लिए कोरोना को भूत बताना और तुम्हें खा जाएगा जैसे अवैज्ञानिक तरीकों ने उनके दिमाग पर विपरीत असर डाला। आवश्यकता है कि हम बच्चों को न डरायें।

-विवेक सिन्हा, हजारीबाग

मोदी सरकार के खिलाफ फर्जी आर्थिक आख्यानों का जवाब



-पंकज

> विश्व 2050 तक जीरो उत्सर्जन को अपना लेगा। अनुमान यह है कि तब भारत की अर्थव्यवस्था 7 अरब टन से अधिक कार्बन उत्सर्जन के स्तर को पार कर सकती है। हमारे नेट जीरो के रास्ते में हरित तकनीकों जैसे सौर और पवन ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलटी, हरित हाइड्रोजन और पौधों के प्रोटीन के क्षेत्रों में अत्यधिक व तुरंत निवेश की जरूरत होगी।

आम लोगों में डर पैदा करने के लिए विपक्षी दल, कुछ एनजीओ और वैश्विक बाजार की ताकतें प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में सनसनीखेज और झूठे आख्यान फैला रही हैं, जिससे वे सरकार के खिलाफ विद्रोह कर सकें और विभिन्न चुनावों के दौरान सबक सिखा सकें। फर्जी आर्थिक आख्यानों में शामिल हैं- मोदी सरकार के भारी-भरकम ऋण भविष्य में अर्थव्यवस्था की गिरावट के लिए ज़िम्मेदार होंगे और भारत जल्द ही आर्थिक रूप से विफल राष्ट्र बन जाएगा।

जब नरेन्द्र मोदी ने 2014 में प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभाला था, तब भारत की जीडीपी पहले 64 वर्षों के दौरान 1.7 ट्रिलियन डॉलर थी और यह मोदी के नेतृत्व में पिछले दशक में 4 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ गई है। यह विपक्षी दलों और सरकारों को अस्थिर करने के अन्य लोगों द्वारा झूठे आख्यानों के व्यापक प्रचार को दशार्ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 से बागडोर संभालने के बाद से, भारत ने परिकलित अवधि ऋण को चुकाने के लिए मिलान करने वाली व्यवहार्यता के बिना एक भी ऋण बिना अध्ययन किये नहीं लिया है और इसके विपरीत अपने शासन के पिछले 10 वर्षों में विश्व बैंक, एशियाई बैंक, आदि को पिछले सरकारों के लगभग 35% ऋण चुकाए हैं और अब अन्य देशों को ऋण और वित्त देने की स्थिति में हैं। भारत की अर्थव्यवस्था विश्व स्तर पर महत्वपूर्ण है। इसमें एक विशाल, युवा आबादी के साथ-साथ खुली, लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रणाली है। यह वर्तमान में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पीपीपी) है '

विकास का सिर्फ एक उदाहरण, भारत में 111 यूनिकॉर्न हैं, जिनका संयुक्त मूल्यांकन 349.67 बिलियन डॉलर है। 2021 में, 45 यूनिकॉर्न शुरू हुए, जिनका कुल मूल्य 102.30 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि 2022 में 22 यूनिकॉर्न पैदा हुए, जिनका कुल मूल्यांकन 29.20 बिलियन डॉलर था। भारत में वर्तमान में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा यूनिकॉर्न बेस है। आने वाले वर्षों में कांग्रेस सरकार द्वारा की गई गलतियों और विसंगतियों के लिए बड़े कर्ज का निपटान किया जाएगा।

ऋण की अवधारणा को समझना

सभी ऋण बुरे नहीं होते, जिसमें व्यक्तिगत ऋण भी शामिल है। उदाहरण के लिए, किसी व्यक्ति पर 50 लाख रुपये का गृह ऋण हो सकता है लेकिन बदले में उसके पास अपना घर जैसी संपत्ति होती है और वह शांति से रह सकता है। जबकि व्यक्तिगत ऋण आमतौर पर नकारात्मक होता है, संगठन और राष्ट्र अपने विकास को बढ़ावा देने के लिए ऋण लेते हैं।

एक युवा सेब का पेड़ और एक बड़ा कर्ज होना अच्छा है क्योंकि इससे आपकी सेब की आपूर्ति बढ़ेगी। एक परिपक्व पेड़ के साथ एक बड़ा कर्ज होना भयानक है क्योंकि इससे आपकी आय में कोई खास सुधार नहीं होगा (उदाहरणः इटली)। जब आपके पास एक बड़ा कर्ज है (उदाहरण के लिए, जापान) तो एक मरते हुए पेड़ के साथ एक नया पेड़ न लगाना बेहद अवांछनीय है। सिंगापुर की रेटिंग दुनिया में सबसे ज्यादा है, बावजूद इसके कि उसका जीडीपी ऋण अनुपात (100% से ज्यादा) ज्यादा है। ऐसा इसलिए है क्योंकि जो मायने रखता है वह यह है कि आप उधार लिए गए पैसे का क्या करते हैं। सिंगापुर पैसे उधार लेता है और उसे संपत्ति बनाने में निवेश करता है, जिससे कर्ज का मूल्य बढ़ता है। यह सरल अर्थशास्त्र है। नतीजतन, वे कर्ज और ब्याज चुकाने में सक्षम हैं और साथ ही इससे लाभ भी कमा रहे हैं। भारत यही कर रहा हैः यह बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए कर्ज का उपयोग कर रहा है, जिससे कर्ज का मूल्य बढ़ रहा है। भारत के पास अतिरिक्त कर्ज लेने की गुंजाइश है, जो एक सकारात्मक बात है। एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था को बड़े पैमाने पर निवेश को निधि देने के लिए अधिक मात्रा में कर्ज की आवश्यकता होती है।

भारत की अपने ऋण को चुकाने की क्षमता को प्राथमिकता देनी चाहिए, जिसे अक्सर ₹ऋण चुकाने की क्षमता₹ के रूप में जाना जाता है। यह आंशिक रूप से भारतीय सरकार की डॉलर के बजाय रुपये में सौदे करने की क्षमता के कारण हो सकता है, जिससे बाद के मूल्यवृद्धि से बचाव होता है। साथ ही बेहतर ऋण शर्तें सुनिश्चित होती हैं और कुल ऋण के अनुपात के रूप में भारत के विदेशी भंडार में सुधार होता है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भारत का विदेशी ऋण काफी बढ़ गया है। हालांकि, जीडीपी के प्रतिशत के रूप में भारत का विदेशी ऋण कम हुआ है। यूपीए के वर्षों के दौरान विदेशी ऋण-जीडीपी अनुपात लगभग 24% था लेकिन तब से यह घटकर 18% से थोड़ा अधिक रह गया है। अगर आप भारतीय केंद्र सरकार के कुल ऋण पर विचार करें, तो भारत बड़े पश्चिमी देशों की तुलना में कहीं बेहतर स्थिति में है। भारत का ऋण जीडीपी का लगभग 83% है, जबकि जापान का 261% और संयुक्त राज्य अमेरिका का लगभग 121% है। अमेरिकी संघीय सरकार का पूरा ऋण 34 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है, जबकि भारतीय केंद्र सरकार का लगभग 2.06 ट्रिलियन डॉलर है।

हमें स्पष्ट होना चाहिएः ऋण दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं को ईंधन देता है। लेकिन इन ऋणों का उपयोग उत्पादक उद्देश्यों, जैसे पूंजीगत व्यय के लिए किया जाना चाहिए। भारत को सालाना अरबों डॉलर के निवेश की आवश्यकता है और हमारे पास स्पष्ट रूप से इतना पैसा नहीं है, इसलिए हम इन परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए ऋण लेंगे। हमें ऋणों के बारे में तब तक चिंतित नहीं होना चाहिए जब तक कि उनका उपयोग पूंजीगत व्यय के लिए न किया जाए।

मेरा मानना है कि भारतीय कर्ज नियंत्रण में है और जब तक हम स्थिर गति से आर्थिक रूप से विस्तार करना जारी रखते हैं, तब तक चिंतित होने की कोई आवश्यकता नहीं है। 2013 में, प्राइम लैंडिंग दर लगभग 12.5 से 13% थी, लेकिन अब यह 8.4 से 8.75% है, जो दशार्ता है कि औसत भारतीय का कर्ज का बोझ काफी कम हो गया है।

खास बात

शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण

नागेन्द्र सिंह

आप चाहते हैं कि कोई संक्रामक रोग या किसी भी तरह के अन्य रोग आपके शरीर पर हावी ना हों तो इस बात पर ध्यान दें। शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाना कई रोगों का कारण बनता है। ऑक्सीजन का स्तर कम होने पर सबसे जल्दी और सबसे बुरा असर हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। इस स्थिति में कोई भी वायरस और बैक्टीरिया हमारे शरीर पर हावी हो सकता है।

शरीर में ऑक्सीजन की कमी के लक्षण

- शरीर में ऑक्सीजन की कमी होने से अर्थ है कि शरीर को अपनी नियमित क्रियाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए जितनी मात्रा में ऑक्सीजन चाहिए, उतनी मात्रा में ऑक्सीजन ना मिल पाना।

-जब शरीर में ऑक्सीजन की कमी होती है तो सबसे पहले व्यक्ति को थकान महसूस होती है, सांस लेने में दिक्कत होने लगती या सांस फूलने लगता है। इसके बाद शरीर में रक्त के प्रवाह की गति धीमी हो जाती है। इससे थकान और घबराहट बढ़ जाती है।

-यदि शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बहुत कम हो जाए तो ब्रेन डैमेज और हार्ट अटैक तक की स्थिति बन जाती है। शुगर के रोगियों में यदि ऑक्सीजन की कमी हो जाए तो उनकी शुगर अचानक बहुत अधिक बढ़ सकती है, जो कि एक जानलेवा स्थिति भी बन सकती है।

-ऑक्सीजन का स्तर अचानक से बहुत अधिक घट जाने पर शरीर में थायरॉइड हॉर्मोन का संतुलन गड़बड़ा जाता है। इस स्थिति में थायरॉइड का स्तर या तो बहुत अधिक बढ़ सकता है या बहुत अधिक घट सकता है।-शरीर में ऑक्सीजन की कमी के कई कारण होते हैं, जो व्यक्ति की लाइफस्टाइल पर निर्भर करते हैं। जो लोग बहुत अधिक आलस से भरपूर जीवनशैली जीते हैं यानी फिजिकल ऐक्टिविटी नहीं करते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो जाती है।

-जो लोग बहुत अधिक शारीरिक श्रम करते हैं लेकिन उसके हिसाब से डायट नहीं लेते हैं, उनके शरीर में भी ऑक्सीजन की कमी हो सकती है।

हम भारतीय रेल को पूरी तरह से ट्रांसफॉर्म कर रहे हैं।

आज देश में रेलवे स्टेशनों को भी एयरपोर्ट्स की तरह डवलप किया जा रहा है।

-अश्विनी वैष्णव, रेल मंत्री

रोचक ट्वीट

झारखण्ड के हमारे लाखों नौनिहालों को शिक्षा में मदद के लिए दो से तीन गुना बढ़ोतरी के साथ प्री-मैट्रिक स्कॉलरशिप अबुआ सरकार द्वारा दी जा रही है।

ताज्जुब की बात है 11 साल तक इस छात्रवृत्ति की राशि में कोई भी बढ़ोतरी नहीं हुई थी। **-हेमंत सोरेन,**

भारत में जनभागीदारी और जनआंदोलन से जल संरक्षण और प्रकृति संरक्षण का अनूठा अभियान चल रहा है। आज गुजरात के सूरत में 'जल संचय जनभागीदारी पहल' का शुभारंभ कर अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। **- नरेन्द्र मोदी**

भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित शिक्षा की जरूरत

शिक्षा

डॉ. सौरभ मालवीय

शिक्षा को लेकर समय-समय पर अनेक प्रश्न उठते रहते हैं, जैसे कि शिक्षा पद्धति कैसी होनी चाहिए? पाठ्यक्रम कैसा होना चाहिए? विद्यार्थियों को पढ़ाने का तरीका कैसा होना चाहिए? वास्तव में स्वतंत्रता से पूर्व देश में अंग्रेजी शासन था। अंग्रेजों ने अपनी सुविधा एवं आवश्यकता के अनुसार शिक्षा पद्धति लागू की। उनका उद्देश्य भारतीयों को शिक्षित करना नहीं था, अपितु उनका उद्देश्य केवल अपने लिए क्लर्क तैयार करना था। स्वतंत्रता के पश्चात देश में बहुत से कार्य करने थे। संभव है कि इस कारण इस ओर ध्यान नहीं गया हो अथवा उस समय के लोगों को अंग्रेजी शिक्षा पद्धति उचित लगी हो। कारण जो भी रहा हो, देश में अंग्रेजी शिक्षा पद्धति से ही पढ़ाई होती रही। कुछ दशकों पूर्व देश में नई शिक्षा पद्धति की आवश्यकता अनुभव की जाने लगी तथा इस पर विचार-विमर्श प्रारंभ हुआ।

वर्तमान शिक्षा पद्धति

वर्तमान शिक्षा पद्धति का अपना महत्व है। आज प्राथमिक विद्यालयों के बच्चे भी विभिन्न विषयों पर बात कर लेते हैं, क्योंकि उन्हें आरंभ से ही विभिन्न विषय पढ़ाए जाते हैं। कुछ दशक पूर्व तक ऐसा नहीं था। किंतु आज की शिक्षा पद्धति में कुछ कमियां भी हैं, जैसे आज परीक्षा में सर्वाधिक अंक लाने पर बल दिया जाता है। अभिभावक भी यही चाहते हैं। उनके लिए इस बात का कोई अर्थ नहीं है कि उनके बच्चे विषय को समझ कर ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं अथवा केवल रट्टे लगाकर परीक्षा में उत्तर लिख रहे हैं। उन्हें तो केवल अधिक से अधिक अंक चाहिए। परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी ही योग्य माने जाने लगे हैं। कम या औसत अंक पाने वाले विद्यार्थी कमजोर माने जाते हैं। इसलिए विद्यार्थियों पर परीक्षा का दबाव बना रहता है। अक्सर वे मानसिक तनाव की चपेट में भी आ जाते हैं। दबाव के कारण भी उन्हें अधिक अंक पाने की लालसा रहती है। इसलिए आज शिक्षा व्यवसायिक होती जा रही है। किंतु सुखद बात यह है कि शिक्षाविदों और सरकारों का ध्यान इस ओर गया है तथा इसमें अब परिवर्तन आने लगा है। अपनी मातृभाषा में शिक्षा दिलाना, इसका एक बड़ा उदाहरण है। अब प्राथमिक विद्यालयों से लेकर विश्वविद्यालयों तक में मातृभाषा में शिक्षा दिलाई जाने लगी है। आज के समय में हिंदी में चिकित्सीय एवं तकनीकी शिक्षा उपलब्ध करवाना किसी स्वप्न से कम नहीं है। कुछ वर्ष पूर्व तक इस बारे में सोचना भी सरल नहीं था। यह एक सार्थक पहल है। भविष्य में इसके अच्छे परिणाम सामने आएंगे।

भारतीय ज्ञान परम्परा

शिक्षा भारतीय ज्ञान परम्परा पर आधारित होनी चाहिए। सदैव से हमारी प्राचीन भारतीय सभ्यता विश्व की सर्वाधिक गौरवशाली एवं समृद्ध सभ्यताओं में एक रही है। विश्व के अधिकतर देशों में जब बर्बरता का युग था, उस समय भी हमारी भारतीय सभ्यता अपने शीर्ष पर थी। इसका सबसे बड़ा कारण शिक्षा ही है। हमारे पूर्वजों ने शिक्षा के क्षेत्र में अत्यंत उन्नति की। शिक्षा के कारण ही जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में विकास हुआ। इस पवित्र भारत भूमि पर वेद, पुराणों एवं उपनिषदों की रचना हुई। रामायण की रचना हुई, जिसमें जीवन का सार है। महाभारत की रचना हुई, जो हमें अन्याय के विरुद्ध खड़ा होने की प्रेरणा देती है।

यह सब शिक्षा के कारण ही संभव हो सका। मानव के लिए वायु, जल एवं भोजन जितना आवश्यक है, शिक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। इसलिए शिक्षा ऐसी होनी चाहिए, जो विद्यार्थियों को अक्षर ज्ञान देने के साथ उनके व्यक्तित्व का भी विकास करे। हमारी प्राचीन शिक्षा प्रणाली ऐसी ही थी।

हर लिहाज से फायदेमंद है नेट जीरो

एनर्जी

जयंत सिन्हा

भारत के ज्यादातर लोगों का मानना है कि कार्बन उत्सर्जन घटाने से देश का विकास बाधित होगा। उनका विश्वास है कि कोयले पर आधारित ऊर्जा का विकल्प सौर ऊर्जा नहीं हो सकती है। विद्युत चालित कारें अत्यधिक महंगी हैं। इसलिए लोग जानवरों के जीवाश्म से बने ईंधन की जगह पौधों के प्रोटीन पर आश्रित ईंधन की ओर रुख नहीं करेंगे। उनका मानना है कि ज्यादा कार्बन उत्सर्जन करने वाले जीवाश्म आधारित ईंधन (भूरी) तकनीकों की जगह कम कार्बन उत्सर्जन करने वाली (हरित) तकनीकें ज्यादा नुकसान करेंगी। यदि भूरी तकनीकों की अपेक्षा हरित तकनीकों की लागत कम होगी तो भारत के विकास के लिए नेट जीरो उत्सर्जन अच्छा रहेगा। ऐसे में बेहतर यह रहेगा कि बाजार की दशा व दिशा इसे रास्ते पर आगे बढ़े। नेट जीरो मुनाफे, लोगों और ग्रह के लिए पूरी तरह फायदेमंद होगा।

अनुमान यह है कि हालिया नीतियों के कारण वैश्विक स्तर पर साल 2100 तक तापमान में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी। तेजी से तापमान बढ़ने की स्थिति में भारत पर विनाशकारी प्रभाव पड़ेगा। ऐसे में अकाल, बाढ़, तटीय इलाकों के जलमग्न होने, हिमनदों के पिघलने और गर्म हवाओं के कारण हमारी अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ेगा और नए रोजगारों का सृजन ठहर सा जाएगा। मौसम की अत्यधिक प्रतिकूल परिस्थितियां आधारभूत संरचना को नुकसान पहुंचाएगी और ऐसे में आपदा प्रबंधन के लिए कहीं अधिक निवेश की जरूरत होगी। समुद्र का जलस्तर बढ़ने से तटीय शहरों को खतरा पैदा हो जाएगा। स्विस रे ने तापमान 1.5 डिग्री की जगह 2-3 डिग्री बढ़ने की तुलना करते हुए अनुमान जताया है कि ऐसे में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 10-20 प्रतिशत तक कम हो सकता है। इसके अलावा हमारे शहरों को जीवाश्म आधारित ईंधन से अत्यधिक नुकसान पहुंचाने वाले वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। भारत में वायु प्रदूषण के कारण हर साल 10 लाख से 20 लाख लोगों की मौत होती है।

भारत के नेट जीरो की तुलना वैश्विक स्तर पर 2-3 डिग्री तापमान में बढ़ोतरी से तुलना की गई है। अभी तक नेट जीरो को अपनाने की अवस्था में जलवायु परिवर्तन के विनाशकारी प्रभाव दिखाई नहीं देते हैं। अभी तक यह माना जाता रहा है कि जीवाश्म पर आधारित ईंधन के दाम कम ही रहेंगे। हालांकि भूराजनीतिक दशाओं और कम निवेश के कारण जीवाश्म आधारित ईंधन के दाम अत्यधिक बढ़ सकते हैं। इस साल तक भारत का कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और कोयले का आयात 250 अरब डॉलर के करीब हो जाएगा और आयात में इनकी हिस्सेदारी एक तिहाई से अधिक हो सकती है।

विश्व 2050 तक जीरो उत्सर्जन को अपना लेगा। अनुमान यह है कि तब भारत की अर्थव्यवस्था 7 अरब टन से अधिक कार्बन उत्सर्जन के स्तर को पार कर सकती है। हमारे नेट जीरो के रास्ते में हरित तकनीकों जैसे सौर और पवन ऊर्जा, इलेक्ट्रिक मोबिलटी, हरित हाइड्रोजन और पौधों के प्रोटीन के क्षेत्रों में अत्यधिक व तुरंत निवेश की जरूरत होगी। यह माना जाता रहा है कि भूरी तकनीकों की अपेक्षा हरित तकनीकों में अधिक निवेश की जरूरत है। इसलिए इसे बिल गेट्स ने 'ग्रीन प्रीमियम' (महंगी हरित) नाम दिया। हालांकि अभिनव प्रयोग करने वाले भारतीय कारोबारियों ने 'ग्रीन प्रीमियम' को 'ग्रीन डिस्काउंट' (छूट वाली हरित) में परिवर्तित कर दिया है।

कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र की अपेक्षा सौर ऊर्जा से बनी विद्युत की लागत 20-30 प्रतिशत कम आ रही है और यह पूरे दिन मुहैया कराई जा रही है। भारत में बिकने वाले ऑटो रिक्शा में 90 प्रतिशत से अधिक इलेक्ट्रिक ईंधन से चालित हैं। सामान्य ऑटो रिक्शा की अपेक्षा इलेक्ट्रिक ऑटो रिक्शा सस्ते तो हैं ही, साथ ही इनकी परिचालन लागत भी कम है। डीजल और पेट्रोल से चलने वाली कारों की अपेक्षा इलेक्ट्रिक से चलने वाली कारें सस्ते दामों पर मुसाफिरों को एक जगह से दूसरी जगह लेकर जा रही हैं। इसी तरह भारत में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) मुसाफिरों को कम मूल्य पर गंतव्यों

स्पीड न्यूज

लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने दो शिक्षकों को किया सम्मानित

भुरकुंडा (रामगढ़)। लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने उत्सव मैरिज हॉल कार्यालय में गुरूवार शाम शिक्षक दिवस पर दो शिक्षकों को सम्मानित किया। लायंस क्लब ने मध्य विद्यालय भुरकुंडा के सेवानिवृत शिक्षक सच्चिदानंद साहू और ए ला एंग्लाइज विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षक और सड़क एक समान होते हैं। अपने तो एक ही स्थान पर रहते हैं लेकिन अपने शिष्यों को उनके मंजिल तक पहुंचने का काम करते हैं। मौके पर क्लब की सचिव लायन अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन लायन डॉ. राजेंद्र महतो, चेयरपर्सन एवं जिला चेयरपर्सन लायन अशोक सिन्हा, अखिलेश शर्मा, डॉ. एमके मंजुल, विजय वर्णवाल, संजय सिंह, दीनबंधु सिंह एवं क्लब के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

विस चुनाव को ले भाजपा की बैठक

भारतीय जनता पार्टी
विशेष बैठक

कुजू। भाजपा रामगढ़ नगर परिषद मंडल कार्य समिति की बैठक जिला कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरि व संचालन महामंत्री गौतम राम ने किया। बैठक में विधानसभा चुनाव को देखते हुए प्रत्येक बूथ का सत्यापन करना, बूथ में 200 लोगों का व्हाट्सएप ग्रुप बनाना, 8 एवं 9 सितंबर को प्रभारी प्रत्येक बूथ में बैठक करेंगे। कार्यकर्ताओं ने रामगढ़ एवं मांडू विधानसभा में स्थानीय नेता के चुनाव लड़ाने की मांग पार्टी से की। बैठक में वार्ड पार्षद अर्जुन यादव, रामगढ़ जिला, भीमसेन चौहान, अरुण कुशवाहा, प्रसाद मलिक, जगत नारायण साहू, सूरज पासवान, संतोष शर्मा, मुरली कुशवाहा, राणा गुप्ता, राजेश प्रजापति, अनिल यादव, संगीता देवी, सुनैना देवी, मालती देवी, मनोज यादव, शिबू प्रजापति, जय किशोर ठाकुर आदि शामिल थे।

कुमार क्लासेस में मना शिक्षक दिवस

भुरकुंडा । डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जयंती पर पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कुमार क्लासेस में पूरे धूमधाम से शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के निदेशक संतोष कुमार ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण कर की। इसके बाद केक काटकर उनकी जयंती मनाई गई। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। मौके पर विद्यार्थियों ने शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित करते हुए मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वचन लिया। निदेशक संतोष कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण के साथ राष्ट्र का निर्माण भी जुड़ा हुआ है।

खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग : बीडीओ

रजरप्पा। कुंदरुकलां स्थित महथा बगीचा में झारखंड प्रतिभा फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन महतो 11 धनबेडवा बनाम रमी 11 कुरूम के बीच खेला गया। जिसमें रमी 11 ने 2-0 से जीत हासिल की। इससे पूर्व खेल का उद्घाटन रामगढ़ बीडीओ पूजा कुमारी ने फुटबॉल को किक मारकर किया। उन्होंने कहा कि खेल से शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक एवं बौद्धिक क्षमता का भी वृद्धि होता है। खेल जीवन का महत्वपूर्ण अंग है। मौके पर मुख्य संरक्षक निरंजन बेदिया, व्यवस्थापक रामू महतो, इनायत अंसारी, मुख्य संरक्षक सुनील मेहता,त्रिभुवन बेदिया सहित सैकड़ों की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

कोयलांचल में धूमधाम से मनी तीज

भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को हरितालिका तीज धूमधाम से मनाया गया। शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ी। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु को लेकर निर्जला उपवास पर रहीं। फल-फूल, धूप-अगरबती, पेड़किया, अनरसा आदि पूजन सामग्रियों के साथ भगवान शिव व माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की। घरों में कथा सुनी। पूजा के बाद सुहागिनों ने अपने पति का आशीर्वाद लिया। पूजा में रूपा देवी, प्रियंका देवी, प्रमिला देवी सहित कई महिलाएं शामिल हुईं।

जुबिली कॉलेज में मना शिक्षक दिवस

भुरकुंडा (रामगढ़)। जुबिली कॉलेज में गुरूवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक एवं दो के संयुक्त तत्वावधान में स्वयंसेवको व छात्र-छात्राओं द्वारा भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति महान शिक्षाविद सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस के अवसर पर शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में डॉ. अरुणंजय कुमार सिंह एवं प्रो. यशवंत कुमार सिंह शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार सिंह झा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित व माल्यार्पण की गई।

दारू के जमुआ में हरिजन एक्ट के दुरुपयोग का लोगों ने किया विरोध

कई लोगों के खिलाफ थाना में दिया आवेदन : देवेंद्र

खबर मन्त्र संवाददाता

दारु। मेडकुरी खुर्द पंचायत के ग्राम जमुवा में जमीन विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है । जमीन से जुड़े इस विवाद में दो टोले शामिल है। एक टोला स्वर्णो से जुड़ा हुआ है तो दूसरा टोला दलितों से। इसी मामले व अन्य कुछ मामलों में हरिजन एक्ट का दुरूपयोग करते हुए कई लोगों को इस मामले मे फंसाने की धमकी दी जाती है और कई लोगों के खिलाफ दारु थाना में आवेदन भी दिया गया है। इसी मामले को लेकर मेडकुरी व आसपास के बस्ती के बड़ी संख्या मे लोग देवेंद्र सिंह के आवास पर एकजुट होकर बैठक की और हरिजन एक्ट के दुरूपयोग कर मामला दर्ज कराने का विरोध किया।

अजमुवा हरिजन टोला के पास खाता संख्या 30 प्लॉट संख्या 390 कुल रकबा 11.16 एकड़ गैरमाजरुवा खास जमीन की मालिकाना हक को लेकर है जिसमे विवाद गहराता जा रहा है।इस जमीन पर दोनो पक्ष अपनी जमीन बता रहे है। हरिजन टोला के निर्मल राम,लालधरी राम दसरथ राम व अन्य लोगों ने बताया कि जमीन उनके बाप दादा समय से परती रहता था इस बार देवेंद्र सिंह वगैरह ने जोतकर उड़द की फसल लगा दिया है जिस कारण जानवरो को चराने व बच्चों को खेलने मे भी समस्या आ रही है। अंचलाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू व थाना प्रभारी शफीक खान दलबल के साथ पहुंचकर मामले की जांच के बाद उचित करवाई करने की बात कही है। स्वर्ण बस्ती के लोगों का कहना है कि उनके द्वारा लगाए गये फसल को जानवरों से चरा दिया जाता है। इस जमीन पर एक चबूतरा बना हुआ था जिसमे बजरंग बली का झंडा लगा रहता था , अब इस झंडे को हटाकर जय भीम का झंडा लगा देने से भी तनाव बढ़ता जा रहा है। इस मामले मे यदि प्रशासन ने जल्द पहल कर नहीं सुलझाया तो एक दिन यह विस्फोटक रूप ले सकता है। महापंचायत में बसंत सिंह, ऋषि सिंह, हरिहर मेहता, सुमन पासवान, गोवर्धन मेहता, अरुण सिंह, सुजीत सिंह, कार्तिक सिंह,चंदन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अभय सिंह, सहित बड़ी संख्या मे अन्य लोग शामिल थे।

कटकमदाग थाना में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

कटकमदाग। थाना परिसर में शुक्रवार को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम हुआ। पीड़ितों ने अपना आवेदन दिया। डीएसपी नीरज ने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में हो रही लोगों को समस्याओं से निजात दिलाना है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की समस्या हो उसे संबंधित विभाग से अवगत कराकर लोगों की समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने लोगों को बताया कि साइबर अपराधियों से कैसे बचा जा सकता है। डायन बिसाही की समस्या से लोगों को अवगत कराया। आपातकालीन नंबर के विषय में लोगों से चर्चा की एवं उन्होंने यह भी बताया कि यदि अज्ञात वाहन से किसी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो पीड़ित पक्ष को 2 लाख तक मुआवजा मिलने का प्रावधान है। निरीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि जन शिकायत समाधान कार्यक्रम एक शिकायत कार्यक्रम के साथ-साथ जागरूकता कार्यक्रम भी है इसमें लोगों को फ्रॉड से बचने, नसा की समस्या, अंधविश्वास से बचने आदि समस्याओं से भी जागरूक किया जा रहा है। कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि यह कार्यक्रम शिकायत, जागरूकता एवं पुलिस एवं आम जनों में मित्रवत भाव को पैदा करना भी है जिससे क्षेत्र में स्थिति को ठीक रखने में पुलिस के साथ साथ जनता की जवाबदही भी सुनिश्चित होगी। जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में कुल 22 आवेदन पड़े ,जिसमे 19 आवेदन कटकमदाग थाना 2 आवेदन पेलावल थाना एवं 1 आवेदन कटकमसांडी थाना से दिया गया। कार्यक्रम में शामिल डीएसपी (मुख्यालय) हजारीबाग के निरीक्षक विनोद कुमार, कटकमदाग थाना प्रभारी पंकज कुमार, पेलावाल थाना प्रभारी शामिल थे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का निजात दिलाना : डीएसपी

हजारीबाग में महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए पूजा-अर्चना की

हजारीबाग। जिले में बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया तीज। मंदिरों में सुबह से ही उमड़ी भीड़। महिलाएं सोलह श्रृंगार कर मंदिर पहुंचकर पति की लंबी आयु के लिए पूजा की। व्रती भगवान शिव और पार्वती की आराधना करती हैं और अपने लिए आजीवन सुहागिन रहने की कामना करती है । महिलाओं ने कहा कि तीज हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिन हम भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करते हैं, ताकि हमारे परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहे। तीज के माध्यम से हम पति की लंबी उम्र की कामना करते हैं। यह त्योहार पति-पत्नी के रिश्ते को मजबूत करता है, बल्कि हमें सांस्कृतिक और पारंपरिक जड़ों से भी जोड़ता है।

धमना में गणेश यादव ने बाबा ट्रांसपोर्ट का किया उद्घाटन

बरही। रसोइया धमना में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जीप प्रतिनिधि गणेश यादव बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर गिरी बाबा ट्रांसपोर्ट एजेंसी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने ट्रांसपोर्ट एजेंसी की शुरूआत को क्षेत्र के लिए एक बड़ा कदम बताया और इसे रोजगार के नए अवसरों के रूप में देखा। कमल गिरी जो कि प्रतिष्ठित नागरिक हैं, उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य गांव और आसपास के इलाकों में व्यापार और परिवहन को बढ़ावा देना है। उन्होंने यह भी बताया कि यह एजेंसी न केवल गांव के लोगों को परिवहन सुविधा मुहैया कराएगी, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी पैदा करेगी। गणेश यादव ने कमल गिरी को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के उद्यम क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। मौके पर राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक इशो सिंह, रघुनंदन यादव, कमल गिरी, सहदेव यादव, मितारी साव, नरेश गिरी, संतोष यादव मौजूद थे।

विधायक ने दो चेकडैम का किया शिलान्यास

बरकट्ठा। बेडोकला में विधायक ने दो चेकडैम का शिलान्यास किया। जल संसाधन विभाग से विधायक की अनुशंसा पर बेडोकला के तरियाना और देवनिया दहा नाला पर करीब एक करोड़ की लागत से चेकडैम निर्माण किया जाएगा। विधायक अमीत कुमार यादव ने कहा कि चेक डेम बनने से किसानों को खेती करने में सहूलियत होगी। दोनों नाला में सालोभर पानी रहने से उस क्षेत्र में हरियाली होगी,जो क्षेत्र में हरित क्रांति लाएगी हमारा लक्ष्य है जबतक गांव के किसान समृद्ध नही होंगे गांव की तरक्की नहीं होगी । इस अवसर पर पूर्व मुखिया सरयू यादव, समाजसेवी देवेन्द्र कुमार पांडेय, पूर्व मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद, महेश साव, सवेदक अनिल मंडल, महेंद्र मंडल, मेवालाल मंडल, राजू मंडल, कामेश्वर सिंह, जागेश्वर यादव,रामेश्वर यादव, सुरेंद्र मिर्धा, महेश साव,मुकेश साव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

ओपीएस बहाल करे राज्य सरकार : पेंशनर्स

बरही। झारखंड पेंशनर्स समाज अनुमंडल शाखा बरही ने राज्य में यूपीएस (सार्वजनिक उपक्रम योजना) की जगह ओपीएस (पुरानी पेंशन योजना) की बहाली के लिए मांग की है। इस संदर्भ में अनुमंडल शाखा बरही ने एसडीओ बरही जोहन टुडू को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि 2004 से लागू की गई यूपीएस योजना कर्मचारियों के लिए न्यायोचित नहीं है, और इसे तुरंत प्रभाव से रद्द कर ओपीएस बहाल की जानी चाहिए।

गणेश महोत्सव को लेकर तैयारी पूरी

हजारीबाग। एसबीआई मैंन ब्रांच के बगल में महाराष्ट्रीयन गणेश महोत्सव को लेकर भक्त काफी उत्साहित हैं। इसे लेकर तैयारी जोरों पर है। एसबीआई मैंन ब्रांच के बगल में महाराष्ट्रीयन कॉलोनी में गणपति बप्पा मोरया क्लब में गणेश पूजा की तैयारियां पूरी कर ली गयी है। शहर में ज्ञात हो की स्टेट बैंक के निकट शिवाजी नगर में महाराष्ट्र की तर्ज पर मराठी 11 दिवसीय गणपति महोत्सव मनाते हैं।क्लब के सदस्य विशाल कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र की तर्ज पर हजारीबाग में सात सितम्बर से चार दिवसीय श्रीगणेश का शुभारंभ होगा। इसे लेकर एकदंत की आकर्षक प्रतिमा बनवाई जा रही है। प्रतिमा गरुड़ की सवारी करती हुयी नजर आएगी। बताया कि हमलोग गणेश की पूजा साल 2000 से बिना विवाद के करते आ रहे हैं। पूजा करते हुए हमलोगों को 24 साल हो गए है। पूजा में आकर्षण लाइटिंग होगी। सीसीटीवी भी लगाईं जाएगी। हर शाम को भंडारा किया जायेगा। ज्ञात हो की शहर में बुढ़वा महादेव में भी इसकी तैयारी की जा रही है. बुढ़वा महादेव परिसर में दुर्गा मंदिर के निकट गणपति पूजन किया जाएगा।वहीं बाडम बाजार स्थित बड़ा अखाड़ा ठाकुरबाड़ी में महंत विजयानंद दास के नेतृत्व में श्रीगणेश की पूजा-अर्चना बड़े ही धूमधाम से किया जाता है।

पत्रांक-................................./
झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, प्राचार्य का कार्यालय,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज।
Email : principalitidtg@gmail.com

प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला सूचना

RDSDE झारखण्ड रांची के माध्यम से **Janta Shivratri College, Daltonganj, Palamu** में **दिनांक-09.09.2024 (दिन सोमवार)** को PM नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 9:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के निबंधित MSME / Manufacturing Sector / Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान / उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0 / डिप्लोमा / इंजीनियरिंग / Short Term Skill etc.) एवं गैर तकनीकी छात्रों (5वीं से स्नातक आदि) का **अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in/** पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी **शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहूँचकर पंजीयन करा सकते है।**

अतः पलामू जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय / भत्ता देय नहीं होगा।

नोटः-अप्रेन्टिसशिप मेला की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, सतबरवा, डालटनगंज एवं जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से प्राप्त की जा सकती है।

जिला नियोजन पदाधिकारी, पलामू
-सह-
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज।

PR 335041 (District) 24-25 (D)

NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL
NETARHAT
(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)
Letter No. -1977 Date-04/09/2024
Tender notice for Supply & Installation of Electrical & Plumbing Items

A sealed tender are invited for rate contract with the concerned contractors/firms for purchase & installation of some plumbing, electrical related items for the school Ashrams. This tender will be accepted in the school office by hand or through registered post till date-12/09/2024. Detailed information can be seen on our school website www.netarhatvidyalaya.com.

Sd/-
Principal,
Netarhat Residential
School Netarhat

PR 334931 Human Resource Developement(24-25)D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

आवश्यक सूचना
चोरी गई वाहन
(स्पेलेन्डर प्लस मोटरसाईकिल, रंग- EBONY/GREY)

गढ़वा थाना कांड सं0- 230 / 2024 दिनांक- 01.05.2024 धारा-379, भा0द0वि0 में चोरी गयी स्पेलेन्डर प्लस मोटरसाईकिल जिसका रजी0 नं0- JH03AA3756 चेचिस नं0- MBLHAW126LHB03564 इंजन नं0- का अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। उक्त वाहन की बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0-9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0-9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR 334938 Police (24-25)_D

Government of Jharkhand
Department of School Education and Literacy
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

e-Procurement Notice – 2nd Call

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Construction of Boundary Wall in 02 Existing Schools located in Giridih District of North Chotanagpur Division of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 23.09.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

Sd/-
(Aditya Ranjan)
State Project Director
Jharkhand Education Project Council

PR 334885 (Jharkhand Education Project Council) 24-25 (D)

Ref. No.: JEPC/CIV/03/725/2022/Part II/3302 **Ranchi, Date : 04.09.2024**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।

ई-अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।
ई-निविदा सूचना संख्या :- RDD/SD/CHATRA/07/2024-25

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :-

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	चतरा जिला के प्रखण्ड-हण्टरगंज, पंचायत-कोबना, ग्राम-कोबना में कोबना स्कूल से सोवादाग पथ पर स्थित निलांजन नदी पर पुल निर्माण।	13,36,02,300/-	26,72,100/-	10,000.00	24 माह

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि -**12.09.2024**
3. ई-निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय - दिनांक-**12.09.2024** से दिनांक-**19.09.2024** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई-निविदा खोलने का स्थान- कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, चतरा।
5. ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय - **21.09.2024** अपराह्न 02:00 बजे
6. ई-निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, चतरा।
7. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० - 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट-बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई-भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,चतरा।

PR 335009 (Rural Development) 24-25 (D)

झारखण्ड सरकार
खान एवं भूतत्व विभाग
भूतत्व निदेशालय,अभियंत्रण छात्रावास-2,द्वितीय तल, धुर्वा,राँची
फोन-0651-3511681, ई-मेल-**dir-geology@jharkhandmail.gov.in**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य हेतु 04 अदद् महिन्द्रा बोलेरो नियो वाहनों के मासिक / दैनिक किराया पर चालक एवं ईंधन सहित परिचालन हेतु इच्छुक स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विस्तार	निविदा दस्तावेज की राशि (रू0) **(Non- refundable)**	सुरक्षित जमा राशि / ईएमडी (रू0)	अवधि की सीमा
भूतत्व निदेशालय, खान एवं भूतत्व विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा सम्पूर्ण राज्य में किये जाने वाले भूतात्विक अन्वेषण, भूतात्विक स्थल का निरीक्षण, सरकारी कार्य एवं अन्य क्षेत्रीय कार्य हेतु 04 अदद् महिन्द्रा बोलेरो नियो वाहनों के मासिक / दैनिक किराया पर चालक एवं ईंधन सहित परिचालन हेतु इच्छुक स्थानीय निबंधित ट्रैवल एजेंसियों से निविदा आमंत्रित की जाती है।	रू / - **2000.00**	रू / - **25,000.00**	एक वर्ष

- MSME प्रमाण पत्र रखने वाले निविदादाता को भारत सरकार के ज्ञापांक संख्या F. 9/4/2020 दिनांक 02.11.2020 के आलोक में ईएमडी जमा करने से छूट दी गई है।

अनुसूची / कार्यक्रम

निविदा सूचना की संख्या	01/2024-25
निविदा सूचना प्रकाशन की तिथि	06-09-2024
निविदा दस्तावेज की उपलब्धता	भूतत्व निदेशालय की अधिकारिक वेबसाइट ***https://www.jharkhand.gov.in/mines*** पर दिनांक 06.09.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे से दिनांक 20.09.2024 के अपराह्न 12:30 बजे तक रहेगा।
निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय	20-09-2024 को अपराह्न 01:00 बजे तक
निविदा दस्तावेज की लागत जमा करने का तरीका	To be paid through e-payment service of Govt. of Jharkhand. It will be deposited online through official website www.jharkhandminerals.gov.in ➔ Other & Services ➔ e Payment ➔ Payment office (Directorate of Geology) ➔ Head of Payment (Cost of Tender Document) ➔ Description ➔ Type of Depositor (Other) ➔ District Name (Directorate of Geology) ➔ DDO Code (PRJOTH002)
सुरक्षित राशि जमा करने का तरीका	Bank Guarantee की मूल प्रति तकनीकी निविदा के साथ हार्ड कॉपी बंद लिफाफा में।
निविदा जमा करने का तरीका	निविदा जमा करने की अंतिम तिथि / समय से पहले हार्ड कॉपी निम्नलिखित पते पर हाथ / स्पीड पोस्ट के माध्यम से जमा करे- भूतत्व निदेशालय,अभियंत्रण छात्रावास-2, द्वितीय तल, धुर्वा, राँची, पिनकोड-**834004**
निविदा खोले की तिथि एवं समय	20.09.2024 के अपराह्न 03:30 बजे
सम्पर्क व्यक्ति / हेल्पलाईन नम्बर	0651-3519388 भूतत्व निदेशालय (सुबह 11 बजे से शाम 04 बजे तक)

ह0 / -
निदेशक, भूतत्व
खान एवं भूतत्व विभाग,झारखण्ड, राँची

PR 334828 Mines and Geology(24-25).D

स्पीड न्यूज

बारीयातु पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

गिद्धौर। बारीयातु पंचायत कार्यालय परिसर में ₹आपकी योजना, आपके सरकार, आपके द्वार₹ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी, बीडीओ, जिला परिषद सदस्य, विश्व सूत्री अध्यक्ष और मुखिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में कृषि, पशुपालन, सहकारिता, राजस्व, भूमि सुधार, श्रम नियोजन, शिक्षा, जेएसएलपीएस, आंगनवाड़ी, सर्वजन पेंशन और स्वास्थ्य विभाग समेत कई स्टॉल लगाए गए। जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों को तुरंत निष्पादित करने का निर्देश दिया। शिविर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

कोडरमा। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सतगावां प्रखंड के मरचोई, डोमचांच प्रखंड के कुंडीधनवार, कोडरमा प्रखंड के पथलडीहा व लरियाडीह, चंदवारा प्रखंड के कांटी, जयनगर प्रखंड के खरियोडीह व तिलोकरी और मरकच्चो प्रखंड के जामू पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। सभी प्रखंडों में आयोजित शिविर में बीडीओ व स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वहीं बीडीओ ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक संख्या में आवेदन करें। आपके आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए योग्य एवं आहर्ता रखने वाले लाभुकों को योजना का लाभ दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये हैं, अपनी अपनी समस्या से संबंधित आवेदन दें। इसके साथ ही बीडीओ व स्थानीय जनप्रतिनिधि के द्वारा लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। वहीं लाभुकों के बीच कल्याण मंच से अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशारी समृद्धि योजना, साईकिल वितरण, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, जेएसएलपीएस के सखी दीदियों को आई कार्ड और क्रेडिट लिंकेज का चेक का वितरण किया गया। शिविर में राज्य सरकार की योजनाओं यथा झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, भूमिमापी के लंबित मामलों का निष्पादन एवं लगान रसीद निर्गत करने संबंधी आवेदन लिया गया।

कल यहां लगेगा शिविर

कोडरमा। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत रविवार को सतगावां प्रखंड के ईटाय, डोमचांच प्रखंड के पुरनाडीह, कोडरमा प्रखंड के पांडेयडीह, चंदवारा प्रखंड के भोंडो, जयनगर प्रखंड के कटिया व गड़गी और मरकच्चो प्रखंड के कादोडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

अनियंत्रित बेलोरो के पलटने से एक घायल

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतगर्त लोहासिकड़ के समीप बीते देर रात्रि को अनियंत्रित बेलोरो जेएच11डी-9925 के पलट जाने से बेलोरो में सवार 45 वर्षीय सलीम अंसारी पिता यूसुफ अंसारी नीमाटांड़ सरिया गिरिडीह निवासी गम्भीर रुप से घायल हो गया। वहीं बताया जाता है कि घायल बेलोरो चालक किसी सवारी को कोडरमा रेलवे स्टेशन छोड़ कर पुनः वापस सरिया लौट रहा था, इसी दौरान में घटना स्थल पर पहुंचते ही अनियंत्रित होकर बेलोरो पलट गयी, जिससे वह घायल हो गया। फिलहाल घायल का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

तीज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनी

महिलाओं ने निर्जला व्रत रख की शिव-पार्वती की पूजा, पति के दीर्घायु की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। अखंड सुहाग का पर्व हरितालिका व्रत (तीज) शुक्रवार को पूरे जिले में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया। मौके पर सुहागिनों ने 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर शाम में सामूहिक रूप से हरतालिका व्रत का पाठ किया और अपने पति के दीर्घायु होने की मन्नतें मांगी। नए परिधानों व सोलह श्रृंगार से सुसज्जित होकर महिलाओं ने पूरे उत्साह के साथ मिट्टी व बालु से बने शिव-पार्वती की पूजा अर्चना की।

देर शाम पूजा अर्चना के बाद महिला रात्रि जागरण कर सामूहिक भजन व कथा वाचन में भाग लिया। कोडरमा सहित झुमरीतिलैया, डोमचांच, जयनगर, मरकच्चो, चन्दवारा एवं सतगावां में हरितालिका व्रत पूरी निष्ठा के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर महिलाओं में काफी उत्साह देखा गया। इस पर्व की ऐसी मान्यता है कि समस्त श्रृंगार से सुसज्जित होकर भगवान शिव व पार्वती की अराधना कर सुहागिनें अपनी अमर सुहाग की कामना करती हैं। यह हिन्दुओं का एक पवित्र त्योहार है। महिलाओं ने शनिवार की सुबह शिव-पार्वती की प्रतिमा को नदी में प्रवाहित कर पारण करेंगी।

विधायक ने महिलाओं को तीज की शुभकामनाएं दी

कोडरमा। अमर सुहाग का प्रतीक हरितालिका तीज शुक्रवार को भक्ति भाव और पारम्परिक रीतिरिवाजों के साथ सम्पन्न हुआ। वहीं सुहागिन महिलाओं ने 24 घण्टे का निर्जला उपवास कर भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा अर्चना विधि विधान से कर अपने पति के दीर्घायु होने की कामना की। वहीं कोडरमा विधायक डॉ.नीरा यादव भी 24 घण्टे का निर्जला उपवास कर अपने आवास पर हरितालिका तीज मनाया, उन्होंने आवास पर भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा अर्चना कर अपने पति के दीर्घायु होने तथा क्षेत्र में अमन, शांति और खुशहाली की कामना की। वहीं विधायक ने कहा कि यह व्रत पति-पत्नी के रिश्ते को न केवल मजबूत बनाती है बल्कि एक दूसरे के प्रति आजीवन सहयोग, श्रद्धा और समर्पण का बोध कराता है। उन्होंने जिले के समस्त महिलाओं को हरितालिका तीज की शुभकामनाएं दी।

ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

मरकच्चो (कोडरमा)। नवलशाही थाना के समीप शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक व एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं मृतक की पहचान 19 वर्षीय मन्नुवर अंसारी पिता दाउद्द अंसारी ताराटांड़ निवासी व 35 वर्षीय रजिया खातून पति मुबारक अंसारी के रूप में की गई। वहीं लोगों ने बताया कि अपने घरेलू विवाद को लेकर युवक व महिला नवलशाही थाना आवेदन देने गयी थी। आवेदन देकर लौटने के दौरान थाना गेट के समीप तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दोनों को अपने चपेट में ले लिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने मुवआजे की मांग को लेकर रोड जाम कर दिया। मौके पर नवलशाही थाना प्रभारी नितीश कुमार, एसआई रविप्रकाश पंडित व डोमचांच सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय, मरकच्चो थाना प्रभारी सौरभ शर्मा द्वारा मृतक के परिजनों को समझा बुझा कर जाम को हटाते हुए मृतक को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

अवैध शराब निर्माण एवं तस्करी को लेकर घर में छापामारी

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुर में अवैध शराब का निर्माण एवं तस्करी को लेकर गोविन्द रजक के घर में छापामारी की गई। उल्लेखनीय हो कि उक्त मामले के आलोक में जयनगर थाना प्रभारी विकास पासवान के नेतृत्व में 05 सितम्बर 2024 की रात्रि में गोविन्द रजक के घर में छापामारी की गई। जिसमें मैक डोवेल्स की 375 एमएल 18 पीस, 180 एमएल 23 पीस, इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की 375 एमएल 24 पीस, 180 एमएल 21 पीस, 6 प्लास्टीक का बडा बोरा में शराब की खाली बोतल जप्त किया गया। उक्त कांड में गिरफ्तार अभियुक्त गोविन्द रजक से पूछ-ताछ के दौरान बताया गया कि घर में ही स्प्रीट एवं केमीकल मिक्स कर नकली अंग्रेजी शराब का निर्माण कर ट्रेन के माध्यम से बिहार बेचने के लिए भेजता था। इस संबंध में जयनगर थाना काण्ड सं0-168/24 के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

छापामारी दल में : थाना प्रभारी जयनगर विकास पासवान, महिला थाना प्रभारी कोडरमा पिंकी रानी, नरहरि सिंह मुन्डा, बब्लु कुमार, तकनिकी शाखा एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

योग शिक्षकों ने विधायक व महाराजगंज सांसद को सौंपा वेतन वृद्धि का ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कार्यरत योग शिक्षकों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर विधायक आवास पर विधायक डॉ. नीरा यादव से मुलाकात की और ज्ञापन सौंपा। शिक्षकों ने एकजुट होकर सरकार से अपने वेतन वृद्धि की मांग की, ताकि उनके जीवनयापन की कठिनाइयों को दूर किया जा सके। वहीं योग शिक्षकों ने बताया कि वर्तमान में उन्हें बहुत कम मानदेय मिल रहा है, जिससे परिवार का भरण-पोषण करना अत्यंत कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मानदेय का 40 से 50 प्रतिशत हिस्सा केवल सेंटर तक आने-जाने के किराए में खर्च हो जाता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति दयनीय हो रही है। वहीं इस संदर्भ में शिक्षकों ने बिहार से आए महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल से भी मुलाकात की और उन्हें भी अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। दोनों प्रतिनिधियों ने भरोसा जताते हुए कहा कि आपके मांग जायज है, आपकी मांग को उपर तक ले जाने की कोशिश की जाएगी। शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि जल्द ही उनकी मांगों पर सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे।

कुष्ठ रोगी खोज अभियान का जायजा लेने राज्य नोडल पदाधिकारी पहुंचे कोडरमा

कोडरमा। जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 28 अगस्त से 13 सितंबर तक चलने वाले कुष्ठ रोगी खोज अभियान का जायजा लेने राज्य कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह राज्य नोडल पदाकिारी डॉ. अनिल कुमार कोडरमा पहुंचे और जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक कर राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा की, इस दौरान डॉ. रमण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की जिले में कुष्ठ खोज अभियान पूरी गम्भीरता से चलाई जा रही है, अभी तक जिले में कुष्ठ रोग के 911 संदिग्ध मरीजों की पहचान किया जा चुका है, इन संदिग्ध मरीजों का चिकित्सीय जांच किया जा रहा है।

इस पर राज्य नोडल पदाधिकारी ने संतुष्टि व्यक्त करते हुए फिजियोथैरेपिस्ट को कहा कि एलसीडीसी का नियमित रूप से रिपोर्टिंग करें, कुष्ठ मरीजों को पोषण राशि के रूप में दी जाने वाली 500 रुपये और उनके सम्पर्कों की जांच हेतु प्रति व्यक्ति 100 रुपये का भुगतान जल्द करें। इसके पूर्व राज्य नोडल पदाधिकारी ने एनसीडी क्लिनिक का भी निरीक्षण किया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नवीनीकरण और 300 सोलर लाइट्स परियोजना का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

टंडवा। एनटीपीसी ने सामुदायिक कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए टंडवा ब्लॉक के ₹सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र₹ के नवीनीकरण कार्य का उद्घाटन किया और परियोजना प्रभावित गांवों में ₹300 सोलर लाइट्स परियोजना₹ की नींव रखी। इन परियोजनाओं का उद्घाटन सांसद काली चरण सिंह और विधायक किशुन कुमार दास द्वारा किया गया। सांसद काली चरण सिंह ने एनटीपीसी की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्थानीय समुदायों के लिए बुनियादी ढांचे की सुविधाओं को बेहतर बनाना और आवश्यक सेवाएं प्रदान करना सराहनीय है। विधायक किशुन कुमार दास ने कहा कि एनटीपीसी नॉर्थ करनपुरा द्वारा टंडवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नवीनीकरण स्थानीय समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने परियोजना प्रभावित गांवों में बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए एनटीपीसी का आभार व्यक्त किया। अजय कुमार शुक्ल, एचओपी नॉर्थ करनपुरा ने कहा कि एनटीपीसी हमेशा सतत विकास के प्रति समर्पित है और कंपनी क्षेत्र में सामाजिक और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए अपने प्रभावशाली सीडी पहलों के माध्यम से सतत समर्थन प्रदान करती रहेगी।

सदर अस्पताल की डायलिसिस मशीन खराब होने से मरीज परेशान

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। सदर अस्पताल की डायलिसिस मशीन पिछले दस दिनों से खराब है, जिससे किडनी रोग से ग्रसित मरीजों को परेशानी हो रही है।प्रतिदिन दर्जनों मरीज डायलिसिस के लिए अस्पताल आ रहे हैं, लेकिन उन्हें निराशा हाथ लग रही है। मशीन के गियर हेड के खराब होने के कारण इसे ठीक नहीं किया जा सका है। सदर अस्पताल में पीपीपी मोड में चल रहे इस केंद्र में सामान्य मरीजों को 1206 रुपये चुकाने पड़ते हैं, जबकि बीपीएल परिवार और आयुष्मान कार्डधारी परिवार के मरीजों को निःशुल्क डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है। सदर अस्पताल स्थित डायलिसिस केंद्र के अलावा किसी भी सरकारी या निजी अस्पताल में डायलिसिस की सुविधा नहीं है, इसलिए मरीजों को हजारीबाग समेत अन्य जिलों में जाकर डायलिसिस कराना पड़ता है। तकनीशियन प्रेम कुमार ने बताया कि मशीन का गियर हेड और एक अन्य उपकरण खराब हो गया है और उपकरण के लगने के बाद ही मशीन चालू हो सकेगी।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पदाधिकारी को लगायी फटकार

खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। राज्य के श्रम नियोजन एवं कौशल विकास व उद्योग विभाग मंत्री सत्यानंद भोक्ता बरियातु पंचायत भवन में आयोजित आपकी योजना, आपके सरकार, आपके द्वार₹ शिविर में शामिल हुए। ग्रामीणों ने मंत्री श्री भोक्ता से पेंशन नहीं मिलने की शिकायत की, जिस पर उन्होंने बीडीओ और मुखिया के प्रति नाराजगी व्यक्त की। मंत्री ने कहा कि सरकार ने गरीबों के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी लोग पेंशन सहित अन्य योजनाओं का लाभ पाने के लिए भटक रहे हैं। उन्होंने बीडीओ को निर्देश दिया कि वे घूम-घूम कर ऐसे लोगों की पहचान करें और उनकी समस्याओं का समाधान करें। मंत्री श्री भोक्ता ने मौके पर ही दर्जनों विधवाओं और अन्य लोगों की पेंशन स्वीकृत की और उन्हें धोती, साड़ी और पेंशन स्वीकृति पत्र वितरित किए। उन्होंने शिविर में लगे स्टॉलों का भी निरीक्षण किया और प्राप्त आवेदनों को एक सप्ताह के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, जिला परिषद सदस्य अनीता देवी, प्रमुख अनिता यादव, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष विनोद पासवान, मुखिया डेगन गंझु, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा, समाजसेवी बालेश्वर यादव, रामदेव यादव सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

भद्रकाली महाविद्यालय में शिक्षक दिवस मना

खबर मन्त्र संवाददाता

इटखोरी। भद्रकाली महाविद्यालय में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ दुलार ठाकुर ने की। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य और शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया।छात्रों ने शिक्षकों की आरती उतारी और गुरु वंदना की। डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए और उनकी जयंती के अवसर पर केक काटा गया। छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया और छात्र-छात्राओं ने भाषण, संगीत, चुटकुले और एकांकी जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ दुलार ठाकुर ने शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि वे अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं और उनका दर्जा भगवान से भी ऊपर होता है।प्रो ललित मोहन सिन्हा ने शिक्षकों को राष्ट्रनिमार्ता बताया और कहा कि वे दीपक की तरह स्वयं जलकर छात्रों के जीवन को प्रकाशित करते हैं। प्रो श्यामसुंदर प्रसाद ने प्राचीन भारत में गुरुकुल परंपरा को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में अन्य प्रोफेसरों ने भी अपने विचार रखे और छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन पल्लवी कुमारी ने किया और रानी कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

एक नजर में

तीज व्रत पर सुहागिनों ने की भगवान शिव की पूजा, अखंड सौभाग्य का मांगा वर

चतरा। शुक्रवार को हरितालिका व्रत के अवसर पर सुहागिनों ने भगवान शिव की पूजा की और अखंड सौभाग्य का वर मांगा। सुहागिनों ने निर्जला उपवास रखा और भगवान शिव, माता पार्वती और श्री गणेश की मिट्टी की प्रतिमा बनाई। शाम के समय सुहागिनें इकट्ठा होकर भगवान शिव की पूजा की और पंडितों के सहयोग से पूजा विधान किया। पूजा के दौरान देवी पार्वती को सुहाग की सामग्री अर्पित की गई और भगवान शिव और देवी पार्वती की हर तालिका व्रत की कथा का श्रवण किया गया। सुहागिनों ने रात भर जागकर भगवान शिव का गुणगान किया और शनिवार को पूजा के बाद व्रत का पारण किया। चतरा जिले के विभिन्न मंदिरों में तीज व्रत को लेकर विशेष पूजा की व्यवस्था की गई थी और सुहागिनों ने मंदिर जाकर भगवान शिव की आराधना की।

ट्रांसफार्मर खराब होने से ग्रामीण परेशान

गिद्धौर। गांगपुर गाँव के मस्जिद मोहल्ले में ट्रांसफार्मर खराब होने से पिछले दो महीनों से लोग अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ट्रांसफार्मर खराब होने से मोहल्ले के लोगों के साथ-साथ मस्जिद तक नमाज पढ़ने आने वाले लोगों को भी अंधेरे में आना-जाना पड़ता है, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। स्थानीय युवक ने इसे बनवाने की कोशिश की, लेकिन अभी तक ट्रांसफार्मर नहीं बन पाया है, जिससे मुस्लिम मोहल्ले के लोगों ने विभाग से इसे ठीक कराने की मांग की है।

तालाब में डूबने से एक बच्चे की मौत

कोडरमा। थाना क्षेत्र अंतगर्त बेकोबर उतरी पंचायत के चिगलाबर स्थित कुंडा तालाब में नहाने के दौरान डूबने से एक बच्चे की मौत हो गयी। वहीं मृतक की पहचान पिपराडीह निवासी 15 वर्षीय आशीष कुमार पिता सन्तोष यादव के रूप में हुई है। वहीं इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का लहर है। वहीं मिली जानकारी के अनुसार मृतक आशीष अपने दो दोस्तों के साथ कुंडा तालाब में नहाने गया था, इस दौरान उसके दोनों दोस्त नहाकर घर लौट गए परन्तु आशीष घर नही लौटा तो उसके परिजन उसको ढूंढने तालाब गए, जानकारी मिलते ही गांव के युवकों ने तालाब में काफी खोजबीन के बाद मृतक बच्चे का शव निकाला। घटना की जानकारी मिलते ही कोडरमा थाना प्रभारी सुजित कुमार दलबल के साथ पहुंचे और मामले की जानकारी लेते हुए मृतक के शव को अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इधर घटना के बाद मृतक बच्चे के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

मरकच्चो (कोडरमा)। प्रखंड के पंचायत जामु सचिवालय में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत बीडीओ हुलास महतो, सीओ परमेश्वर कुशवाहा, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.प्रदीप बैठा, मुखिया नीता कुमारी, पंसस संदीप साव की देखरेख में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जेएसएलपीएस के द्वारा 45 महिला समूह को दिए जा रहे 45 लाख के चेक का बीडीओ हुलास महतो, सीओ परमेश्वर कुशवाहा, मुखिया नीता कुमारी, उप मुखिया संदीप साव जेएसएलपीएस की लक्ष्मी कुमारी, प्रीति देवी, यशोदा कुमारी, किरण कुमारी के द्वारा चेक वितरण किया गया। शिविर में सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, खाद्य सुरक्षा, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, सर्वजन पेंशन, मनरेगा, उद्योग, राजस्व, दीदी बाड़ी, स्वास्थ आदि योजनाओं से लाभुकों को लाभान्वित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के कुल 854 आवेदन प्राप्त हुए, कुछ आवेदनों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। वहीं अबुवा स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 55, अबुवा आवास योजना के लिए 1173, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 40, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 46, जाति प्रमाण पत्र के लिए 24, आवासीय प्रमाण पत्र के लिए 28, आय प्रमाण पत्र के लिए 32, साइकिल वितरण 48, क्लस्टर सदस्यों के बीच आईडी कार्ड का वितरण 105, राशन कार्ड में संशोधन 45, बिजली संबंधी समस्याएं 02, झारखंड मुख्यमंत्री मैंया सम्मान योजना के लिए 133, बीरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना 02 मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना 19, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 100 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर समाजसेवी रविंद्र गुप्ता, पिंटू साव, राजेश कुमार, कृष्णा सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

डीएलओ ने स्वास्थ्य केंद्रों का किया निरीक्षण

कोडरमा। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. रमण कुमार ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पत्थलडीहा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयनगर, एचडब्ल्यूसी पत्थलडीहा एवं चेहाल का औचक निरीक्षण किया, साथ ही चेहाल में कुष्ठ मरीजों का स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक सलाह दी। मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ.सुरेश राम, फिजियोथेरेपिस्ट राजीव रंजन, महिपाल सिंह आदि मौजूद थे।

चंदवा में भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

तीन दिनों के अंदर बूथ कमेटी का पुनरीक्षण करने का दिया गया टास्क

खबर मन्त्र संवाददाता

बैठक में उपस्थित लोग।

चंदवा। स्थानीय पथ निर्माण विश्रामागार परिसर में शुक्रवार को भाजपा मंडल कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष आशिष सिंह व संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने की। सर्व प्रथम महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। तत्पश्चात बतौर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष सह मंडल प्रभारी राकेश दुबे ने कहा की बैठक कामकाजी एवं बहुत ही महत्वपूर्ण है, जिला कार्यसमिति की बैठक में तय हुआ था कि आगामी 6 सिंतबर तक सभी मंडलो की मंडल कार्यसमिति की बैठक कर लेनी हैं। चुकी विधानसभा का चुनाव बहुत ही नजदीक आ चुका है, सभी पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष मोर्चा के पदाधिकारी, सभी पंचायत अध्यक्ष, सभी बुथ अध्यक्ष आज से ही केंद्र की मोदी की योजनाओं जन जन तक बताने कार्य करे, पूर्व भाजपा सरकार विकास योजनाओं का चर्चा करें एवं झारखंड निक्कमी हेमंत सोरेन की सरकार की नाकामियों जनता को बताने का कार्य करे। अगले 4 दिनों के अंदर हर हाल में शक्ति केंद्र (पंचायत) में सभी बूथों के कार्यकताओं के साथ बैठक करनी है और उसी दिन बुथ शसक्तीकरण अभियान के तहत सभी बुथ कमेटी की समीक्षा कर मंडल को सौंपने का कार्य करेंगे। सभी पंचायत अध्यक्षों को हर हाल में अगले 3 दिन के अंदर बुथ कमेटी का पुनरीक्षण कर मंडल अध्यक्ष को सौपने का टास्क भी दिया गया। कार्यक्रम की समाप्ति की घोषणा मंडल मंत्री राजेश गंझू ने की। मौके पर महेन्द्र प्रसाद साहू, ध्रुव पांडेय, देवमोहन सिंह, कुलामन साहू, शंकर साहू, संजीव आजाद, मंजू सिंह, संजय साहू, शिवकेश्वर यादव, मनीष गुप्ता, विनय रिकी वर्मा, सूर्यनारायण साहू, वीरेंद्र प्रसाद, सकीन्दर भुईया, सुनील मुंडा, चंद्रभूषण केसरी, सकीन्दर मुंडा, राजेंद्र यादव, पंचायत अध्यक्ष मनोज पाठक, शंकर मुंडा, रामकिशुन गंझू, राजेश यादव समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

चंदवा पश्चिमी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा विकास शिविर

शिविर का शुभारंभ करते अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। प्रखंड के चंदवा पश्चिमी पंचायत सचिवालय प्रांगण में शुक्रवार को झारखंड सरकार द्वारा चलाई जा रही आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ चंदन प्रसाद, बीससूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, मुखिया संगीता लकड़ा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के उपरांत अधिकारियों के द्वारा शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए योजनाओं से संबंधित स्टॉलों की जानकारी दी गयी। बीडीओ श्री प्रसाद ने कहा कि आमजनों को संचालित विकास योजनाओं एवं अपनी समस्याओं को लेकर प्रखंड व जिला मुख्यालय का चक्कर न काटना पड़े इस उद्देश्य से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन आपके पास आई है। आप सभी ग्रामीण शिविर का लाभ उठाकर संचालित विकास योजनाओं का लाभ उठाएं। शिविर में प्रशासन के द्वारा मुख्यमंत्री मंइयाँ सम्मान योजना, अबुआ आवास, पेंशन, बिजली, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, स्वास्थ्य, महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, गुरुजी क्रेडिट कार्ड समेत कई विभागों के द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। खबर लिखे जाने तक अबुवा आवास के लिए कुल आवेदन लिए जा चुके थे। इसके अलावे कई लाभुकों को धोती साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। शिविर में प्रखंड कर्मी रितेश कुमार, कर्मचारी मुनेश्वर गंझू, रोहित मेहता, बिजली विभाग के सुनील कुमार, शिक्षा कर्मी सुबोध कुमार चंदेल समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

एसपी के निर्देश पर चल रहा है सघन वाहन जांच अभियान, तीन दिनों में 65 वाहन जब्त

चंदवा। जिले के नए पुलिस कप्तान कुमार गौरव ने जिले में कमान संभालने के साथ हीं जिले में अपराध नियंत्रण के साथ विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने में पूरी मुश्तैदी के साथ जुड़ गए हैं। जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं व अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी के निर्देशन में चंदवा पुलिस के द्वारा चंदवा के एनएच-75 रांची-मेदिनीनगर, एनएच-99 रांची-चतरा मुख्य मार्ग के केंद्र बिंदु पर स्थित इंदिरा गांधी चौक पर चंदवा पुलिस के द्वारा लगातार तीन दिनों से सघन वाहन जांच अभियान चलाई जा रही है। तीन दिनों तक चले अभियान में अब तक पुलिस के द्वारा परिवहन नियमों का उल्लंघन करते 65 छोटे-बड़े वाहनों को जब्त किया गया है। जिनसे जुमार्ना वसूली को लेकर अग्रतार कार्रवाई की प्रक्रिया के लिए जब्त वाहनों की सूची को न्यायालय को भेजी गई है।उक्त जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, दो पहिया वाहन चालक वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें, बिना हेलमेट के जो भी वाहन चालक पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ जुमार्ना वसूली की कार्रवाई की जाएगी। इधर लगातार 3 दिन ऐसा चल रहे अभियान को लेकर वाहन चालकों में हड़कम्प भी देखा जा रहा है।

शिक्षा जीवन के लिए और जीवन वतन के लिए होना अति आवश्यक है : रमेश उरांव

कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

लातेहार। स्टार कोचिंग सेंटर चंडनडीह में शिक्षक दिवस धुम-धाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव उपस्थित थे। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र और छात्राओं को व्यावहारिक एवं आध्यात्मिक ज्ञान देना अति आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि वीर बुधु, भगत भगवान बिरसा मुंडा, बाबा तिलकामांझी, तेलंगा खड़िया, फूलों झानो जैसे वीर एवं वीरांगना क्रांतिकारी के अंदर आध्यात्मिक शक्ति और व्यवहारिक ज्ञान होने के कारण अंग्रेजों ने उन्हें पकड़ नहीं पाते थे। आज समाज में शिक्षित नहीं रहने के कारण अमानवीय जैसे दुष्परिणाम घटना देखने को मिल रहा है। शिक्षा जीवन के लिए और जीवन वतन के लिए होना अति आवश्यक है। मौके पर उपस्थित युवा नेता नागमणि कुमार ने कहा की शिक्षा ही एक ऐसा हथियार है जो अंधकार से उजाला की ओर ले जा सकता है। विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमलेश उरांव ने शिक्षकों से आग्रह किया कि जो गरीब छात्र अगर किसी कारणवस फीस नहीं जमा कर पाते हैं तो वैसे छात्रों को भी अपने स्तर से पढ़ाने का काम करें। मौके पर कोचिंग संचालक आनंद यादव, रविंद्र सिंह, अंकित कुमार एवं कई छात्र-छात्राओं एवं अभिभावक मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

गणीनाथ पूजा की की तैयारी जोरों में इस बार भव्य तरीके से किया जाएगा पूजा : शंभू प्रसाद

महुआडांड़। प्रखंड में हलवाई समाज हर वर्ष के भांति इस वर्ष कुछ अलग एवम भव्य करने की तैयारी जोरों में है। जो की 14 सिंतबर दिन शनिवार को दुगार्बाड़ी परिसर में मनाया जायेगा । भाजपा जिला मंत्री सह हलवाई समाज के संरक्षक शंभु प्रसाद ने प्रेस वार्ता कर कहा कि इस इस बार बाबा गणिनाथ पूजा हम सभी लोग मिल कर भव्य बनाने का तैयारी जोरों में है। मुख्य अतिथि के रूप में बसंत प्रसाद एवम बासुदेव प्रसाद को आमंत्रण किया गया है। महुआडांड़ गणिनाथ पूजा में पलामू, गढ़वा, लातेहार, गुमला, सिमडेगा, छत्तीसगढ़, बिहार, उड़ीसा एवम अन्य जगह निमंत्रण भेजा गया है सभी जगह से लोग आएंगे।

रेंजर, वनकर्मियों व ग्रामीणों द्वारा मक्का खेती को पीटकर नष्ट किये जाने को लेकर पहुंचे सीओ व थानेदार, की पूछताछ

- ➲ सीएम के पास किया गया था ट्विट, उपायुक्त के निर्देश पर पहुंचे सीओ व थानेदार प्रभावित परिवार से मिलकर की पूछताछ, सौपी जाएगी रिपोर्ट

नष्ट किये गए मक्का फसल को देखते अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

बारियातू। प्रखंड के गोनिया पंचायत अंतर्गत बिश्रामपुर मे रेंजर ने वन कर्मियों और ग्रामीणों की सहयोग से 20 एकड़ भूमि पर लहलहा रहे मक्का फसल को नष्ट किए जाने के मामले को लेकर सीएम के पास ट्विट किया गया था। जिसको लेकर उपायुक्त के निदेर्शानुसार सीओ सह बीडीओ नंद कुमार राम थाना प्रभारी राजा दिलावर ने विश्रामपुर गांव पहुँच कर मक्का फसल को देखा। साथ ही प्रभावित लोगों से पूछ ताछ किया। वहीं जानकारी देते हुए सीओ नंद कुमार ने कहा की जांच प्रतिवेदन उपायुक्त को प्रेषित किया जायेगा। आपको बताते चले की बालूमाथ प्रभारी रेंजर नंद कुमार मेहता ने बुधवार को 10 से 12 वन कर्मियों और ग्रामीणों के सहयोग से विश्रामपुर व भाटचतरा गांव के किसानों द्वारा वन क्षेत्र मे लगाए गए मक्का फसल को लाठी डंडे से पीटकर नष्ट कर दिया था।

जिससे किसानों को लगभग 8 लाख का नुकसान हुआ है। रेंजर वन कर्मियों के अनुसार ग्रामीणों द्वारा मक्का खेती नस्ट किए जाने को लेकर सीएम के पास ट्विट कर दिया गया था। जिसको लेकर सीओ व थाना प्रभारी ने पीड़ित आशा देवी, प्रमिला देवी, राजो देवी सरिता से पूछ-ताछ किया गया। जिसमे महिलाओ ने बताया की लहलहा रहे फसल बर्वाद करने के पूर्व किसी प्रकार को कोई विभागीय नोटिस नहीं दिया गया। और खेती करने के पूर्व वनरक्षी विश्वासदेव पाण्डेय को पांच-पांच हजार रुपए भी दिए हैं। हमलोग भूमिहीन हैं पैसा देने के बाद खेती करने के लिए मौखिक रूप से कहा गया था। मक्का खेती तैयार होने के कगार पर था और मक्का को पीटकर पूरी तरह नस्ट कर दिया जिससे काफी आर्थिक क्षति हुई है। मौके पर सीआई अनिल होरो, राजस्व कर्मचारी संदीप कुमार, अमीन संजय यादव, समाज सेवी लाल आशीषनाथ शाहदेव, अजय राम उपस्थित थे।

एसडीपीओ सुनेंगे फरियाद

चंदवा। नागरिकों के शिकायत का तुरंत एवं प्रभावी निराकरण हेतु झारखंड पुलिस के द्वारा एक अनोखी पहल की शुरूआत की जा रही है। राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता के आदेश के आलोक में लातेहार पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देशन में जिले के विभिन्न पुलिस अनुमंडल थानों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित होगी, जिसमे आम लोगों की फरियाद को प्रशासन सुनेगी व त्वरित समाधान भी निकलेगा। इसी के निमित्त 10 सितंबर मंगलवार को सुबह 11:00 बजे से लातेहार थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजित होगी। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदवा थाना क्षेत्र के फरियादियों की समस्याओं को सुनेंगे व त्वरित समाधान भी निकाला जाएगा। चंदवा थाना में प्रेस वार्ता कर इंस्पेक्टर रणधीर कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में महिला उत्पीड़न, बाल श्रम, जमीन संबंधी समेत अन्य समस्याओं को सुना जाएगा। इन्होंने आमजनों से जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के माध्यम से अपने समस्याओं को रखना का आग्रह भी किया है।

कपड़ा व्यवसाई का निधन, शोक

मोहम्मद इरशाद (फाईल फोटो)

बालूमाथ। बालूमाथ के जाने-माने व्यवसाई व मुतुर्जा काम्प्लेक्स के मालिक मोहम्मद इरशाद 50 वर्ष का आकस्मिक मृत्यु गुरुवार की रात्रि लगभग 10:00 बजे हो गई। परिजनो ने बताया कि रात्रि 10 बजे उसे हार्ट अटैक हुआ। उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सको ने उसे बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया। जहां रिम्स ले जाने के दौरान मकईयाताड़ के समीप उसकी मौत हो गई। ज्ञात हो कि मोहम्मद इरशाद जेबा वस्त्रालय नामक दुकान का संचालक थे। तथा मृद भाषी थे। उनके निधन पर पूरनमल प्रसाद, मो. आबिद, जावेद अख्तर, अशोक दास, बासुदेव चौरसिया डॉ. ए. के विश्वास, सुरेंद्र रजक, मो.साजिद, शशिभूषण गुप्ता, मो. फैसल, मो. शमीम, सिकन्दर लाल, अर्जुन साव, ईश्वरी पासवान, सुरेंद्र गुप्ता समेत कई लोगों ने शोक प्रकट किया है।

उपायुक्त गरिमा सिंह ने की झारखंड राज्य फसल राहत योजना की बैठक

बैठक करते डीसी।

- ➲ राशि का आवंटन शीघ्र मंगवा कर किसानों के खाते में भुगतान करने की प्रक्रिया प्रारंभ करें: डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

लातेहार। उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को झारखंड राज्य फसल राहत योजना से संबंधित जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने समिति के सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया कि झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत रब्बी मौसम 2022-2023 के लिए 5456 किसानों का पंजीकरण कराया गया था। वर्तमान में राज्य सरकार द्वारा जिले के कुल 1230 किसानों को झारखंड राज्य फसल राहत योजना अंतर्गत क्षतिपूर्ति भुगतान हेतु योग्य पाया गया है। जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंडवार चयनित किसानों के भुगतान के लिए अनुमोदित सूची पर विचार करना है। समिति के सदस्यों के द्वारा कुल 1230 कृषकों को 24 लाख 11 हजार 959 रुपए किसानों के बैंक खाते में डालने के लिए स्वीकृति दी गई। उपायुक्त के द्वारा जिला सहकारिता पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि उक्त राशि का आवंटन शीघ्र मंगवा कर किसानों के खाते में भुगतान करने की प्रक्रिया प्रारंभ करें, ताकि उक्त सभी कृषकों को झारखंड राज्य फसल राहत योजना के तहत लाभान्वित किया जा सकें। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश सिंह, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, जिला सूचना पदाधिकारी लता रानी अन्य संबंधित पदाधिकारी, कर्मी उपस्थित थे।

आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत शिविर का हुआ आयोजन

शिविर का उद्घाटन करते ग्राम प्रधान।

- ➲ सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं ग्रामीण: बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

बरवाडीह। प्रखंड के उकामाड़ पंचायत सचिवालय में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन विभिन्न ग्रामों से आए ग्राम प्रधान ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। शिविर में कुल 680 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 240 आवेदनों पर त्वरित कारवाई करते हुए उसका निष्पादन ऑन द स्पॉट कर दिया गया। सबसे अधिक 250 आवेदन अबुआ आवास के लिए ग्रामीणों ने दिए है। शिविर को संबोधित करते हुए बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने ग्रामीणों से बढ़ चढ़कर शिविर में हिस्सा लेने और योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। वहीं विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह ने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक के विकास को लेकर कृत संकल्पित है। कोई भी गांव विकास से वंचित नहीं रहेगा। हर लोगों को राज्य सरकार की योजनाओं से आच्छादित किया जाएगा। इधर शिविर को लेकर ग्रामीणों में भी खासा उत्साह देखा गया। मौके पर जिला परिषद सदस्य कन्हाई सिंह, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह उर्फ पिंटू, पीएम आवास के प्रखंड समन्वयक दीपक कुमार, प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद रवि, ग्राम प्रधान सह मुखिया पति कैलाश सिंह, उप मुखिया राजेंद्र सिंह, रामनाथ राम समेत सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

मनिका प्रखंड के जुंगुर में सात दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का फीता काटकर मुखिया ने किया उद्घाटन

टूनार्मेंट का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि व अन्य।

खबर मन्त्र संवाददाता

मनिका। मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत जुंगुर पंचायत के मटवाटोंगरी स्थित कार्तिक उरांव खेल मैदान में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिन शुक्रवार को स्वर्गीय डॉ.दीपक उरांव फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जुंगुर पंचायत के मुखिया देवेंद्र कुमार कुजूर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत फीता काटकर व बॉल को किक मारकर टूनार्मेंट के शुरूआती मैच का शुभारंभ किया। वहीं शुरूआती मैच डोंकी बनाम खुरचिपुवा (मनिका) के टीमों के बीच खेला गया। बता दें कि यह टूनार्मेंट सात दिवसीय रखा गया है जिसका समापन 13 सितंबर को किया जाएगा। मौके पर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए मुखिया देवेंद्र कुमार कुजूर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के टूनार्मेंट के आयोजन से युवा खिलाड़ियों को अपना प्रतिभा निखारने का मौका मिलता है इसलिए सभी खिलाड़ी पूरी मेहनत और लगन से खेलें,खेल में हार और जीत लगा रहता है इसलिए कभी भी हार से घबराना नहीं चाहिए और अगले मैच में जीतने के लिए पूरी मेहनत से तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने को प्रेरित किया और कहा कि खेल से मानसिक व शारीरिक दोनों का विकास होता है इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ खेल के लिए भी अपना कुछ समय जरूर निकालें,आज खेल के माध्यम से हमारे क्षेत्र और जिले के युवा खिलाड़ी बाहर जाकर खेल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और अपने देश का नाम रौशन कर रहे हैं इसलिए सभी खिलाड़ियों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

टोटी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन

कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

बारियातू। प्रखंड क्षेत्र के टोटी पंचायत सचिवालय परिसर मे स्थानीय मुखिया शांति देवी की अध्यक्षता में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का विधिवत उद्घाटन प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, जिप सदस्य रमेश राम,बीडीओ सह सीओ नंद कुमार राम, बीससुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, मुखिया शांति देवी एवं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रीगन कुमार, जेएसलपीएस बीपीएम दीपक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की राज्य सरकार गरीबों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही हैं। जिसका सिधा लाभ आप सभी को देने को उद्देश्य से आपके पंचायत में शिविर लगाया गया है। वहीं बीससुत्री अध्यक्ष गंझु, जिप सदस्य रमेश राम, प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी, राजसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार ने भी झारखंड सरकार द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए लोगो को लाभान्वित होने की अपील किया। मौके पर खाद्य आपुर्ती पदाधिकारी चंदन कुमार, सीआई अनिल होरो, राजस्व कर्मचारी राजू राम, संदीप कुमार, नंदेव राम पंचायत सचीव 15वे वित पंकज पाण्डेय आवास कॉर्डिनेटर शशि पूनम कुजूर, नागरिक सहायता केंद्र पर श्रवन उरांव पशुचिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुशिला बागे, डॉ. निरज, लेखापाल सह कंप्यूटर ऑपरेटर सहित कई प्रखंड व अंचल कर्मी के अलावा कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

चंदवा में अखंड सौभाग्यवती की कामना के साथ सुहागिनों ने किया हरितालिका तीज व्रत

भगवान शिव व पार्वती की आराधना कर पति के दीर्घायु होने की कामना की

पुजा करती महिलाएं।

खबर मन्त्र संवाददाता

चंदवा। भाद्र शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाए जाने वाले हरितालिका तीज पर्व चंदवा में सुहागिनों ने श्रद्धापूर्वक मनाया। इस मौके पर सुहागिनों ने भगवान शिव और पार्वती की विधिवत पूजन कर अपने पति के दीर्घायु होने व अखण्ड सौभाग्यवती होने की कामना की। हरितालिका तीज पर्व को लेकर चंदवा स्थित बुध बाजार शिव मंदिर, हरैया दुर्गा बाड़ी, हनुमान मंदिर, थाना टोली शिव मंदिर, महावीर मंदिर रेलवे कॉलोनी समेत अन्य मंदिरों में सुहागिनों के द्वारा विधिवत पूजन किया, वहीं काफी संख्या में सुहागिनों से अपने-अपने सुविधानुसार घरों में तीज पर्व किया जहा पुजारियों ने विधिवत पूजन कराया। इधर तीज को लेकर सुहागिन महिलाएं शुक्रवार को पूरे दिन रात उपवास पर रहीं। घरों मंदिरों में शिव पार्वती का पूजन कर व्रतियों ने पति की लंबी उम्र की कामना की। श्रद्धा एवं विश्वास के साथ महिलाओं ने सुख-शांति वैभव के साथ पति के दीघार्यु की कामना के साथ पूजा-अर्चना की। इसके लिए फल, पेड़ाकी व मिठाई पकवान से डालिया सजाया गया। महिलाएं 24 घंटे निराहार रहकर रात्रि में चारों पहर भगवान शिव-पार्वती की पूजा करती रही। पंडित भुवन पाठक ने कहा कि तीज व्रत को हरितालिका भी कहा जाता है। यह व्रत सुहाग की रक्षा के लिए महिलाएं करती हैं।

हरितालिका तीज पर्व पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए की पूजा अर्चना

पुजन करती महिलाएं।

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय के दर्जनों स्थान पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी आयु के लिए हरिततालिका तीज पर्व की। महिलाओं ने 24 घंटे का उपवास रखकर शुक्रवार को सुबह 6:00 बजे से ही पूजा आरंभ कर दी। बालूमाथ महावीर मंदिर, शिव मंदिर टमटम टोला, शिव मंदिर ब्लॉक, शिव मंदिर बड़का बालूमाथ शिव मंदिर वन विभाग समेत सेरेगड़ा, बालू, मसीयातु, गणेशपुर, धांधू, सेमत कई स्थानों पर तीज पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। बालूमाथ महावीर मंदिर में पंडित देवासीस बैध द्वारा वैदिक मंत्रउच्चारण के साथ महिलाओं को विधिवत पूजा अर्चना कराया। वही कई लोगों ने अपने घरों में भी सामूहिक रूप से तीज पर्व पर पूजा अर्चना किया।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानगो-साकची फ्लाई ओवर के पहले पीलर के निर्माण कार्य शुरु कराया

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा के विधायक बन्ना गुप्ता ने शुक्रवार को मानगो और जमशेदपुर की जनता से फ्लाई ओवर बनवाने का किया गया वायदा पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए पियर संख्या 30 के नींव कार्य का शुभारंभ पूर्ण वैदिक विधि विधान और पूजा अर्चना के साथ किया। शुभारंभ करने के बाद आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि मानगो फ्लाईओवर को जमशेदपुर में यातायात की भीड़ को कम करने और कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए डिजाइन किया गया है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि एक बार पूरा होने पर मानगो फ्लाईओवर से मरीनड्राइव, डिमना, आजाद बस्ती, साकची, भुइयाडीह और बिस्टुपुर के निवासियों को काफी लाभ होगा। इससे यात्रा का समय, ईंधन की खपत और वायु प्रदूषण कम हो जाएगा, जिससे यात्रा अधिक सुलभ और आनंददायक हो जाएगी। उन्होंने फ्लाईओवर निर्माण के लिए बाधक बने राजनीति व्यक्तियों को निशाना साधते हुए कहा कि उनलोगो ने हर प्रयास किया कि मानगो की जनता को इस सुविधा का लाभ न मिले, पत्र लिखकर, प्रेस कॉन्फ्रेंस कर फ्लाईओवर निर्माण का मजाक उड़ाया, इस योजना को रोकने का हर संभव प्रयास किया लेकिन जनता की जीत हुई और आज नींव निर्माण का कार्य प्रगति पर हैं। तीन-तीन सीएम रहे जिनके उस पार्टी ने एमजीएम में क्यों नहीं कराया सुधार। बन्ना गुप्ता ने विपक्ष के कुछ छूट भइये नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि जिस पार्टी के तीन मुख्यमंत्री रहें, कई मंत्री रहें, विधायक रहें उन्होंने आज तक एमजीएम अस्पताल को सुधारने के लिए कोई पहल क्यों नहीं की! जाम मुक्त जमशेदपुर बनाने के लिए क्या कदम उठाया तीनों मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकाल में! विपक्ष के शासनकाल में अपराधी घटनाओं में वृद्धि हो रही थी, हमारे कार्यकाल में अपराधी जेल में बंद हैं, जल्द ही शहर में टाटा स्टील के सहयोग से 200 सीसीटीवी कैमरे लग रहें हैं जो एक अत्याधुनिक क्राइम कंट्रोल रूम के साथ कनेक्ट रहेंगे और पूरे शहर पर नजर रखा जायेगा। इस अवसर पर आरसीडी के कार्यपालक अभियंता दीपक सहाय, बम सिंह, टाटा स्टील लैंड डिपार्टमेंट के अमित सिंह, उप प्रशासक रंजीत लोहरा, परितोष सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, गुड्डू गुप्ता, अजय मिश्रा, ओमप्रकाश सिंह, नितेश मित्तल, पप्पू सिंह उज्जैन, माजिद अख्तर, बिलाल गुफरान, संजय तिवारी, मनोज झा समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहें।

बन्ना ने गिनायी कार्यकाल की उपलब्धियां

उन्होंने अपने कार्यकाल की उपलब्धि गिनाते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में एक तरफ फ्लाईओवर निर्माण कार्य शुरू हुआ, दूसरी तरफ साकची स्थित एमजीएम अस्पताल नए सिरे से बन रहा हैं। एक तरफ विश्वस्तरीय अंतर्राजय स्तर का बस स्टेण्ड बनने की प्रक्रिया प्रगति पर हैं दूसरी तरफ 100 बेड का सीसीयू अस्पताल निमार्णाधीन हैं, 50 बेड का धनवंतरी अस्पताल बनने जा रहा हैं। सिर्फ मानगो में 6 नया अर्बन हेल्थ सेंटर खुला हैं जबकि 30 बेड का कम्युनिटी हेल्थ सेंटर बनने जा रहा हैं। जल्द ही एमजीएम अस्पताल में ओपीडी की सुविधा शुरू होने जा रही हैं। कुल मिलाकर जमशेदपुर को मेडिकल हब बनाने की दिशा में हम अग्रसर हैं। दूसरी तरफ जमशेदपुर में भी बाईपास बनाने का प्रस्ताव विभाग में प्रस्तावित हैं ताकि बड़ी गाड़ियां शहर से बाहर निकल सकें और ट्रैफिक जाम से मुक्ति मिल सकें।

बन्ना पांच साल सोये रहे, अब चुनाव माथे पर देख पिलर उठवा रहे : विनोद सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

बन्ना गुप्ता
जवाब दो?

जमशेदपुर। भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष विनोद सिंह ने जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सह मंत्री बन्ना गुप्ता पर जम कर हमला बोला है। उन्होंने बन्ना गुप्ता जवाब दो, शीर्षक से एक संवाददाता सम्मेलन कर उनके कार्यकाल के पांच साल नाकामियों से भरे साल रहे हैं। अब चुनाव सर पर देख जनता को भरमाने के लिए फ्लाई ओवर के 30 वें नंबर के पिलर पर काम शुरु करवा रहे यानी पांच साल में बन्ना गुप्ता मात्र एक पिलर बनवा पायेंगे। शेष 29 पिलर बनवाने के लिए उन्हें पांच टर्म और विधायक जनता को चुनना होगा। अपने पांच वर्षों के कार्यकाल में बन्ना गुप्ता मानगो की जनता को पानी, बिजली, सड़क जाम और गिरती विधि व्यवस्था से निजात दिलाने में बुरी तरह असफल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के मंत्री हैं और कोल्हान के सबसे बड़े अस्पताल की बदहाली तक दूर करने में असफल रहे। बेहतर होता कि सड़क जाम से निजात दिलाने में असफल होने पर वे मानगो की जनता से माफी मांगते।

स्पीड न्यूज

वरिष्ठ शिक्षक शिशिर पाठक को छात्रों ने किया सम्मानित

जमशेदपुर। शहर के वरिष्ठ शिक्षक व संस्कृत के मूर्धन्य ज्ञाता शिशिर पाठक को उनके द्वारा पढ़ाये गए एस एन हाई स्कूल के 1982 बैच के छात्रों ने शिक्षक दिवस के उपलक्ष पर विशेष रूप से शॉल, स्मृति चिन्ह और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। उक्त बैच के ही सुबोध शरण के नेतृत्व में किशोर वर्मा, बीएन गिरि, उदय झा, रामकृष्ण मोदी आदि ने अपने प्यारे शिक्षक को उनके आदित्यपुर स्थित उनके आवास में जाकर सम्मानित किया और आशीर्वाद लिए। पाठक ने कहा कि छात्रों का यही आदर ही एक शिक्षक के लिए प्राण है। उनका कहना है कि तकनीक के दौर में भी शिक्षकों की भूमिका अवश्य ही महत्वपूर्ण रहेगी पर शिक्षकों को समय के साथ अपने को उत्क्रमित करने की भी आवश्यकता है। सभी ने गुरू शिशिर पाठक की लंबी और स्वस्थ आयु की शुभकामना दी।

सुखराम के उम्मीदवारी पर ग्रामीणों ने सहमति की लगाई मुहर

चांडिल। राहुल पैलेस सभागार में सुख, शांति, समृद्धि, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को विधानसभा स्तरीय बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ता की बैठक हुई। जिसमें कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार के रूप में सुखराम हेंब्रम के प्रति विश्वास जताते हुए अपनी सहमति की मुहर लगाई तथा उम्मीद जताया की सुखराम हेंब्रम के नेतृत्व के ईचागढ़ विधानसभा की तस्वीर और लोगों की तकदीर बदलेगी। इस मौके पर गुरुपद मार्डी, श्यामल मार्डी, विश्वनाथ मंडल, डोमन बासके, बुद्धेश्वर गोप सहित कई लोग उपस्थित थे।

ठाकुर बाड़ी रोड, साकची में खुलने जा रहा वेज रेस्टोरेंट मिंट किचन

जमशेदपुर। 53, ठाकुर बाड़ी रोड, रेमंड शोरूम के बगल में साकची स्थित मिंट किचन, विशुद्ध शाकाहारी अत्याधुनिक रेस्टोरेंट का उद्घाटन 07 सितम्बर को होना निश्चित हुआ है। लगभग 3000 वर्गफीट में बने हुए आधुनिक इस रेस्टोरेंट में एकसाथ 104 लोगों की बैठने की व्यवस्था है। उक्त जानकारी देते हुए मिंट किचन के प्रबंधन ने कहा कि हमारे यहां इंडियन, चाइनिज, साउथ इंडियन, तंदूर, कांटिनेंटल, मॉकटेल, वेज थाली, आईस्क्रीम और कॉफी समेत अन्य व्यंजन उपलब्ध रहेगी। बिल्कुल आधुनिक कैफेटेरिया की तरह दिखने वाले मिंट किचन में विद्यार्थियों के लिए भी खास व्यवस्था रहेगी। महिलाएं भी अपने हैप्पी अवर्स में किट्टी पार्टी कर सकेंगी। उक्त हैप्पी अवर्स में (शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक के लिए ही) उचित डिस्काउंट की भी व्यवस्था है। इसके साथ ही साथ वैले पार्किंग की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक लगातार खुले रहने वाले इस रेस्टोरेंट में स्विगी या जोमैटो की भी सुविधा मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 को झारखंड को टाटा से देंगे कई सौगात : बाबूलाल मरांडी

पीएम मोदी लौहनगरी जमशेदपुर में विशाल जनसभा को भी करेंगे संबोधित

पूर्व सीएम चंपाई सोरेन के भाजपा में आने से पार्टी को मिली है मजबूती

खबर मन्त्र ब्यूरो

दिनांक : 06 सितंबर 2024
स्थान : तुलसी भवन बिष्टुपुर-जम

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी। बगल में बैठे हैं पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, कर्मवीर सिंह व अन्य।

जमशेदपुर। पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बताया कि 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टाटानगर रेलवे स्टेशन पर सरकारी कार्यक्रम के तहत टाटा से दो बंदे भारत ट्रेन लांच करने समेत विभिन्न कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे। इसके बाद वे, भाजपा की ओर से आयोजित विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा की सफलता के लिए पार्टी विभिन्न स्तरों पर व्यापक तैयारी कर रही है। कहा कि क्षेत्रफल के नजरिये से बिस्टुपुर के गोपाल मैदान में ही सभा की तैयारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि पीएम के कार्यक्रम को लेकर जिला से लेकर मंडल स्तर पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं की बैठक हो रही है। जिसमें कार्यक्रम की सफलता को लेकर रूपरेखा बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 8 और 9 सितंबर को कोल्हान सहित पूरे प्रदेश में प्रदेशव्यापी अभियान के तहत बूथों की बैठकें होगी। जिसमें पार्टी कार्यकर्ता बूथों पर जाएंगे और बूथ समिति के साथ बैठक कर वहां मतदाता सूची और बूथ समिति की समीक्षा करेंगे। इसके अलावे मरांडी ने कहा के झारखंड के सभी प्रमंडल में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली जाएगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बताया कि झारखंड में चार प्रमंडल हैं। भाजपा ने संगठनात्मक लिहाज से प्रदेश को छह प्रमंडल में बांटा है। सभी प्रमंडल में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली जानी है। इस यात्रा के माध्यम से हेमंत सरकार की वादाखिलाफी, नाकामियों और विफलताओं को जनता के समक्ष रखा जाएगा और प्रदेश में सशक्त भाजपा सरकार बनाने की अपील की जाएगी। चंपाई सोरेन के भाजपा में आने पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि स्वाभाविक रूप से झारखंड आंदोलनकारी और झामुमो को अपना पूरा जीवन देने वाले नेता जब पार्टी की कार्यशैली और सीएम हेमंत सोरेन की लूटनीति से तंग आकर भाजपा में आ रहे हैं। तो इस सवाल का जवाब मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को देना चाहिए कि किन परिस्थितियों में उनके संघर्ष के साथी रहे चंपाई सोरेन और लोबिन हेंब्रम जैसे पुराने लोग पार्टी छोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने बहुत उम्मीद के साथ झारखंड अलग राज्य बनाया था। जब हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री बने तो इन्हें उम्मीद थी कि वे झारखंड का भला करेंगे। लेकिन जिस प्रकार से सीएम हेमंत राज्य के बिचौलिया, माफिया और भ्रष्टाचारियों के हाथ की कठपुतली बन गए तो ऐसे में उनका मानना था कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो झारखंड को बर्बाद होने से कोई नही बचा सकता है। ऐसी स्थिति में एकमात्र पार्टी भाजपा ही विकल्प बचती है जो झारखंड को आदिवासी स्वाभिमान के साथ विकास के रास्ते पर आगे बढ़ा सकती है। बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सांसद विद्युत महतो समेत कई वरीय नेता शामिल हुए।

गैंगस्टर अमरनाथ के भाई शक्तिनाथ की हत्या में शामिल पांच अपराधी गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। 2 सितंबर को मानगो थानान्तर्गत गौड बस्ती कृष्णानगर में कुख्यात अपराधकर्मी अमरनाथ सिंह के भाई शक्तिनाथ सिंह उर्फ डब्लू सिंह की हत्या कर दी गई थी। अपराधकर्मियों के गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक (नगर), पुलिस उपाधीक्षक (मु) प्रथम, जमशेदपुर के नेतृत्व में एक टीम गठित किया गया। गठित टीम के द्वारा मृतक शक्तिनाथ सिंह की हत्या मामले का उदभेदन करते हुये घटना में शामिल 5 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार कर लिया गया है एवं हत्या में प्रयुक्त हथियार को बरामद कर लिया गया है। उक्त जानकारी सीनियर एसपी किशोर कौशल ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने बताया कि शक्तिनाथ सिंह की हत्या का कारण मृतक के भाई अमरनाथ सिंह द्वारा अवैध कब्जा वाले जमीन को मृतक द्वारा बेचने में हिस्सेदारी और मृतक का गौड बस्ती कृष्णा नगर स्थित कमरा के चाभी को लेकर मृतक शक्तिनाथ सिंह की हत्या और ईश्वर सिंह के बीच विवाद हुआ था। इस घटना में मंटू सिंह सरदार की मुख्य भूमिका रही, जिसने ईश्वर सिंह से जमीन बिकी में प्रति कट्ठा दस हजार रुपए की राशि का डील कर अपने अन्य सहयोगियों के मदद से योजना के तहत गोली मार कर हत्या कर दी गई।

सुहागिन महिलाओं ने तीज व्रत रख की पति के दीघार्यु होने की कामना

खबर मन्त्र प्रतिनिधि

गम्हरिया। कोल्हान प्रमंडल के तीनों जिलों क्रमशः पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला खरसावां जिला में शुक्रवार को सुहागिन महिलाओं ने हरितालिका तीज व्रत रख कर मंदिरों में पूजा अर्चना कर पति के दीघार्यु होने की कामना की। इस दौरान सुहागिनों ने निर्जला व्रत कर स्नानादि के बाद नए वस्त्र धारण कर सोलह श्रृंगार कर मंदिरों में भगवान शिव व माता पार्वती की श्रद्धाभाव से पूजा की। इस दौरान व्रती महिलाओं द्वारा पंडितों से सामूहिक रूप से तीज व्रत कथा का श्रवण भी किया। ऐसी मान्यता है कि भगवान शिव को प्राप्त करने के लिए माता पार्वती ने वन में रहकर तपस्या की थी। मान्यता है कि इस व्रत को करने से सुहागिन महिलाओं के सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है।

विघ्नहर्ता भगवान गणेश की कृपा बनी रहे : काले

खबर मन्त्र ब्यूरो

गणेश पूजा पंडाल का उद्घाटन करते अमरप्रीत सिंह काले।

जमशेदपुर। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पूजा समितियों द्वारा आयोजित पूजा पंडालों का उद्घाटन झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने विधिवत रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन समारोह के दौरान तीनतल्ला बॉयज कमेटी, गोविंदपुर, सन बॉयज कमेटी, गोविंदपुर, वीर कुंवर सिंह मैदान, श्री राम युथ क्लब, करनडीह, आंध्रा समिति, बमामाईन्स, नेशनल बॉयज क्लब, कंचननगर, बमामाईन्स, सिंह बॉयज क्लब, टुइलाडूंगरी, श्री श्री सिद्धिविनायक पूजा कमेटी, भुइंयाडीह चौक, एग्रिको, न्यू रॉयल बॉयज क्लब, सुखिया रोड, 10 नंबर बस्ती, झूला मैदान बॉयज क्लब, 10 नंबर बस्ती, झूला मैदान, ट्रक पार्क गणेश पूजा कमेटी, टेल्को इन पूजा समितियों द्वारा समाज में धार्मिक उत्साह और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की गई। अमरप्रीत सिंह काले ने इन पंडालों की भव्यता और आयोजन के स्तर की तारीफ कर शुभकामनाएं देकर कहा कि इन पूजा पंडालों का उद्घाटन करके मुझे अत्यंत खुशी हो रही है। यह देखकर अच्छा लगा कि हमारे समाज के विभिन्न हिस्सों में उत्सव की धूम मची हुई है और सभी ने मिलकर इसे भव्य तरीके से मनाने की तैयारी की है। इन पूजा समितियों द्वारा धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किए गए प्रयास सराहनीय हैं। हमें एकजुट होकर अपने सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखना चाहिए और मिलकर सामाजिक सौहार्द और शांति को बढ़ावा देना चाहिए। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की कृपा सदा हमारे साथ बनी रहे। उनके आशीर्वाद और संरक्षण से सभी के जीवन की कठिनाइयां और अड़चनें दूर हो ऐसी कामना है।

चांडिल : पुल और तीन सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिली

चांडिल। ईंचागढ़ विधायक सविता महतो के पहल पर ग्रामीण कार्य विभाग विशेष प्रमंडल द्वारा मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत चांडिल प्रखंड क्षेत्र के काटिया से खुंचीडीह के बीच स्वर्णरेखा नदी पर 14 करोड़ 93 लाख 25 हाजार रुपये कि लागत से निर्माण होने वाले पुल निर्माण का प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। वही नीमडीह प्रखंड क्षेत्र में सिरका टोला काठालडीह हरिमंदिर से ससांगडीह तक,पीडब्लूडीह पथ मांझीडीह मोड़ से माकुला भाया बानडीह तक, सामानपुर से जाड़ेयाबन तक, भांगाट से रांकाड़ तक, आरईओ रोड काशिडीह होते हुए मधुपुर तक, कुकड़ू प्रखंड के पीडब्लूडीह पथ से छोटालापांग तक व ईचागढ़ प्रखंड के नारों से कुंदरीलोंग तक, सालुकडीह से कुटाम तक, पथ निर्माण का प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है।

असफलता को सीखने का अवसर मान कर सफलता की ओर अग्रसर हों : शक्ति प्रसाद

अरका जैन यूनिवर्सिटी : स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी में पॉलिटेक्निक के फ्रेशर बैच का इंडक्शन सह ओरिएंटेशन प्रोग्राम आरम्भ' 24 शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो

JGi
ARKA JAIN
University
Jharkhand

जमशेदपुर। अरका जैन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी की ओर से पॉलिटेक्निक फ्रेशर बैच-2024 के लिए इंडक्शन सह ओरिएंटेशन प्रोग्राम 'आरम्भ'24' की शुरूआत की गई। समारोह में गणमान्य अतिथियों एवं विश्वविद्यालय के प्रमुख अधिकारियों की उपस्थिति नवनामांकित छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणादायी रही। समारोह में मुख्य अतिथि आरकेएफएल ग्रुप के मुख्य संचालन अधिकारी शक्ति प्रसाद सेनापति ने छात्र-छात्राओं को उनके करियर में दृढ़ता और संकल्प के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उन्होंने असफलता को सीखने का एक अवसर मानते हुए सफलता की ओर अग्रसर होने की सलाह दी। सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज आदित्यपुर के प्राचार्य डॉ श्रीकांत प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में स्पष्ट लक्ष्य और दृष्टि रखने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को सफलता की राह पर ध्यान केंद्रित रहने का महत्व समझाया। वहीं पीके ट्रांसफॉर्मर्स प्राइवेट लिमिटेड एवं मेटालाइट केमिकल प्रोडक्ट लिमिटेड के निदेशक ध्रुव अग्रवाल ने छात्र-छात्राओं को लगातार नई चीजें सीखने और अपने करियर में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कड़ी मेहनत को सफलता की वास्तविक कुंजी बताते हुए छात्र-छात्राओं को इसे अपनाने की सीख दी। इससे पूर्व दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती व गणेश वंदना के साथ समारोह की शुरूआत हुई। इसके बाद स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी के सहायक डीन डॉ. अश्विनी कुमार ने अतिथियों एवं नवनामांकित छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। समारोह में अरका जैन यूनिवर्सिटी बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन प्रो. (डॉ.) एसएस रजी, रजिस्ट्रार सह निदेशक डॉ. अमित श्रीवास्तव, डीन छात्र कल्याण सह परिसर निदेशक डॉ. अंगद तिवारी, संयुक्त रजिस्ट्रार डॉ. जसबीर सिंह धंजाल और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी के डीन डॉ. अरविंद पांडेय ने आईटी ने छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। साथ ही उन्हें इस नए अध्याय को पूरे जोश और समर्पण के साथ पूरा करने की प्रेरणा दी।

एक नजर में

आदर्श बाल मध्यउच्च विद्यालय शास्त्रीनगर में मना शिक्षक दिवस

जमशेदपुर। जमशेदपुर के कदमा शास्त्रीनगर ब्लॉक नंबर चार स्थित आदर्श बाल मध्य उच्च विद्यालय में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रुप में भारतीय तरुण संघ के अध्यक्ष और शिक्षाविद डॉ एम एस सिंह मानस, विशिष्ट अतिथि के रुप में भाजपा कदमा मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह और सम्मानित अतिथि के रुप में भारतीय तरुण संघ के महासचिव केपी सिंह उपास्थित थे। आयोजन में विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं और अलग अलग आयोजनों में श्रेष्ठ होने वाले बच्चों को भी अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में उच्च विद्यालय की प्रिंसिपल देवप्रिया रस्तोगी, मध्य विद्यालय की प्रिंसिपल शिमला सिंह और अन्य शिक्षिकाओं का योगदान रहा। बच्चों ने कई भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

सरदार बल्लभ भाई पटेल स्कूल गोविंदपुर में शिक्षक दिवस मनाया गया

जमशेदपुर। छोटा गोविंदपुर स्थित सरदार बल्लभ भाई पटेल मध्य विद्यालय में गुरुवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं को समाजसेवी सह कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आनंदमय पात्रा के हाथों सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस के आयोजन पर प्रकार डालते हुए उन्होंने कहा कि सुंदर और आदर्श समाज गढ़ने में शिक्षकों का बढ़ा योगदान है। स्कूली बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार, अधिकार एवं कर्तव्यों का बोध शिक्षक ही करते हैं। प्रधानाध्यापक जय कुमार ने कहा कि शिक्षक दिवस का आयोजन हम शिक्षकों को अपने जिम्मेदारियों का एहसास कराता है। कार्यक्रम में सत्येन्द्र कुमार सिंहा, सुनिता चौधरी, बिंदू मंड़ल, नीतू कुमारी, उप प्रधानाध्यापिका उषा कुमारी, रिना पंडित, सतीश कुमार झा आदि शिक्षक उपस्थित थे।

सेवानिवृत शिक्षकों को पार्षद कुसुम ने किया सम्मानित

जमशेदपुर। जिला परिषद सदस्य कुसुम पुर्ती के द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य पर एक शाम गुरूजनों के नाम कार्यक्रम का आयोजन सारजमदा शिव मंदिर प्रांगण में किया गया। इस कार्यक्रम के तहत सेवानिवृत्त शिक्षकों को चरण वंदन कर तथा शौल और मोमेंटो देकर सम्मानित कर उनका अभिवादन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती ने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त हो चुके इन शिक्षकों का योगदान अभूतपूर्व है। इन्होंने शिक्षा का अलख जगाने के साथ ही एक बेहतर समाज के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। एक बेहतर समाज से ही एक बेहतर देश का निर्माण संभव है। इस अवसर पर जिन सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान किया गया उनमें प्रो हरेन्द्र प्रसाद सिंह, प्रो एच शुक्ला, प्रो जटा शंकर पाण्डेय, प्रो राजीव सिंह, लालमुनी हेम्ब्रम, शंकर हेम्ब्रम, दसमा गागराई, सरोजिली चांपिया, योगेन्द्र प्रसाद आदि शामिल थे। कार्यक्रम में विशेष तौर पर क्षेत्र की मुखिया सुमी केराई, बसंती गुप्ता, उप मुखिया नानका हांसदा, बबीता सिंह, अम्बिका दत्त मिश्रा, विनोद सिंह, अरविंद सिंह, अजय कुमार सिंह, सुमित राय, अवनीश सिंह, दीपक करूवा आदि की मौजुदगी रही।

आर डी टाटा सी यूनिट के 96 बैच के छात्रों ने शिक्षकों को किया सम्मानित

जमशेदपुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर आरडी टाटा सी यूनिट के 96 बैच के छात्रों ने अपने शिक्षकों का सम्मान किया। गुरुवार को आर डी टाटा सी यूनिट के छात्रों ने अपने पांच प्रमुख शिक्षकों के घर जाकर उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सम्मानित किए गए शिक्षकों में हीरा सिंह, डी आर यादव, आर एन शर्मा और उदल गिरी शामिल थे। शिक्षक हीरा सिंह ने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में भी छात्र अपने शिक्षकों का सम्मान करने का समय निकालते हैं, यह सराहनीय और प्रशंसनीय है। छात्र पप्पू कुमार सिंह ने इस अवसर पर कहा कि आज हम सभी अपने-अपने क्षेत्रों में जो सफलता प्राप्त किए हैं इसका सबसे बड़ा श्रेय हमारे शिक्षकों को ही जाता है। उनकी शिक्षा और दिए गए संस्कारों के कारण ही हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं। सम्मान समारोह में उपस्थित अन्य छात्रों में कुंदन सिंह, भरत मिश्रा, सुबोध शर्मा, छोटेलाल यादव, अरुण कुमार दुबे, मृत्युंजय सिंह, राकेश गिरी, विवेक चौहान, देवेंद्र प्रसाद और बबलू व अन्य शामिल थे।

जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में मना शिक्षक दिवस

जमशेदपुर। गुरुवार को जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज के पीजी कॉमर्स के विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के सभी शिक्षकों ने भाग लिया। कॉलेज के कॉमर्स प्रभारी भूषण कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस के अवसर पर कॉलेज के नाम रोशन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन एमकॉम के छात्र अमर तिवारी ने किया, मौके पर उपस्थित कॉलेज के शिक्षक अशोक रवानी, संजीव कुमार, कृष्णा प्रसाद अन्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

समाज में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है : मंत्री मिथिलेश

- मंत्री ने किया पुस्तकालय का उद्घाटन व शिक्षकों को सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

पुस्तकालय का उद्घाटन करते मंत्री।

गढ़वा। शिक्षक दिवस के मौके पर नीलांबर-पीतांबर बहुद्देशीय सांस्कृतिक भवन टाउन हॉल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन एवं पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शिक्षकों को शॉल ओढ़ाकर, बुके एवं सूटकेस देकर सम्मानित किया। साथ ही अपने गुरूजनों का पैर छुकर आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात मंत्री ने फीता काटकर एवं दीप जलाकर पुस्तकालय का उद्घाटन किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि समाज में गुरू का स्थान सबसे उंचा है। गुरू ही हमें शिक्षा एवं संस्कार देते हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा एक समय में सभी आधारभूत सुविधाओं से वंचित था। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में भी पिछड़ा हुआ था। परंतु आज गढ़वा शिक्षा के क्षेत्र में एक मुकाम हासिल कर चुका है। यहां के छात्र सिविल सेवा सहित कई बड़े पदों पर आसिन होकर देश का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा हर क्षेत्र में विकास कर रहा है। गढ़वा के माथे पर लगा पिछड़ेपन का कलंक धूल गया है। आज के समय में गढ़वा शिक्षा, खेल, सामाजिक कार्य, आधारभूत संरचना सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहा है। इसमें शिक्षण संस्थानों की भी अहम भूमिका है। मंत्री ने कहा कि झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। आने वाले समय में गढ़वा एवं झारखंड शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनायेगा। उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि सिर्फ एक दिन शिक्षकों का सम्मान करने से शिक्षक दिवस मनाने का कार्य पूर्ण नहीं होता, बल्कि प्रतिदिन शिक्षकों का सम्मान करें एवं उनके बताये रास्ते पर चलें।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, कौशल कुमार, सेवानिवृत शिक्षक दिनेश सिंह, बलराम तिवारी, पारस तिवारी, अशर्फी राम, शांति निवास उवि की प्राचार्य सिस्टर रौशना, विश्व विजय सिंह, राजा राम पासवान, उमेश राम, सुनीता देवी, अनुपमा प्रतिभा तिर्की सहित काफी संख्या में शिक्षक एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

चिनिया में सर्पदंश से एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत

खबर मन्त्र संवाददाता

चिनिया। गढ़वा जिले के चिनिया थाना क्षेत्र के चपकली गांव के नवानगर टोले में गुरुवार की रात्रि एक साथ चार बच्चों को करैत सांप ने डंस लिया। सांप डसने के बाद परिजन रात्रि 1:00 बजे झाडफूंक के लिए गांव के बगल में ही ले गए जहा दो बच्चों की मौत झाड़ फूंक के दौरान हो गई। जबकि दो बच्चे के घायल अवस्था में अन्यत्र झाडफूंक के लिए ही ले जा रहे थे। तभी इसमें एक और बच्चे की रास्ते में मौत हो गई। एक बच्चे का इलाज सदर अस्पताल गढ़वा में चल रहा है। मृतकों में चपकली के नवानगर निवासी पन्नालाल कोरवा 15 वर्ष पिता बंधु कोरवा, कंचन कुमारी 8 वर्ष पिता स्व. रामलाल कोरवा, धुरकी थाना क्षेत्र के परासपानी निवासी बेगी कुमारी 9 वर्ष पिता सूरज देव कोरवा का नाम शामिल है। वहीं घायल राखी कुमारी पिता रामलाल कोरवा सदर अस्पताल में भर्ती है। जानकारी के अनुसार सभी बच्चे एक ही परिवार के थे जो जंगली हाथी के डर से 8-10 बच्चे एक ही खपरैल रूम में सोए हुए थे। जमीन पर जो बच्चे सोए थे उनको करैत सांप ने डांस लिया। जिससे तीन बच्चों की मौत हो गई। बताते चलें कि मृतका कंचन कुमारी की मां की भी 20 दिन पूर्व स्कूल के छत से गिरने के बाद मौत हो गई थी। उसके पिता की एक वर्ष पहले ही मृत्यु हो गई थी। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में जंगली हाथियों का आतंक इस कदर है कि रात होते ही लोग अपने-अपने सुरक्षित स्थान में सोना चाहते हैं। कई लोग तो गांव के जंगली हाथियों की डर से स्कूल के छत पर सोते हैं, जबकि कई लोग बड़े घर में एक जगह जमा होकर सोते हैं। सभी बच्चे अपने घर में ना सोकर अपने दादा के घर में जमीन पर ही सोए हुए थे। घटना की जानकारी मिलते ही बीडीओ शिवपूजन तिवारी, सीओ उमेश्वर यादव पीड़ितों के घर पहुंचे तथा दाह संस्कार के लिए मृतक के परिजनों को तत्काल 15 हजार रुपए दिए। साथ ही राशन व अन्य सुविधाएं देने की बात कही। उन्होंने सरकार द्वारा सभी मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये दिलाने की बात कही। झामुमो नेता समाजसेवी मोहम्मद फरीद व पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि उमाशंकर गुप्ता मौके घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित परिजनों के साथ संवेदना व्यक्त की।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

उद्घाटन करते अतिथि।

केतार। शुक्रवार को बलीगढ़ पंचायत भवन के परिसर में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। जिसका उद्घाटन मुखिया ललिता कुमारी, उपप्रमुख सम्भू सिंह एवं बीपीओ नीरज कुमार पाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में श्री बंशीधर नगर एलआरडीसी शीलवंत भट्ट एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल पदाधिकारी विकास कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों से सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ लेने की अपील किया। शिविर में लगाए गए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल का प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत विभिन्न पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने निरीक्षण किया। जिसमें झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, खाद आपूर्ति, पेंशन, मनरेगा, राजस्व विभाग, स्वास्थ्य सहित अन्य विभाग का स्टॉल लगाए गए थे। बीडीओ ने सभी कर्मियों को निर्देशित किया की अंतिम व्यक्ति तक आवेदन को प्राप्त करने के बाद ही शिविर का समापन किया जाना है। उक्त शिविर मे मुखिया के द्वारा गोद भराई का कार्यक्रम किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों को मिलाकर अबुआ आवास सहित 712 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें नवाडीह गांव निवासी डोमन सिंह पिता स्व. जयश्री सिंह का पेंशन समेत 09 आवेदन को ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, छोटन कुमार सिंह, मनीष कुमार गुप्ता, रमेश राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे

गढ़वा पुलिस का जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 को

गढ़वा। गढ़वा पुलिस के तत्वावधान में 10 सितंबर को अनुमंडल मुख्यालयों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए एसपी दीपक कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस महानिरीक्षक (अभियान) रांची के आदेशानुसार 10 सितंबर को राज्य के सभी 24 जिलों में एक साथ जन शिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसे लेकर गढ़वा पुलिस द्वारा निर्धारित तिथि को सुबह 11 बजे से नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निराकरण किया जायेगा। इसके अंतर्गत गढ़वा अनुमंडल के टाउन हॉल, श्री बंशीधर नगर अनुमण्डल के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय तथा रंका अनुमण्डल के रंका थाना परिसर में उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। एसपी श्री पांडेय ने बताया कि लोग अपनी शिकायत, समस्याओं को वाट्सएप नंबर 9470165434, गढ़वा पुलिस के फेसबुक तथा ट्विटर एवं जन शिकायत से संबंधित इमेल आइडी पर भी भेज सकते हैं। उन्होंने जिले के नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि अपनी समस्याओं, शिकायतों के निवारण के लिए कार्यक्रम में भाग लें ताकि समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी तरीके से निष्पादन किया जा सके।

पोषण रथ एवं जागरुकता रथ रवाना

रथ को रवाना करते डीसी व डीडीसी।

गढ़वा। केंद्र प्रायोजित पोषण अभियान 2024 के तहत कुपोषण मुक्त झारखंड संकल्प के साथ डीसी शेखर जमुआर एवं डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा ने समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखाकर पोषण रथ एवं जागरुकता रथ को रवाना किया। उक्त वाहनों के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों के नागरिकों व ग्रामीणों को अच्छे स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार लेने के प्रति जागरुक किया जाएगा। पोषण अभियान 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। मौके पर डीसी ने बताया कि इस वर्ष के लिए पोषण अभियान का थीम अनिमिया, वृद्धि, निगरानी, उपरी आहार, पोषण भी-पढ़ाई भी एवं बेहतर शासन के लिए तकनीक का वृहद उपयोग एवं समग्र पोषण है। मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी धीरज प्रकाश आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

सोशल इनोवेशन ग्रुप का सांगठनिक बैठक आयोजित

बैठक के दौरान ग्रुप के सदस्य।

केतार। सामाजिक संस्था सोशल इनोवेशन ग्रुप की सांगठनिक बैठक सह दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन की समीक्षात्मक बैठक शुक्रवार को पंचायत सचिवालय केतार में की गई। इस दौरान नयी कार्यसमिति की घोषणा की गई। नए पदाधिकारियों, सदस्यों को संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अनुपम राज सिंह एवं अन्य अधिकारियों, सदस्यों ने सम्मानित किया तथा उन्हें संस्था के प्रति उत्तर दायित्व एवं गोपनीयता का शपथ दिलवाया। संस्था के नए पदाधिकारियों एवं सदस्यों में अनुपम राज सिंह को अध्यक्ष, रवि सिंह, अभिजित सिंह को उपाध्यक्ष, अजीत कुमार, सुर्य प्रकाश सिंह को सचिव, अभिषेक तिवारी उर्फ छोटू तिवारी को कोषाध्यक्ष, पियुष कुमार पाठक को सह कोषाध्यक्ष, राकेश रौशन को पर्यावरण प्रभारी बनाया गया है। जबकि सदस्यों में विभुति नारायण सिंह, ब्रजेश पाण्डेय, ब्रजेश कुमार गुप्ता, प्रकाश सिंह, कमलेश भोग्ता, रंधीर सिंह, नीलमणि कुमार, रंजीत सिंह, संरक्षक में जितेंद्र कुमार तिवारी, राजेश कुमार सिंह उर्फ राजा भैया, ओम प्रकाश चैबे को शामिल किया गया है।

सरकार बेरोजगारों के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है: ब्रजेंद्र

प्रेस वार्ता करते ब्रजेन्द्र पाठक।

कांडी। प्रखंड के कांडी बाजार स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता ब्रजेंद्र पाठक ने अपने समर्थकों के साथ पत्रकारों के बीच एक प्रेस वार्ता की। प्रेस वार्ता के क्रम में भाजपा नेता ब्रजेंद्र पाठक ने कहा कि झारखंड प्रदेश के हेमंत सरकार युवाओं तथा बेरोजगारों की भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। नौकरी के नाम पर मौत का सौदा कर रही है। जबकि पूर्व से निहित था की कोई भी पुलिस के बहाली मे रिटेन के बाद दौड़ किया जाता था परंतु आप की सरकार ने किस परिस्थिति में सारी नियम कानून को ताक पर रखकर आबकारी विभाग में सिपाही की बहाली में बिना रिटेन कराए दौड़ कर रही है।

आपकी योजना अपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

चिनियां। गढ़वा जिले के चिनिया प्रखंड के चिनिया पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना अपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड अध्यक्ष, चिनिया प्रखंड प्रमुख सुनैना, जिला परिषद सदस्य बनारसी सिंह, प्रखंड उप प्रमुख फारुक, चिनिया बीडीओ, सीओ आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस दौरान अबुआ आवास से संबंधित 503, मुख्यमंत्री सम्मान मंईयां योजना के 10, केसीसी के 06, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 19, बिजली संबंधी 02, राशन कार्ड संशोधन के 12, आयुष्मान कार्ड के 5, श्रम धन पोर्टल के 10 सहित कुल 854 आवेदन आये।

पेज एक का शेष

मंइयां सम्मान योजना...

वहीं कैबिनेट के फैसले के अनुसार अब निजी स्कूलों की आठवीं तक की लड़कियों को भी सावित्रीबाई किशोरी फुले योजना का लाभ दिया जायेगा। निजी स्कूलों में भी पढ़ रही आर्थिक रूप से कमजोर आरक्षित वर्ग लड़कियों को भी जोड़ने का फैसला लिया है। इस योजना का लाभ आठवी 2500 की स्कॉलरशिप मिलेगी।

22 फास्ट ट्रैक कोर्ट : झारखंड में 22 फास्ट ट्रैक कोर्ट को नियमित रूप से संचालित किया जायेगा और केंद्र प्रायोजित फास्ट ट्रैक कोर्ट से एग्जिट होने का सरकार ने निर्णय लिया है। जेपीएससी द्वारा आयोजित किये गये एवं विभिन्न प्रक्रिया द्वारा आयोजित परीक्षा और साक्षात्कार के द्वारा आयोजित केंद्र में मूल्यांकन में आमंत्रण विशेषज्ञ यात्रा भत्ता मुद्रण भत्ता के लिये 29 लाख रुपये की स्वीकृति दी गयी।

राज्य में छह ...

डीजल पंप के माध्यम से गड्ढे के पानी को निकाला गया। काफी प्रयास के बाद तीनों बच्चों को पानी से निकाला, पर तब तक तीनों बच्चों की मौत हो गयी। सूरज कुमार एवं रिशु कुमार दोनों उत्क्रमित मध्य विद्यालय नगडा के प्रथम कक्षा का छात्र था। गोलू कुमार इसी विद्यालय के द्वितीय कक्षा का छात्र था। इस घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। लोगों में रेलवे के प्रति काफी आक्रोश है।

आर्टिकल 370 अब...

उन्होंने कहा कि ये 10 साल जम्मू-कश्मीर के लिए शांति और विकास के रहे हैं, सुशासन के रहे हैं। इस 10 साल में ये राज्य मैक्सिमम टेररिज्म से, मैक्सिमम टूरिज्म की ओर शिफ्ट हुआ है। इससे पहले शाह ने कहा कि आजादी के समय से ही हमारी पार्टी के लिए जम्मू-कश्मीर का ये भूभाग बहुत महत्वपूर्ण रहा है और आजादी के समय से ही हमने इस भूभाग को हमेशा भारत के साथ जोड़े रखने के लिए प्रयास किया। हमारी पार्टी मानती है कि जम्मू-कश्मीर हमेशा से भारत का हिस्सा है और रहेगा।

मनरेगा कर्मियों के हड़ताल पर जाने से दस हजार मजदूर बेरोजगार

मझिआंव। मनरेगा राज्य यूनियन संघ के बैनर तले राज्य व्यापी हड़ताल में प्रखंड के सभी 11 मनरेगा कर्मियों के पिछले 52 दिनों से हड़ताल पर जाने से प्रखंड क्षेत्र के लगभग 9 हजार 500 मनरेगा मजदूर बेरोजगार हो गए हैं, और लगभग एक हजार कार्य बाधित है। बताते चलें कि मनरेगा यूनियन संघ के बैनर तले मनरेगा कर्मी 16 से 18 जुलाई तक सांकेतिक कलमबंद किया। उसके बाद मुहर्रम का रविवारीय छुट्टी रहा। इसके बाद मनरेगा कर्मी पुनः 22 जुलाई से हड़ताल पर चले गए हैं। जिससे प्रखंड क्षेत्र में केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित हजारों योजना लंबित है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रखंड क्षेत्र में 9 हजार 500 के लगभग मनरेगा मजदूर बेरोजगार हैं। प्रखंड क्षेत्र के पुरहे पंचायत में सन 2023-24 का 103 एवं 2024-25 का 38, टड़हे पंचायत में 2023-24 का 55 एवं 2024-25 का 38,सोनपुरवा पंचायत में 2023-24 का 61 एवं 2024-25 का 27, रामपुर पंचायत में 2023-24 का 122 एवं 2024-25 का 83,मोरबे पंचायत में 2023-24 का 118 एवं 2024-25 का 45, बोदरा पंचायत में 2023-24 का 62 एवं 2024-25 का 35, खरसोता पंचायत में 2023-24 का 61 एवं 2024-25 का 40, करमडीह पंचायत में 2023-24 का 37 एवं 2024-25 का 30 और तलसबरिया पंचायत में 2023-24 का 27 एवं 2024-25 का 17 मनरेगा कार्य चल रहा था जो बाधित है। इस तरह से लगभग 1000 कार्य बाधित है और मजदूर दो वक्त की रोटी और परिवार को लालन-पालन के लिए पलायन करने पर मजबूर हैं।

कॉलेज का उद्देश्य प्रतिभा को कुंठित कर मजदूर बनने से रोकना है: देव

पुरस्कार देते अतिथि।

गढ़वा। श्री बंशीधर नगर स्थित टीडीएम इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस के पावन मौके पर प्रतिभा जागरण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कॉलेज के अध्यक्ष राजेश्वर प्रताप देव, मुख्य वक्ता कॉलेज के सचिव शारदा महेश प्रताप देव, विशिष्ठ अतिथि मार्गदर्शिका स्नेहलता दीदी, प्रेमलता दीदी, मार्गदर्शक नरेंद्र कुमार सिंह, सचितानंद विद्यार्थी, प्रशांत सहाय एवम प्राचार्य धनंजय सिंह ने संयुक्त रूप से सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्पार्चन कर किया। गुरु वंदना से आगाज किए गए इस कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं कविता प्रतियोगिता में कुमकुम ने प्रथम, निक्की ने द्वितीय, रीमा ने तृतीय, रंगोली प्रतियोगिता में अंतिमा ने प्रथम, प्रीति ने द्वितीय, रूपा ने तृतीय,मेंहदी प्रतियोगिता में अंशु ने प्रथम, आरती ने द्वितीय, चांदनी ने तृतीय, कुर्सी रेस बालिका वर्ग प्रतियोगिता में रेहाना ने प्रथम, मुखु ने द्वितीय एवम कुर्सी रेस बालक वर्ग प्रतियोगिता में रौशन ने प्रथम और आदित्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अतिथियों ने सभी विजेताओं को मोमेंटो, मैडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया। इन प्रतियोगिताओं में शामिल सभी अन्य 61 प्रतभागियों को मैडल एवम सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। छात्र-छात्राओं ने केक कटकर एवम वहां उपस्थित शिक्षकों एवम अतिथियों का वंदन कर शिक्षकों के प्रति अपनी श्रद्धा और समर्पण को परिलक्षित किया। मौके पर मुख्य वक्ता महाविद्यालय के सचिव शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि गुरु की परंपरा आदिकाल से चली आ रही है। आदि गुरु भगवान शिव हैं। उन्होंने गुरु का अर्थ बताते हुए कहा की गु का अर्थ ज्ञान और रु का अर्थ रुद्र यानी शिव से है। अपने जमाने के पूर्ण अनुशासित एवम प्रखर शिक्षक रहे श्री देव ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस गरीब क्षेत्र में टीडीएम कॉलेज खोलने का एक बड़ा उद्देश्य है। यहां की प्रतिभा कुंठित होकर मजदूर न बन जाए। इसलिए टीडीएम इंटर कॉलेज और शारदा महेश-सर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज की स्थापना की गई है। इसी प्रेरणा को लेकर इसे खड़ा किया गया है। बावजूद इसके बच्चे पढ़ने नहीं आते हैं तो कितनी पीड़ा होती होगी समझ सकते हैं। इस मौके पर कॉलेज के अध्यक्ष राजेश्वर प्रताप देव, मार्गदर्शिका दीदी स्नेहलता, प्राचार्य धनंजय सिंह,सचिदानंद विद्यार्थी, डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रशांत सहाय, शिक्षा वरुण पांडेय, कमलेश कुमार, दिलीप कुमार, उमेश सिंह, सुनील सोनी, बेबी कुमारी सहित कई शिक्षा एवम छात्र-छात्राओं ने आपने विचार रखे। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम की संयोजिका ममता सोनी ने किया।

हमलोग शुरू से ही स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार में लगे हुये हैं : नीतीश कुमार

एजेंसी

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को 188 करोड़ की लागत की नवनिर्मित आइजीआइएमएस परिसर में बने आखों के अस्पताल का उद्घाटन किया। इस मौके पर सीएम नीतीश ने कहा कि हमलोग शुरू से ही स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार में लगे हुये हैं। जब वर्ष 2005 में हमलोग सरकार में आए तो उस समय स्वास्थ्य व्यवस्था की हालत खराब थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग शुरू से ही स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार में लगे हुये हैं। जब वर्ष 2005 में हमलोग सरकार में आए तो उस समय स्वास्थ्य व्यवस्था की हालत खराब थी, सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी थी। अस्पतालों में दवा एवं अन्य सुविधाएं भी नहीं थी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में तो इलाज के लिए प्रतिमाह मात्र 39 मरीज ही आते थे यानी प्रतिदिन 1 या 2 मरीज आते थे। वर्ष 2006 से अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा देने की शुरूआत की गयी, जिसे शुभारंभ के लिए तत्कालीन उप-राष्ट्रपति भैरो सिंह शेखावत जी पटना आये थे। साथ ही डॉक्टरों की बहाली की गयी और अस्पतालों में डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करवाई गयी और मुफ्त स्वास्थ्य जांच एवं एम्बुलेंस की सुविधा दी गई। अब सुविधाएं काफी अच्छी हो गयी है जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हर महीने औसतन 11 हजार से अधिक मरीज पहुंच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राज्य में केवल 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे, इसकी कमी के कारण यहां के छात्र मेडिकल कॉलेज की पढ़ाई करने राज्य के बाहर जाया करते थे और डॉक्टर की कमी होने के कारण यहां के लोग इलाज के लिए भी राज्य के बाहर जाते थे इसलिए सरकार ने राज्य में नये मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कराया जिससे अब मेडिकल कॉलेज की संख्या बढ़कर 11 हो गयी है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/07/2024-25/RE_1

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

क्र० सं०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड महुआडांड़ में पंचायत परहाटोली ग्राम दुनटोली में दुनटोली नदी पर पुल निर्माण।	4,20,06,600	8,40,200	10,000	18 माह

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 10.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 10.09.2024 से दिनांक 19.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –21.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 334969 Rural Development(24-25)#D

कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा

(आवेदन–पत्र आमंत्रण सूचना)

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में झारखण्ड सरकार के सचिव, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग), रॉंची के राज्यादेश सं० 05 रा० (वि०), दिनांक 13.06.2024 से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत चतरा जिले में (01) एक केज मत्स्य मित्र की आवश्यकता है। केज मित्र मत्स्य को केज में मछली पालन में तकनीकी सहायता का आदान–प्रदान करने एवं केज कल्चर स्थल से सूचना की प्राप्ति एवं आकड़ों के संग्रहण/सम्प्रेषण कार्य किया जाना है। इस संदर्भ में केज मित्र हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है, जिनके लिए अहत्ताऐं निम्नांकित है :–

1. आवेदक शिक्षित बेरोजगार हो एवं आवेदक द्वारा स्वैच्छिक कार्यकर्त्ता के रूप में कार्य करने की इच्छा हो।
2. आवेदक के पास अपना Android Mobile Phone हो तथा संचालन की जानकारी अच्छी हो।
3. आवेदक को कम्प्युटर का ज्ञान हो एवं अच्छा तैराक हों।
4. आवेदक को इन्टरमीडिएट पास होना आवश्यक है। मत्स्य पालन से संबंधित ज्ञान होना आवश्यक है।
5. आवेदक को मोटरसाईकिल चलाना आता हो एवं स्वयं का मोटरसाईकिल एवं ड्राइविंग लाईसेंस हो।
6. राज्यादेश/सरकारी नियमावली के आलोक में कार्य के विरूद्व केज मित्र को उनके कार्य के अनुरूप पारिश्रमिक का भुगतान किया जाएगा, जो 75/– प्रति बैटरी तथा 2500/– रू० परिवहन एवं इन्टरनेट के लिए देय होगा।
7. आवेदक को अपना कार्य समय एवं नियमानुसार नहीं किये जाने पर उन्हे किसी भी समय कार्य मुक्त किया जाएगा।
8. यह सम्पूर्ण अस्थायी पद है जिस पर कोई दावा आवेदक द्वारा भविष्य में नहीं किया जाएगा।
9. आवेदक को प्रशिक्षण के माध्यम से तकनीकी दक्ष होना होगा एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा दिया जाएगा।
10. आवेदक केज लाभुक नहीं होना चाहिए।

इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त अर्हत्ताओं के अधीन अपना आवेदन दिनांक 25.09.2024 तक जिला मत्स्य कार्यालय में जमा कर सकते है। किसी भी आवेदन को बिना कारण बताए रद्द करने का अधिकार जिला मत्स्य पदाधिकारी के पास सुरक्षित होगा। विशेष जानकारी हेतु जिला मत्स्य कार्यालय में आकर सम्पर्क कर सकते है। आवेदन के साथ निम्नांकित कागजात संलग्न करना होगा :–

- स्वैच्छिक कार्यकर्त्ता के रूप में कार्य करने संबंधित शपथ पत्र।
- कम्प्युटर कोर्स का प्रमाण पत्र का छायाप्रति।
- इन्टरमीडिएट अंक प्रमाण पत्र का छायाप्रति।
- मोटरसाईकिल निबंधन सं० एवं ड्राइविंग लाईसेंस का छायाप्रति।
- आधार एवं वोटर कार्ड का छायाप्रति।
- जाति एवं आवासीय प्रमाण पत्र का छायाप्रति।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा

PR 334964 Fish(24-25)#D

e-Procurement Cell
URBAN DEVELOPMENT & HOUSING DEPARTMENT
NAGAR PARISHAD CHATRA, JHARKHAND

Very Short e-procurement Notice

e-Tender Reference No.- UDD/CH/NPC/09/2024-25 Dated-05.09.2024

Sl. No.	Particular	Details (15th Finance Untied Grant Scheme)			
01	Name of Work (Group No.-01)	Construction of 18 no. of solar energy based water plant with basement mounting HDPE, Water Storage Tank having capacity 10000 ltr. HYDT borewell at dry zone area under Nagar Parishad, Chatra.			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		1,80,00,000/-	3,60,000/-	10,000/-	04 Months
02	Name of Work (Group No.-02)	Construction of 22 no. (One for each Ward) of solar energy based mini water plant with basement mounting HDPE, Water Storage Tank having capacity 5000 ltr. On existing borewell in every ward under Nagar Parishad, Chatra.			
		Estimate Cost (Rs.)	Earnest Money (Rs.)	Cost of BOQ (Rs.)	Time of Completion
		1,10,00,000/-	2,20,000/-	10,000/-	04 Months
03	Date of Tender Uploading in Website - http://jharkhandtenders.gov.in	11.09.2024 at 10:00 AM			
04	Bid Submission Start Date & Time	12.09.2024 at 10:00 AM			
05	Last Date/Time for Receipt of Bid	19.09.2024 upto 03:00 PM			
06	Date & Address for Opening of Bid.	20.09.2024 upto 03:00 PM, in the e-Procurement Cell, Nagar Parishad Chatra			
07	Name & Address of Office inviting Tender	Administrator, Nagar Parishad, Chatra (Jharkhand)			
08	Contact No. of Procurement Office	+91- 7004394602, 9060162974			
09	Helpline No. of e-Procurement Cell	0651-2480345			

Any change can be seen on Website http:// jharkhandtenders.gov.in
Any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in
Note:- 1. According to Secretary, Information Technology & e-Governance Department Order memorandum no.-120, dt.-03.10.2023, the entire process of receiving the tender fee and EMD amount is done through online method.
2. नवीकरण उर्जा मंत्रालय भारत सरकार (MNRE) द्वारा अनुमोदित सोलर उपकरण के Distributor or Manufacturer ही निविदा में भाग ले सकतें है। इसका प्रमाण पत्र अद्यतन संलग्न करना होगा।

Administrator,
Nagar Parishad Chatra

PR 334947 Urban Development (24-25)_D

स्पीड न्यूज

बार्डर 2 में दिलजीत दोसांझ की हुयी एंट्री

मुंबई। पंजाबी फिल्मों के सुपरस्टार गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ फिल्म बार्डर 2 में काम करते नजर आयेंगे। जेपी दत्ता निर्देशित वर्ष 1997 में प्रदर्शित फिल्म बार्डर में सनी देओल, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ और अक्षय खन्ना जैसे कलाकार अहम भूमिका में थे। करीब 27 साल बाद बॉर्डर का सीक्वल बनने जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 में सनी देओल की मुख्य भूमिका होगी। अभी हाल ही में बॉर्डर 2 में वरुण धवन की एंट्री हुयी थी।

गोरखपुर में बनेगा फॉरेस्ट्री कॉलेज : योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन विभाग से कहा है कि गोरखपुर में एक फॉरेस्ट्री कॉलेज बनाए, जहां वन से संबंधित पढ़ाई के लिए डिग्री और डिप्लोमा के पाठ्यक्रम चलाए जाएं। इससे वन विभाग की आवश्यकता के अनुरूप विभिन्न पदों पर युवाओं को नौकरी भी मिल सकेगी। साथ ही यह फॉरेस्ट्री को विकसित करने और वन संरक्षण का बड़ा माध्यम भी बनेगा।

उत्तराखंड में भूकंप के झटकों से डोली धरती

देहरादून। उत्तराखंड में शुक्रवार पूर्वाह्न भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस दौरान, कहीं से कोई अप्रिय सूचना नहीं मिली है। भूकम्प का केन्द्र पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश के सीमांत क्षेत्र में पाया गया है। भारतीय मौसम विभाग, नयी दिल्ली और देहरादून से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिएक्टर पैमाने पर 3.0 मापी गई है।

आप विधायक गौतम कांग्रेस में शामिल

नयी दिल्ली। आम आदमी पार्टी के विवादित नेता एवं सीमापुरी क्षेत्र के विधायक राजेन्द्र पाल गौतम ने शुक्रवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। वे दिल्ली के अम्बेडकर भवन में राम और कृष्ण की पूजा नहीं करने की शपथ दिलाने के कारण सुर्खियों में आए थे। इसके चलते उन्हें दिल्ली सरकार में मंत्रिपद भी गवाना पड़ा था। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव और पार्टी नेता पवन खेड़ा की उपस्थिति में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

गौड़ बने तेलंगाना कांग्रेस के अध्यक्ष

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने पार्टी के वरिष्ठ नेता बी. महेश कुमार गौड़ को तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष नियुक्त किया है। महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गौड़ को तत्काल प्रभाव से तेलंगाना कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया।

निवेशकों के छह लाख करोड़ डूबे

शेयर बाजार में कोहराम, सेंसेक्स 1,017 और निफ्टी 293 अंक लुढ़का

एजेंसी

मुंबई। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख और विदेशी कोषों की ताजा निकासी की वजह से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में भारी गिरावट दर्ज की गई। आज की गिरावट के साथ ही बाजार ने तीन हफ्तों की साप्ताहिक तेजी पर ब्रेक लगा दिया। सेंसेक्स 1,017 अंक लुढ़क गया, जबकि निफ्टी ने 293 अंक का गोता लगाया। सेंसेक्स 1.24 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 81,183.93 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,219.23 अंक टूट गया था। निफ्टी 1.17 प्रतिशत गिरकर 24,852.15 अंक पर आ गया। सेंसेक्स की सभी कंपनियों के कुल बाजार पूंजीकरण में छह लाख करोड़ की गिरावट हुई। दिनभर के कामकाज के बाद निफ्टी के 50 में से 42 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स के 30 में से 23 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। निफ्टी बैंक के 50 में से 42 शेयरों में गिरावट दिखी।

सभी सूचकांक लाल निशान में बंद : सभी सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। सबसे ज्यादा गिरावट निफ्टी पीएसयू बैंक टूटा, यह 3.57% टूटा। निफ्टी ऑयल एंड गैस 2.16%, निफ्टी बैंक 1.74%, निफ्टी एनर्जी 1.63% और निफ्टी फॉर्मा 0.49% की गिरावट के साथ बंद हुए। अमेरिका में मंदी की आशंका से बाजार में डर का माहौल रहा। नियामकीय चिंताओं ने भी बिकवाली में इजाफा किया। विदेशी संस्थागत निवेशकों के खुलासा नियमों के पालन का शुक्रवार को अंतिम दिन था। इन नियमों के मुताबिक किसी भी शेयर, समूह में 50% से ज्यादा हिस्सा होने पर विदेशी संस्थागत निवेशक को हर निवेश की जानकारी देनी जरूरी होगी। बिना खुलासा वाले निवेशकों की शुक्रवार की पोजीशन न काटने पर सोमवार से पांच प्रतिशत जुर्माना देना होगा।

गिरावट के प्रमुख कारण

1. अमेरिकी रोजगार का डाटा जारी होगा। 2. ब्याज दरों को लेकर अनिश्चितता का माहौल। 3. ग्लोबल बाजारों में सुस्ती 4. निफ्टी में 14 दिन की तेजी के बाद मुनाफावसूली । 5. शेयरों का महंगे स्तर पर पहुंचना। 6. डॉलर के भाव में तेजी।

अमेरिका में मंदी की संभावना

कुछ अर्थशास्त्रियों को आशंका है कि ऊंची ब्याज दरों के कारण अमेरिकी अर्थव्यवस्था मंदी की गिरफ्त में आ सकती है। सबसे पहले इसका संकेत शुक्रवार को जारी होने वाला रोजगार का आंकड़ा दे सकता है। जुलाई में अमेरिकी बेरोजगारी जून के मुकाबले तेजी से बढ़ी थी। मंदी की घोषणा एक गणना काम करेगी जिसे सेहम रूल कहते हैं जिसके मुताबिक अगर तीन महीने तक औसत बेरोजगारी दर पिछले 12 महीने के न्यूनतम तीन माह के औसत से आधा फीसदी कम रहती है तो उसका मतलब अमेरिकी में मंदी की दस्तक होगा। इसके अलावा लंबी अवधि के मुकाबले छोटी अवधि के बॉन्ड का प्रतिफल बढ़ने से भी मंदी का डर बढ़ा रहा है। अमेरिकी मुद्रास्फीति जून 2022 में चार दशक के उच्च स्तर पर पहुंची थी। इसके बाद 2021 से 2023 के बीच 11 बार ब्याज दरों में बढ़ोतरी की गई थी। इस वजह से ब्याज दरें 23 साल के शीर्ष पर पहुंच गई थीं। हालांकि कुछ विशेषज्ञ मंदी की आशंका से इनकार कर रहे हैं।

भारत पर क्या असर होगा : यह इस बात पर निर्भर होगा कि मंदी कितनी गहरी है। अमेरिकी बाजारों में घबराहट है। लेकिन भारतीय बाजार मजबूत और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के दम पर इस पूरी अवधि में बेहतरीन प्रदर्शन कर रहे है। इसी हफ्ते विश्व बैंक ने भारत का जीडीपी अनुमाम 6.6 फीसदी से बढ़ाकर सात फीसदी किया है। इससे भारत में निवेश प्रवाह बढ़ेगा। अमेरिकी मंदी के गहराने और लंबी खिंचने से भारत के निर्यात पर असर पड़ेगा जो देश की अर्थव्यवस्था की रफ्तार पर ब्रेक लगा सकती है।

रांची समेत नौ हवाई अड्डों पर डिजी यात्रा सुविधा शुरू

मुंबई। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने देश में भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के स्वामित्व वाले रांची समेत नौ हवाई अड्डों पर शुक्रवार को डिजी यात्रा सुविधा की शुरूआत की। एक अधिकारी ने बताया कि इन हवाई अड्डों में विशाखापत्तनम, पटना, रायपुर, भुवनेश्वर, गोवा, इंदौर, रांची, कोयम्बटूर और बागडोगरा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि नायडू ने विशाखापत्तनम में एक कार्यक्रम में इस सुविधा का आरंभ किया। आठ अन्य हवाई अड्डों पर ऑनलाइन माध्यम से इस सुविधा को शुरू किया गया। नागर विमानन मंत्रालय द्वारा परिकल्पित इस परियोजना का मकसद फेशियल रिकग्निशन टेक्नोलॉजी के आधार पर हवाई अड्डों पर यात्रियों को संपर्क रहित व निर्बाध सुविधा मुहैया कराना है। मंत्री ने कहा कि डिजी यात्रा नागर विमान उद्योग में एक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी प्रगति है। तीन करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं द्वारा व्यापक स्वीकृति मिली है।

राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शिक्षकों से मिले प्रधानमंत्री, कहा

युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करे शिक्षक

छात्रों को विभिन्न भाषाओं में स्थानीय लोककथाएं सिखायें

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण सेवा प्रदान कर रहे हैं और आज के युवाओं को विकसित भारत के लिए तैयार करने की जिम्मेदारी उनके हाथों में है। वह शुक्रवार को सात, लोक कल्याण मार्ग स्थित अपने आवास पर राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 से सम्मानित शिक्षकों से बातचीत कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभाव पर चर्चा की और अपनी मातृभाषा में शिक्षा प्राप्त करने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने सुझाव दिया कि शिक्षक छात्रों को विभिन्न भाषाओं में स्थानीय लोककथाएं सिखा सकते हैं, ताकि छात्र कई भाषाएं सीख सकें और भारत की जीवंत संस्कृति से भी परिचित हो सकें।

उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने विद्यार्थियों को भारत की विविधता को जानने के लिए शैक्षणिक भ्रमण पर ले जा सकते हैं, जिससे उन्हें सीखने में मदद मिलेगी और उन्हें अपने देश के बारे में समग्र रूप से जानने में भी मदद मिलेगी। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि शिक्षकों को सोशल मीडिया के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ना चाहिए और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना चाहिए ताकि हर कोई ऐसी प्रथाओं से सीख सके, उन्हें अपना सके और उनसे लाभ उठा सके। इस दौरान विजेताओं ने प्रधानमंत्री के साथ अपने शिक्षण अनुभव साझा किए। उन्होंने सीखने को और अधिक रोचक बनाने के लिए अपने द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली दिलचस्प तकनीकों के बारे में भी बात की। शिक्षकों ने अपने नियमित शिक्षण कार्य के साथ-साथ उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों के उदाहरण भी साझा किए। प्रधानमंत्री ने शिक्षकों के साथ बातचीत करते हुए शिक्षण के प्रति शिक्षकों के समर्पण और पिछले कुछ वर्षों में उनके द्वारा दिखाए गए उल्लेखनीय उत्साह की सराहना की।

बिहार में 65 प्रतिशत आरक्षण पर सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार

नयी दिल्ली । उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि वह बिहार में शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक नौकरियों में पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों (एससी/एसटी) के लिए आरक्षण की सीमा 50 से बढ़ाकर 65 फीसदी करने के राज्य सरकार के फैसले को खारिज करने वाले पटना उच्च न्यायालय के 20 जून के निर्णय के खिलाफ राजद की याचिका पर विचार करेगा। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने आरजेडी की याचिका पर नोटिस जारी किया और इस पर बिहार सरकार की ओर से दायर एक अन्य याचिका के साथ सुनवाई करने का फैसला किया। उच्चतम न्यायालय ने 29 जुलाई को उच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। पटना उच्च न्यायालय ने फैसले में कहा था कि राज्य को 50 प्रतिशत की सीमा के भीतर आरक्षण प्रतिशत पर आत्मनिरीक्षण करना चाहिए तथा 'क्रीमी लेयर' को लाभ से बाहर रखना चाहिए। बिहार सरकार ने अपनी याचिका में उच्च न्यायालय के इस दृष्टिकोण की वैधता पर सवाल उठाया था कि आरक्षण का दायरा बढ़ाने से रोजगार और शिक्षा के मामलों में नागरिकों के लिए समान अवसर के अधिकार का उल्लंघन हुआ है।

टैक्स केस में बाइडेन का पुत्र दोषी करार

लॉस एंजिल्स। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के पुत्र हंटर बाइडेन ने टैक्स संबंधी नौ आरोपों को यहां अदालत के सामने गुरुवार को स्वीकार कर लिया। 54 वर्षीय हंटर ने बचाव पक्ष की मेज पर बैठे हुए धीमी और भरभराई हुई आवाज में नौ अलग-अलग आरोपों को कुबूल किया। न्यायाधीश मार्क सी. स्कार्सी ने प्रत्येक आरोप की स्वीकारोक्ति पर नौ बार दोषी शब्द दुहराया। हंटर की सजा पर दिसंबर के मध्य में सुनवाई होगी। तक वह बॉन्ड पर मुक्त रहेंगे। द न्यूयार्क टाइम्स की खबर के अनुसार, हंटर को जून में डेलावेयर में आग्नेयास्त्र आवेदन पर झूठ बोलने का दोषी ठहराए जाने के बाद अब उन्हें 25 साल की संभावित सजा के अलावा अधिकतम 17 साल तक की जेल की सजा या 1.3 मिलियन डॉलर तक का जुर्माना लग़ सकता है। हंटर के खिलाफ पांच साल चली जटिल जांच में कहा गया था कि उन्होंने आकर्षक विदेशी परामर्श अनुबंधों में अपने उपनाम का लाभ उठाकर और करों का भुगतान नहीं किया।

पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के घर व ससुराल में इडी का छापा

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में वित्तीय अनियमितता के मामले में पूर्व प्राचार्य संदीप घोष के कोलकाता के बेलियाघाटा स्थित घर पर शुक्रवार सुबह छापा मारा। इसके बाद इडी ने हुगली जिले के चंदननगर के मेरिमठ के पास स्थित एक घर पर छापा मारा। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस घर में संदीप घोष के ससुराल के लोग रहते हैं।कोलकाता, हावड़ा या दक्षिण 24 परगना ही नहीं बल्कि शुक्रवार को हुगली के कई इलाकों में भी ईडी ने तलाशी अभियान चलाया। सुबह 07 बजे के करीब ईडी टीम पहले चंदननगर के पद्रिपारा स्थित इस घर पर पहुंची। इस घर में संदीप घोष के ससुराल के लोग रहते हैं। हालांकि घर का मुख्य दरवाजा बंद था और ईडी ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया लेकिन कोई दरवाजा खोलने नहीं आया। इसके बाद ईडी ने चंदननगर से बैद्यबटी का रुख किया। वहां कुनाल राय के घर पर भी ईडी की टीम तलाशी अभियान चलाया।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितता का मामला

लखनऊ में शुक्रवार को श्याम खाटू मंदिर में श्याम बाबा की पूजा करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

इस महीने के अंत में लांच होगा यू-विन पोर्टल

तीन करोड़ गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य होगा रिकॉर्ड

स्वास्थ्य के क्षेत्र में परिवर्तनकारी होगा बदलाव : डॉ वीके पॉल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने कहा कि इस महीने के अंत में यू-विन पोर्टल लॉन्च किया जाएगा। यह पोर्टल सालाना 3 करोड़ से अधिक गर्भवती महिलाओं और लगभग 2.7 करोड़ बच्चों के टीकाकरण, दवाओं का स्थायी डिजिटल रिकॉर्ड रखेगा। नई दिल्ली में स्वास्थ्य देखभाल तक सार्वभौमिक पहुंचः डिजिटल समाधान विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए अपूर्व चंद्रा ने कहा कि कोविन और आरोग्य सेतु ऐप के माध्यम से देश भर में 220 करोड़ से अधिक टीकाकरण किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सरकार की प्रमुख योजना आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के माध्यम से उसी मॉडल को दोहराना चाहती है। उन्होंने कि टेलीमेडिसिन, टेलीमानस, ईरक्तकोश आदि जैसे विभिन्न खंडों में पहले से ही कई पोर्टल काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में इन सब अलग -अलग पोर्टल को एक ही पोर्टल में संयोजित करने पर काम किया जा रहा है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वास्थ्य दावा एक्सचेंज लाने में

on
Healthcare: D ital S

प्रगति का उल्लेख किया जो अधिक पारदर्शिता को बढ़ावा देगा और बीमा दावों की प्रक्रिया को आसान बनाएगा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में चल रहे काम पर भी चर्चा की। इस मौके पर नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ वी के पॉल ने कहा कि भारत में स्वास्थ्य क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलाव हो रहे हैं। डॉ. पॉल ने डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों को अपनाने के लिए पांच प्रमुख सिद्धांतों को रेखांकित किया जिसमें डिजिटल प्रौद्योगिकियों का उपयोग और संतृप्ति के लिए उनका मापन, रोबोटिक्स, एआई आदि जैसी नई तकनीकों का निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लाभार्थियों को साइबर धोखाधड़ी से बचाने पर ध्यान देते हुए समावेशिता, मानवाधिकारों की सुरक्षा और आगे लोकतंत्रीकरण को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल समाधानों से जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि होनी चाहिए, खुशहाली को अपनाना चाहिए, पारंपरिक ज्ञान को शामिल करना चाहिए और हमारे स्वास्थ्य देखभाल कार्यों में तेजी लानी चाहिए।

प्रकाशित
झारखंड अधिविध परिषद्, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-X की बोर्ड परीक्षा-2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय एवं विषयनिष्ठ प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0, राँची द्वारा
Verma's®
वर्मा गेस®
CLASS - X
2025
मूल्य ₹290 मात्र
JCERT द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम पर पूर्णतः आधारित
बहुविकल्पीय एवं विषयनिष्ठ प्रश्नोत्तर
बोर्ड परीक्षा के लिए
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
Hindi, English, Mathematics, Science, Social Science and Sanskrit
All Subjects Combined in ONE BOOK

असर्फी हॉस्पिटल, धनबाद
धनबाद फर्स्ट
हरेन्द्र सिंह
हार्ट अटैक कभी बोल कर नहीं आता !
सीने के दर्द को गैस न समझे।
असर्फी हॉस्पीटल में कराएं एंजियोग्राफी मात्र. @Rs 7,999/- में।
ऑफर 1 सितंबर से 30 सितंबर 2024 तक मान्य
*T&C
7808368888/7544042333 www.asarfihospital.com Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad 828130

महर्षि हरिराम शरण शास्त्री शैक्षणिक एवं सामाजिक न्यास
MAHARSHI HARIRAM SHARAN SHASTRI EDUCATIONAL & SOCIAL TRUST
12A, 80G, CSR, NITI AYOG, E-ANUDAN
We Run Educational Institute
SCIENCE 1999
Media& IT Courses
CIITM®
A Leading IT & Media Institute
Chhotanagpur Institute of Information Technology & Management
AICTE APPROVED
: mhsstrust@gmail.com ; directorciitm9141@gmail.com : www.ciitm.in ; www.mhsstrust.org
हरि मंदिर रोड, हीरापुर, धनबाद। : 9431914887, 9905186177